


वर्ष : 2 अंक: 185 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शुक्रवार, 26 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

संक्षिप्त समाचार

## पीएम मोदी ने मन्नथु पद्मनाभन जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री मन्नथु पद्मनाभन जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा, 'श्री मन्नथु पद्मनाभन जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम समाज कल्याण और युवा सशक्तीकरण में उनके लंबे समय तक दिए गए योगदान का भी स्मरण करते हैं। उनके उच्च विचार अनेक लोगों को लगातार प्रेरित कर रहे हैं।

## डीजीएमओ ने हॉटलाइन संपर्क के स्थापित तंत्र के बारे में किया विचार-विमर्श

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियानों के महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने हॉटलाइन संपर्क के स्थापित तंत्र के बारे में विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने नियंत्रण रेखा और अन्य सभी क्षेत्रों में एक खुले, स्पष्ट और सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्थिति की समीक्षा की। दोनों देशों की सीमाओं के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभदायक और स्थायी शांति अर्जित करने के हित में दोनों डीजीएमओ एक-दूसरे के उन प्रमुख मुद्दों और चिंताओं के बारे में चर्चा करने पर सहमत हुए जिनमें शांति को भंग करने और हिंसा को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति है। दोनों पक्षों ने सभी अनुबंधों और समझौतों का कड़ाई से पालन करने और 24/25 फरवरी 2021 की मध्यरात्रि से नियंत्रण रेखा और अन्य सभी क्षेत्रों में युद्धविराम का पालन करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने यह दोहराया कि हार्डलाइन संपर्क के मौजूदा तंत्र और सीमा पर फ्लैग बैठकों का किसी अप्रत्याशित स्थिति या गलतफहमी का समाधान करने में उपयोग किया जाएगा।

## भारत ने बांग्लादेश को 8000 गांठ रुई रेल से की निर्यात

जैतो। कपड़ा मंत्रालय के उपक्रम भारतीय कपास निगम लिमिटेड सीसीआई ने पहली बार 8000 गांठ रुई बांग्लादेश को रेल द्वारा निर्यात की है। यह रुई गांठ ओडिशा के कालीहाडी जिले के जूनागढ़ स्टेशन से बांग्लादेश के लिए भेजी गई है। रुई कारोबारियों का कहना है कि रेल द्वारा यह निर्यात एक अच्छा कदम होगा। सूत्रों के अनुसार सीसीआई चालू कपास सीजन दौरान विभिन्न देशों को लगभग 10 लाख गांठ का निर्यात कर सकती हैं। वहीं, सरकारी सूत्रों ने बताया कि सीसीआई ने 22 फरवरी तक देश में 91,68,064 लाख गांठ कपास न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी है।

## चीन के दबाव में झुक गए पीएम मोदीः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेभारत-चीन के बीच जारी डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला कर एक खबर शेयर की है। खबर के मुताबिक भारत सरकार ने चीन के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पस्तावों को केस टू केस बेसिस पर मंजूरी देनी शुरू कर दी है। इसके साथ खबर में बताया गया है, कि ये फिलहाल बहुत सीमित है और छोटे मामलों को ही मंजूरी दी जा रही है। खबर को शेयर कर राहुल गांधी ने ट्वीट किया, चीन अब समझ गया है, कि पीएम मोदी उनके दबाव में झुक गए हैं। वहां अब जानते हैं कि उन्हें पीएम मोदी से जो चाहिए वहां उन्हें अब मिल जाएगा। यब पहला मौका नहीं जब राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा हो।

## शांतनु मुलुक की गिरफ्तारी पर लगाई आठ मार्च तक रोक

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने किसानों के आंदोलन से संबंधित टूलकिट सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी शांतनु मुलुक को गिरफ्तारी से नौ मार्च तक के लिए राहत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने कार्यकर्ता को गिरफ्तारी से उस वक्त राहत दी, जब दिल्ली पुलिस ने कहा कि उस मुलुक की अंतरिम जमानत याचिका पर विस्तार से जवाब दाखिल करने के लिए पूछताछ के वास्ते और वक्त चाहिए। इस पर न्यायाधीश ने पुलिस को मुलुक के खिलाफ नौ मार्च तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई नौ मार्च को होगी। मुलुक, दिशा रवि और निकिता जैकब के खिलाफ राजद्रोह और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

## सोनार बांग्ला कैंपेन दो करोड़ लोगों से संपर्क साधेगी बीजेपी: जेपी नड्डा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने सोनार बांग्ला कैंपेन लॉन्च किया है। इसके तहत पार्टी राज्य में अपने मेनिफेस्टो के लिए 2 करोड़ लोगों तक जाएगी और उनसे सुझाव मांगेगी। बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने कोलकाता में इस कैंपेन को लॉन्च किया। इस दौरान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे। कैंपेन की लॉन्चिंग के बाद जेपी नड्डा ने कहा कि हम 'सोनार बांग्ला' के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिमचंद्र चटर्जी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, श्यामाप्रसाद मुखर्जी और ईश्वर चंद्र विद्यासागर की महान परंपरा वाले बंगाल को उसका गौरव वापस दिलाएंगे।

जेपी नड्डा ने कहा कि हम राज्य के 2 करोड़ लोगों तक अपने कैंपेन को लेकर जाएंगे और मेनिफेस्टो को लेकर उनसे सुझाव मांगेंगे। हम पूरे राज्य में करीब 30,000 सुझाव पेटिका रखेंगे। प्रदेश की 294 विधानसभा सीटों में से प्रत्येक में करीब 100 बक्से रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि 50 बक्से लेकर हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे, जबकि 50 बक्सों को शहरों के मुख्य स्थानों पर रखा जा सकेगा। इनमें लोग हमारे मेनिफेस्टो को लेकर अपने सुझाव दे सकेंगे। इन्हें ध्यान में रखते हुए ही हम प्रदेश के लिए अपना मेनिफेस्टो तैयार करेंगे। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान पार्टी की ओर से पूरे सूबे में 3 से 20 मार्च तक चलेगा। हर विधानसभा सीट को इस कैंपेन के तहत कवर किया जाएगा।

जेपी नड्डा के कैंपेन लॉन्च करने से पहले अभिनेत्री पायल सरकार ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया। कोलकाता में जन्मीं पायल सरकार ने बंगाली फिल्मों और हिंदी टीवी में काम किया है। उन्होंने दर्जनों बंगाली फिल्मों में काम किया है और कई वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं। बुधवार शाम को ही क्रिकेटर अशोक डिंडा भी बीजेपी में शामिल हो गए थे।

## राकेश टिकैत के ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर संसद कूच के आह्वान से संयुक्त मोर्चा ने किनारा किया

**चंडीगढ़।** भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत और संयुक्त मोर्चा के बयानों के बीच एक बार फिर आगरा की महापंचायत में विरेधाभास दिखाई दिया जहां राकेश टिकैत ने यहां एक बार फिर से संसद कूच का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि कानून वापस नहीं हुए तो अबकी बार हल क्रांति होगी और किसान संसद में जाकर ट्रैक्टर चलाएंगे। दूसरी तरफ संयुक्त मोर्चा ने टिकैत के इस बयान से किनारा कर लिया। कुंडली बॉर्डर पर संयुक्त मोर्चा की 7 सदस्यों वाली कोर कमेटी और 2 निमंत्रित सदस्यों की बैठक हुई। इसमें भी टिकैत के बयान को लेकर चर्चा हुई। इस पर कुछ सदस्य नाराज दिखे। बैठक के बाद मोर्चे ने कहा कि यह राकेश टिकैत का निजी बयान है। संसद कूच का मोर्चा का कोई कार्यक्रम नहीं है। बैठक में 28 को होने वाली मोर्चे की बैठक के लिए तैयारी की गई। बता दें कि टिकैत ने कहा था कि वो संसद में जाकर ट्रैक्टर चलाएंगे, अगर उन्हें जेल भी ले जाएंगे तो वहां जो पार्क हैं, उनमें गेहूं-मक्के की बिजाई करेंगे।



टिकैत ने इसके साथ ये भी का था कि मुझे पता है कि इसके बाद मुझे 12-13 साल तिहाड़ जेल में रहना पड़ेगा, लेकिन किसान तो आजाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि तारीख मैं नहीं बताऊंगा, तारीख संयुक्त मोर्चा तय करेगा। टिकैत के इस बयान पर अब संयुक्त मोर्चा ने किनारा करते हुए कहा कि यह टिकैत का निजी बयान है। किसानों ने राष्ट्रपति को पत्र लिख जेल में बंद किसानों के खिलाफ दर्ज मामले खारिज करने और उन्हें बिना शर्त तुरंत रिहा करने की मांग की है। इसके साथ ही दिल्ली की सीमाओं पर किसान मोर्चे की पुलिस घेराबंदी के नाम पर, आम आदमी की बंद सड़कों को खोले जाने की भी मांग की। किसानों और उनके संघर्ष के समर्थक व्यक्तियों व संगठनों के खिलाफ दर्ज पुलिस मामले भी खारिज किए जाएं।

## सैनिकों का पीछे हटना भारत और चीन दोनों देशों के लिए है अच्छा: थल सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे ने कहा कि पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे से भारत और चीन की सेनाओं के पीछे हटने से अंतिम परिणाम बहुत अच्छा रहा और दोनों पक्षों के लिए यह लाभकारी स्थिति है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में अन्य लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भी रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि लद्दाख गतिरोध के दौरान चीन और पाकिस्तान के बीच साठगांठ के कोई संकेत नहीं मिले लेकिन भारत ने केवल दो को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि ढाई मोर्चे के लिए दूरगामी योजना बना रखी है। वह आधे मोर्चे का हवाला आंतरिक सुरक्षा के लिए दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गतिरोध की शुरूआत से ही भारत की तरफ से सभी पक्षों ने मिलकर काम किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्तर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने चीनी समकक्षों से वार्ता की। नरवणे ने 'विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा, 'हम सब साथ हैं। हमने वह योजना तैयार की जिस पर हमने चर्चा की थी कि इसे कैसे आगे बढ़ना चाहिए। जो भी योजना बनायी गयी थी, उसके नतीजे मिले हैं। अब तक हमने जो भी हासिल किया वह बहुत अच्छा है। थल सेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की सलाह भी बहुत महत्वपूर्ण रही और रणनीतिक स्तर पर उनके दृष्टिकोण से हमें अपने कदम उठाने में निश्चित तौर पर मदद मिली। देशों की सेनाओं ने ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे से सैनिकों और हथियारों को पीछे ले जाने की प्रक्रिया संपन्न की। नरवणे ने कहा कि पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में देपसांग इलाके में, उत्तरी सीमा से लगे अन्य क्षेत्रों में कुछ मुद्दे बाकी हैं। उन्होंने कहा लेकिन उसके लिए हमारे पास रणनीति है।



सिसिली में माउंट इटना ज्वालामुखी से उठता हुआ लावा।

## स्वदेशी कलपुर्जों का इस्तेमाल नहीं बढ़ाया तो आयात पर कस्टम ड्यूटी बढ़ेगी

### केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी का ऑटो कंपनियों को अल्टमेटम



**नई दिल्ली।** ऑटो सेक्टर में स्वदेशी कलपुर्जों के इस्तेमाल को लेकर सरकार ने अपना रुख सख्त कर लिया है। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगर ऑटो कंपनियां स्वदेशी कलपुर्जों को बढ़ावा देने लिए गंभीरता नहीं दिखाती हैं तो सरकार इनके आयात पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा देगी। उन्होंने कहा कि ऑटो कंपनियों को आयात बंद करना चाहिए और घरेलू कंपनियों को कम लागत पर आयात का विकल्प विकसित करना चाहिए। गडकरी ने कहा, 'मैं ऑटो मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का अनुरोध कर रहा हूं। अन्यथा हमें ऑटो पार्ट्स के आयात पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने पर विचार करना होगा। इसलिए इंडस्ट्री के पास यह मेक इन इंडिया मूवमेंट को सपोर्ट करने का समय है।'

केंद्र पहले ही ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स के आयात पर बेसिक कस्टम ड्यूटी बढ़ा चुका है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घरेलू उद्योग को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रिकल्स, ग्लास और इंजन कंपोनेंट्स जैसे कई ऑटो पार्ट्स पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया था। पहले इन पर इंपोर्ट ड्यूटी 7.5 फीसदी से 10 फीसदी थी। गडकरी ने कहा, 'कंपोनेंट्स सेक्टर की मजबूत क्षमताओं के कारण ही भारत में वाहन उद्योग करीब 70 फीसदी लोकलाइजेशन हासिल करने में कामयाब रहा है। मैं वाहन और कलपुर्जे बनानी वाली कंपनियों से अनुरोध करता हूं कि ज्यादा से ज्यादा घरेलू कलपुर्जों का इस्तेमाल करें। मैं 100 फीसदी स्वदेशी कलपुर्जों के इस्तेमाल की उम्मीद करता हूं। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को सपोर्ट करने के लिए सरकार वीकल स्क्रैपेज पॉलिसी को अंतिम रूप दे रही है। साथ ही स्टील जैसे कच्चे माल की कमी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।'

## राहुल गांधी देश को बांटने का काम कर रही कांग्रेस: रविशंकर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल में दिए बयान पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और इसे भारतीयों को अपमान व देश में विभेद पैदा करने वाला करार दिया है। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, स्मृति ईरानी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ समेत कई बड़े नेताओं ने राहुल गांधी व कांग्रेस को आड़े हाथ लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक सवाल के जबाब में रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि राहुल गांधी के बयान से सवाल उठता है कि एक राष्ट्रीय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष कितने जिम्मेदार हैं इसका उदाहरण केरल में दिए गए उनके बयान से होता है। वहीं, प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि भारतीयों का अपमान करना उनका पसंदीदा शगल है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से चर्चा करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि भाजपा नेता इस बारे में पहले ही अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं और सोशल मीडिया पर भी कांग्रेस को जवाब मिल रहा है। वहीं, रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कैबिनेट संबंधी सम्मेलन में वह सामान्यतः राजनीतिक



सवालों से परहेज करते हैं, लेकिन यह सवाल ऐसा है कि वे उसका जवाब देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब पूर्वोत्तर जाते हैं तो कहते हैं कि ताजी हवा में आ गया। जब दक्षिण जाते हैं तो कहते हैं कि केरल का माहौल उत्तर से अलग है। क्या आप इस तरह से देश के माहौल में विभेद करेंगे। इससे आप कितनी जिम्मेदारी का परिचय दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता जिस उत्तर भारत पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उनकी मां सोनिया गांधी वहीं से सांसद हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर विभाजनकारी राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी मानसिकता ने ही देश की सुरक्षा के सामने संकट खड़ा किया है।

## बिजली में परिवर्तित करके छोटे घरेलू उपकरणों और वाहनों को विद्युत शक्ति प्रदान कर सकती है: वैज्ञानिकों

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने एक नई शीशा मुक्त सामग्री का पता लगाया है जो कचरे की ऊर्जा को कुशलतापूर्वक विद्युत में परिवर्तित करके छोटे घरेलू उपकरणों और वाहनों को विद्युत शक्ति प्रदान कर सकती है। जब सामग्री का एक सिरा दूसरे सिरे को ठंडा रखते हुए गर्म किया जाता है तो थर्मोइलेक्ट्रिक ऊर्जा के रूपांतरण से विद्युत वोल्टेज उत्पन्न होती है।

इस वैज्ञानिक सिद्धांत को अनुभव करते हुए इस कुशल सामग्री की खोज ने वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य प्रस्तुत किया है। इस एक सामग्री में दिखाई दे रहे तीन विभिन्न गुणों - धातुओं की उच्च विद्युत चालकता, अर्धचालक की उच्च थर्मोइलेक्ट्रिक संवेदनशीलता और शीशे की कम तापीय चालकता का समावेश है। अभी तक वैज्ञानिकों द्वारा उपयोग की जा रही सबसे निपुण थर्मोइलेक्ट्रिक सामग्रियों के रूप में शीशे का एक प्रमुख घटक के रूप में उपयोग किया है, जिससे बड़े वृद्द व्यापर अनुप्रयोगों में उनका उपयोग प्रतिबंधित रहा।

भारत सरकार के वैज्ञानिक और प्रद्योगिकी विभाग के स्वायत्तशासी संस्थान जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (जेएनसीएएसआर), बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने प्रोफेसर कनिष्क विश्वास के नेतृत्व में कैडमियम डोप्ड सिल्वर एंटिमनी टेल्यूराइड (एजीएसबीटीई2) की पहचान की है जो कचरे की ऊर्जा से विद्युत के प्रभाव को अपने अंदर से निपुणतापूर्वक प्रवाहित कर सकती है।

इससे थर्मोइलेक्ट्रिक पहेली में एक प्रतिमान बदलाव हुआ है। वैज्ञानिकों ने साइंस पत्रिका में इस बड़ी सफलता की जानकारी दी है। प्रो. कनिष्क बिस्वास और उनके साथियों के समूह ने सिल्वर एंटिमोनी टेल्यूराइड को कैडमियम (सीडी) के साथ डोप्ड किया और नैनोमीटर स्केल में परमाणुओं के परिणामी क्रमों को देखने के लिए एक उन्नत इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी तकनीक का उपयोग किया। नैनोमीटर-स्केल परमाणु ऑर्डरिंग स्कैटनर्स फोनोन्स एक ठोस में उष्मा को आगे ले जाते हैं और इस सामग्री में इलेक्ट्रॉनिक अवस्था को डेलोकेलाइजिंग करते हुए विद्युत प्रवाह को आगे बढ़ाते हैं।

## पुदुचेरी संतों, विद्वानों, कवियों तथा क्रांतिकारियों का घर रहा है: मोदी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कराईकल जिला तथा कराईकल नए परिसर-फेज 1 में मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग को कवर करने वाले चार लेन के एनएच 45-ए मार्ग की आधारशिला रखी। उन्होंने पुदुचेरी में सागरमाला योजना के अंतर्गत छोटे बंदरगाह विकास कार्य के लिए आधारशिला रखी। उन्होंने सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, इंदिरा गांधी खेल परिसर, पुदुचेरी की भी आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने पुदुचेरी में जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जिपमर) में ब्लड सेंटर तथा लॉजपेट, पुदुचेरी में 100 बिस्तर के गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। उन्होंने फिर से बनाई गई हेरिटेज मैरी बिल्डिंग का भी उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि पुदुचेरी की भूमि संतों, विद्वानों, कवियों तथा महाकवि सुब्रह्मण्य भारती तथा अरबिंदो जैसे क्रांतिकारियों का घर रहा है। उन्होंने विविधता के प्रतीक के रूप में पुदुचेरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के लोग विभिन्न भाषाएं बोलते हैं, अलग-अलग तरह से उपासना करते हैं लेकिन एक होकर रहते हैं।



प्रधानमंत्री ने फिर से बनाई गई मैरी बिल्डिंग का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह बिल्डिंग समुद्री किनारे की सुन्दरता में जुड़ेगी और अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि एनएच 45-ए का चार लेन मार्ग कराईकल जिला को कवर करेगा और पवित्र शनिश्वरन मंदिर से कनेक्टिविटी में सुधार होगा और एक-दूसरे राज्य के लोगों के लिए बेसिलिका ऑफ अवर लेडी ऑफ गुड हेल्थ तथा नागोर दरगाह से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण तथा तटीय कनेक्टिविटी में सुधार के अनेक प्रयास किए हैं और कृषि क्षेत्र इसका लाभ उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह दायित्व है कि वह किसानों के उत्पाद समय से अच्छे बाजार में पहुंचाना सुनिश्चित करे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अच्छी सड़कें मदद देंगी। उन्होंने कहा कि 4 लेन की सड़क इस क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को तेज बनाएगी और स्थानीय युवा के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने पिछले 7 वर्षों में फिटनेस तथा वेलनेस में सुधार के अनेक प्रयास किए हैं क्योंकि आर्थिक समृद्धि का निकट से अच्छे स्वास्थ्य के साथ संबंध है। इस संदर्भ में उन्होंने खेलो इंडिया योजना के हिस्से के रूप में खेल परिसर में 400 मीटर के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के लिए आधारशिला रखी। इससे भारत के युवाओं में खेल प्रतिभा फले-फूलेगी। उन्होंने कहा कि पुदुचेरी में अच्छी खेल सुविधाओं के आने से इस राज्य के युवा राष्ट्रीय तथा वैश्विक खेल स्पर्धाओं में शामिल होकर अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि लॉजपेट में लड़कियों के लिए 100 बिस्तर के हॉस्टल में हॉकी, वॉलीबॉल, भारोतोलन, कबड्डी, तथा हैंडबॉल खिलाड़ी रहेंगी और उन्हें एसएआई कोच के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा।





# जुमार्ना और परेशानियों से बचने के लिए आम जनता यातायात नियमों का पालन करें: सुरेंद्र चौधरी, IPS

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

नईदिल्ली।ट्रैफिक पुलिस दक्षिणी रेंज ने रेंज की सड़क के किनारे अनुचित तरीके से पार्क किए गए वाहनों और रेहड़ी, रिक्शा, विक्रेताओं आदि जैसे अन्य अस्थायी अतिक्रमण के कारण यातायात की भीड़ को दूर करने के लिए अनूठा प्रयास एक निरन्तर अभियान के रूप मे आरम्भ किया और रेंज के अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की पहचान की रेंज के उपायुक्त पुलिस( यातायात ) सुरेंद्र चौधरी ( आई०पी० एस०) की देखरेख मे 24/02/2021 को सुबह 11.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक अनुचित पार्किंग के लिए कुल 122 चालान मौके पर जारी किए गए और मोबाइल ऐप के माध्यम से 323 वीओसीए नोटिस जारी किए गए, महरौली में 100 फुटा रोड से ट्रैफिक क्रेन द्वारा 14 वाहनों को उठाया गया। इसी तरह, मौके पर 228 ई-चालान, श्डउअ (मोबाइल एप्लिकेशन) के माध्यम से 110 नोटिस, और 33 वाहनों को दक्षिण पूर्व जिले में रविदास मार्ग से ट्रैफिक क्रेन द्वारा हटा दिया गया। इसके अलावा दक्षिणी रेंज के प्रत्येक सर्कल में विशेष अभियान भी चलाए जा रहे हैं । वर्तमान वर्ष के दौरान 23.02.2021 तक कुल 47743 वाहनों पर सड़कों पर अनुचित / अवरोधक पार्किंग के लिए मुकदमा चलाया गया है, जिसमें से 9785 अनुचित रूप से पार्क किए गए वाहनों को दक्षिणी रेंज में क्रेन द्वारा हटा दिया गया और 80103 नोटिस वीओसीए के माध्यम से जारी किए गए हैं। अनुचित रूप से पार्क किए गए वाहनों के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों और विनियमों को सख्ती से लागू कर रही है। अब दक्षिणी रेंज यानी रिंग रोड, आउटर रिंग रोड, मथुरा रोड, लाला लाजपत राय मार्ग, मां वानंदराय मार्ग, कैप्टन गौर मार्ग, रवि दास मार्ग, जेबी के तहत सभी महत्वपूर्ण गलियारों में भीड़भाड़ मुक्त मार्ग सुनिश्चित करने के लिए गश्त करने वाली मोटरसाइकिलें तैनात की गई हैं।

इस अभियान के बाद यातायात नियमों का पालन करने के लिए आम जनता के बीच एक प्रभावी और सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सड़क उपयोगकताओं और आम जनता ने भी यातायात पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। उपायुक्त पुलिस सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आम जनता की सुविधा के लिए और यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिणी रेंज में भविष्य में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि जुमार्ना और उत्पीड़न से बचने के लिए यातायात नियमों / विनियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# हिन्दुओ पर अत्याचार के मामले में वृद्धि: कर्मवीर

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। कर्मवीर हिन्दू संगठन मंत्री दिल्ली ने कहा की पिछले लंबे समय से दिल्ली पश्चिम बंगाल के रास्ते पर गौहत्या मन्दिरो को तोड़ना हिन्दू लड़कियों के साथ लव जेहाद की घटनाएं तो आम थी अब तो दिन दिहाड़े हिन्दुओ को घर मे घुसकर मुस्लिम जेहादियो के द्वारा जान से मार दिया जा रहा है।

आज कोई और का नम्बर है तो कल हमारा या हमारे किसी साथी का नम्बर ना आ जाएं उसके लिए हमें अपने अपने क्षेत्र में मजबूत टीम तैयार करनी पड़ेगी । जिससे हमारे परिवार बहन बेटियों की रक्षा हो सकें।अपने अपने क्षेत्रो में रविवार के दिन बैठकों का क्रम बनाएं ज्यादा से ज्यादा युवाओ को जोड़ें।

किसी भी प्रकार की राजनीति से दूर रहें। संवेदनहीन व्यक्ति सदैव ही संवेदनशील व्यक्ति का शोषण करता है। इसीलिए निष्क्रियता संवेदनहीन व्यक्तियो से सावधान रहते हुए रचनात्मक कुशल और अच्छे व्यवहारिक लोगो को अपने साथ संगठन से जोडकर हिंदुत्व के लिए आगे बढ़ते रहिये। मिलकर काम करेंगे ताकत के साथ आगे बढेंगे।

# सोशल मीडिया के लिए सरकार ने जारी किए नए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली** । ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोशल मीडिया भारत में व्यापार करे, पैसा कमाए और आर्डनरी लोगों को पॉपुलर करे, हम इसकी तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आलोचनाओं के लिए तैयार है लेकिन इसके गलत इस्तेमाल को लेकर फोरम भी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में व्हाट्सएप के 53 करोड़ यूजर्स हैं। वहीं, फेसबुक के 40 करोड़ और ट्विटर के एक करोड़ के ज्यादा यूजर्स हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए जाने वाले कंटेंट को लेकर गाइडलाइन्स बनाने को कहा था। जिसके बाद सरकार ने गाइडलाइन्स तैयार की है। उन्होंने आगे बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अफसर तैनात करने होंगे, महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट को 24 घंटे के भीतर प्लेटफॉर्म से हटाना पड़ेगा। इसके अलावा कंपनियों को हर महीने नियमों के पालन के बारे में सरकार को एक रिपोर्ट देनी पड़ेगी।

हालांकि सरकार ने सोशल मीडिया को अपना मैकेनिजम बनाने के लिए तीन महीने का समय दिया है। इसके बाद कानून लागू हो जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी नौकरियों के लिए चयन योग्यता के आधार पर हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए चयन योग्यता के आधार पर हो और अधिक अंक प्राप्त करने वालों को नजर अंदाज कर कम योग्य को नियुक्त करना संविधान का उल्लंघन होगा। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की पीठ ने टिप्पणी झारखंड उच्च न्यायालय का फैसला बरकरार रखा है। जिसमें उच्च न्यायालय ने प्रशासन द्वारा अनियमितता में सुधार पर तैयार संशोधित चयन सूची के बाद मैरिट के आधार पर 43 व्यक्तियों को पुलिस उपनिरीक्षक पद पर नियुक्ति की अनुमति दी थी। झारखंड सरकार के गृह विभाग ने वर्ष 2008 में पुलिस उपनिरीक्षक, अटेंडेंट और कंपनी कमांडर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। अंतिम प्रकाशित सूची में 382 लोगों का चयन हुआ था लेकिन बाद में राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय समिति का गठन चयन प्रक्रिया में अनियमितता की जांच करने के लिए की। असफल अभ्यार्थियों ने झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की। उच्च न्यायालय में याचिका लंबित रहने के दौरान मूल चयन सूची के आधार पर 42 उम्मीदवारों की नियुक्त कर दी गई। वहीं, झारखंड पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता वाली गठित समिति की अनुशंसा के आधार तैयार संशोधित सूची के आधार पर 43 लोगों की भी नियुक्ति की गई। उच्च न्यायालय ने पाया कि 43 याचिकाकर्ता प्रशासन द्वारा चयन में की गई अनियमितता के लिए जिम्मेदार नहीं हैं और उनके खिलाफ धोखाधड़ी आदि के आरोप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप के लिए कुछ लोगों की अर्जी खारिज कर दी जिसमें कहा गया था कि विज्ञापन से परे जाकर नियुक्त करने का अधिकार नहीं है। उच्चतम न्यायालय द्वारा पिछले हफ्ते आए फैसले में कहा गया, इसमें कोई शक नहीं है कि सरकारी नौकरी पर नियुक्ति योग्यता के आधार पर होनी चाहिए। उन व्यक्तियों को नजर अंदाज कर जिन्हें अधिक अंक प्राप्त हुए और कम योग्य व्यक्ति की नियुक्ति करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन होगा। अदालत ने 43 याचिकाकताओं को मुख्य रूप से इस आधार पर राहत दी कि उनकी नियुक्त पहले ही हो चुकी है और वे राज्य में कुछ समय से सेवा दे रहे हैं और उन्हें इस बात की सजा नहीं दी जा सकती जिसमें उनकी कोई गलती नहीं है।

### गर्मियों में राष्ट्रपति भवन से लेकर पीएम आवास तक हर जगह हो सकता है पेयजल संकट: राघव चड्ढा

नई दिल्ली। दिल्लीवालों को इस बार गर्मियों में पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली जल बोर्ड (ऊखइ) के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली में गर्मी में पानी की खपत बढ़ जाती है, लेकिन केंद्र सरकार नांगल हाइडल चैनल को बंद कर ब्यास नदी के पानी को एक महीने के लिए रोकने जा रही है। इससे दिल्ली में प्रतिदिन 232 मिलियन गैलन पानी की कमी हो जाएगी, जो दिल्ली की जल आपूर्ति का 25% हिस्सा है। चड्ढा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (इइटइ) को चिट्ठी लिखकर कहा है कि ऐसे समय में पानी को मत रोकें जिस समय दिल्ली में गर्मियां दस्तक दे चुकी होगी। उन्होंने कहा कि हम जल शक्ति मंत्री से भी कहना चाहते हैं कि वो इस समस्या पर सभी स्टेक होल्डर्स की एक मीटिंग बुलाएं। मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग 1981 और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय 10 मई 2020 के कानूनी दस्तावेजों में लिखा गया है कि दिल्ली को प्रतिदिन 232 मिलियन गैलन पानी जल आपूर्ति के लिए मिलना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार की शाखा इइटइ इसे रोकने जा रही है, जिससे दिल्ली में पानी का गंभीर संकट पैदा हो सकता है।

राघव चड्ढा ने कहा कि अगर दिल्ली में पानी की कटौती होती है तो राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, दूतावास, कोर्ट में भी पानी की समस्या हो सकती है। इससे दिल्ली में बड़ा जल संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपना कोई वाटर बॉडी नहीं है। दिल्ली को 4 स्त्रोत पर निर्भर रहना पड़ता है, जिनमें – यमुना का पानी, गंगा का पानी, रावी व्यास का पानी, ग्राउंड का पानी शामिल है। इसमें से एक सोर्स व्यास नदी का पानी। दिल्ली की कुल सप्लाई का 25 फीसदी होता है।

# सिविल डिफेंस पर डॉ एम पी सिंह के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

» हृदयेश कुमार



फरीदाबाद ।उपमंडल अधिकारी नागरिक जितेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में कंपनी कमांडर अनिल कुमार के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरीदाबाद में सिविल डिफेंस पर डॉ एम पी सिंह के द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम रखा गया, जिसमें चीफ वार्डन सिविल डिफेंस डॉ एमपी सिंह ने कहा कि सिविल डिफेंस की स्थापना 1962 में की गई थी जब चीन के साथ युद्ध चल रहा था। 1968 में सिविल डिफेंस एक्ट आया डॉ एमपी सिंह ने बताया कि वह समय बमबारी का था जिस से बचाव के लिए तथा आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए सिविल डिफेंस का गठन किया गया था जो कि पुलिस के साथ मिलकर कार्य करती थी लेकिन अब सिनेरियो बदल गया है अब रेवेन्यू विभाग तथा नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के साथ मिलकर सिविल डिफेंस कार्य करती है सिविल डिफेंस में चीफ वार्डन डिप्टी चीफ वार्डन डिविजनल वार्डन सेक्टर वार्डन पोस्ट वार्डन और वार्डन पदों की नियुक्तियां की जाती है तथा हर सेक्टर और हर कॉलोनी में टीम गठित की जाती है ताकि आपदा आने पर आपातकालीन स्थितियों से निपटा जा सके डॉ एमपी सिंह ने कहा कि आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है ताकि आग लगने की स्थिति में आग पर आसानी से काबू पाया जा सके और भूकंप आने की स्थिति में भूकंप से पहले भूकंप के दौरान और भूकंप के बाद क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए पर पूर्वाभ्यास भी कराया जाता है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद ने डॉ एमपी सिंह का धन्यवाद किया और आश्वस्त किया कि हम आपदा प्रबंधन व सिविल डिफेंस की टीम का गठन अपने विद्यालय में अति शीघ्र करेंगे इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य सुनील कुमार रेनू चौधरी प्राध्यापक अंग्रेजी, बीना पोसवाल प्राध्यापक हिंदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में नौवीं से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भाग लिया ।

# रेलवे का बड़ा फैसला, यूटीएस मोबाइल एप से बुक होगी जनरल टिकट



**नई दिल्ली**। पिछले दिनों में रेलवे ने अहम फैसला लेकर कई जगहों पर जनरल टिकट पर भी रेल यात्रा की शुरूआत कर दी है, लेकिन यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि सिर्फ बुकिंग काउंटर से टिकट मिल रहा था।इसके बाद गुरुवार को रेलवे ने एक और बड़ा कदम उठाकर कहा है कि ये टिकट रेलवे के यूटीएस मोबाइल एप से भी लिए जा सकता। यानी अब आपको जनरल टिकट लेने के लिए लंबी कतार में खड़े नहीं रहना होगा, बल्कि आप अपने मोबाइल से ही जनरल टिकट बुक करा के अनारक्षित श्रेणी में यात्रा कर सकते है।

दरअसल, पिछले दिनों में यूटीएस मोबाइल एप से जनरल टिकट नहीं मिल रहा था। जनरल टिकट सिर्फ टिकट काउंटर से ही मिल रहा था, जिसके चलते लोगों को लंबी लाइनें लगानी पड़ रही थीं। अब यूटीएस से अनारक्षित टिकट बुक करने की व्यवस्था फिर से शुरू कर दी गई है। कोरोना के बीच दिल्ली-एनसीआर में 11 महीनों बाद जनरल टिकट पर रेल यात्रा की शुरूआत तो हो गई, लेकिन दैनिक यात्रियों की दुश्वारी दूर नहीं हुई। एक तो रेलवे ने सीमित संख्या में ट्रेन चलाए हैं और उनमें एमएसटी लागू नहीं है। रेलवे के मोबाइल फोन वाले टिकटिंग एप पर भी टिकट नहीं मिल रहा है। इससे टिकट काउंटर पर लंबी भीड़ लगने लगी है। भीड़ के चक्कर में लोगों की ट्रेन भी छूट रही थी, जिसके बाद अब रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। यूटीएस ऐप के जरिए आप रेलवे लाइन से कम से कम 20 मीटर दूर रहते हुए अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यानी ऐसा नहीं होगा कि आप बिना टिकट यात्रा करें और टीटी को देखते ही टिकट बुक कर लें।

## स्टेडियम का नाम पीएम मोदी के नाम पर होने पर क्या आपत्ति हैं विरोधियों को: बाबा रामदेव

**नई दिल्ली।** बाबा रामदेव ने मोटेरा स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम करने पर प्रशंसा जाहिर कर विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में कुछ गिने-चुने खानदानों के नाम पर ही सारे एयरपोर्ट, संस्थान हैं, ऐसा क्यों है ? दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई कांग्रेसियों ने स्टेडियम का नाम बदलने पर मोदी सरकार की आलोचना की।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि सुंदर सच्चाई कैसे खुद सामने आ जाती है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अडाणी एंड, रिलायंस एंड, जय शाह की अध्यक्षता कर रहे हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट 'हम दो हमारे दो' हैशटैग के साथ किया है।

# लिटिल स्टार भौतिक रॉयल राजस्थान अवार्ड से सम्मानित



» मदरलैंड संवाददाता

जयपुर। बॉलीवुड के लिटिल स्टार भौत्तिक को वर्ष 2021 के रॉयल राजस्थान अवार्ड से सम्मानित किया गया रॉयल राजस्थान अवार्ड ज्यूरी ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में महतवपूर्ण योगदान के लिए बाल कलाकार मास्टर भौतिक को चुना गया है । शनिवार को जवाहर कला केंद्र में आयोजित भव्य समारोह में चाइल्ड आर्टिस्ट भौतिक को यह सम्मान प्रदान किया गया ।रॉयल राजस्थान अवार्ड के फाउंडर कुलवंत सिंह ने बताया की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को रॉयल राजस्थान अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में फिल्म एवं टीवी में बेहतरीन कार्य के लिए चाइल्ड आर्टिस्ट भौत्तिक का सम्मान किया ।

भौत्तिक इन दिनों अपने शो अपना टाइम भी आएगा को लेकर चर्चा में है इसमें उनका किरदार दर्शकों को बहुत पसंद आ रहा है। हर किसी का सपना होता है उसके द्वारा किये कार्य को सराहना मिले मैं इस मामले में खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हु की मुझे लाखों लोगो का प्यार मिल रहा है यह पुरस्कार उसी प्यार का परिणाम है ।

# अब प्रमोशन के लिए पुलिस डॉग को देना होगा के9 टेस्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्ध-सैन्य बलों के कैनाइन दस्तों का हिस्सा रहे पुलिस डॉग को अब वैश्विक प्रदर्शन मानकों के अनुरूप गृह मंत्रालय द्वारा विकसित के9 प्रवीणता मूल्यांकन परीक्षण के आधार पर हर साल मूल्यांकन किया जाएगा, वहीं सभी युवा कुत्तों को ह्य2019 व्यवहारह्ल के माध्यम से रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि परीक्षण के उद्देश्य से प्रवेश स्तर पर उनका पता लगाने के उद्देश्य या गश्ती कार्य या दोनों के लिए उपयुक्तता का मूल्यांकन किया जा सकता है।

गौरतलब है कि के9 प्रवीणता मूल्यांकन परीक्षण (पीईटी) और के9 व्यवहार मूल्यांकन परीक्षण (बीएटी) एमएएच पुलिस ङ9 सेल द्वारा तैयार किया गया है। एमएएच पुलिस के9 सेल के परामर्श निदेशक कर्नल पीके चुग ने बताया बीएटी में 12 उप-परीक्षण होते हैं जो एक विशेष प्रशिक्षण से पहले कुत्ते की व्यवहार / प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करते हैं।

# दिल्ली के पांच सितारा होटल में मॉडल के साथ बलात्कार, केस दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पांच सितारा होटल में एक मॉडल युवती के साथ बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। लड़की ने थाने जाकर मामले की शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। अब पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने में 22 साल की एक लड़की ने रेप की शिकायत दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लड़की की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। लड़की मॉडलिंग करती है। पुलिस को दी गई तहरीर में लड़की ने बताया कि मुम्बई से उसका एक पुराना जानकार दिल्ली आया था।

यहां आने के बाद उसने लड़की को मिलने के लिए खान मार्किट बुलाया। लड़की का आरोप है कि वो उसे वहां से एक फाइव स्टार होटल में ले गया और वहां पर उसने



लड़की के साथ गलत हरकत की। इतना ही नहीं उस आरोपी ने पीड़ित लड़की को धमकाया भी था।

इस घटना के बाद वो लड़की सीधे पुलिस के पास पहुंची और आपबीती सुनाई। जानकारी के मुताबिक लड़का अपने पिता और दूसरे रिश्तेदार के साथ दिल्ली आया था और यहां वो सबके साथ रुका था। लेकिन बाद में उसने अलग से होटल में एक कमरा बुक किया और लड़की को उस कमरे में ले गया। शिकायत के अनुसार लड़की ने बताया कि 30 जनवरी को आरोपी ने उसे मैसेज किया था और कहा था कि वो एक शादी में दिल्ली आएगा, तब वो उसे मिलेगा। फिर 20 फरवरी की सुबह 5 बजे आरोपी ने मैसेज किया और मिलने के लिए उसे अपने दोस्त के घर बुलाया लेकिन लड़की ने मना कर दिया।

फिर दोनों खान मार्किट में मिले। वहां दोनों साथ नाश्ता किया। इसके बाद आरोपी लड़की को होटल ले गया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस का कहना है कि लड़की की शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ली गई और अब इस मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता के वकील ने बताया कि 22 साल की पीड़िता ने साउथ मुम्बई के लड़के पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी लड़के को ढूंढ रही है।लड़की का मेडिकल हुआ है। और पुलिस ने उसका स्टेटमेंट भी दर्ज कर लिया है। वकील के मुताबिक आरोपी लड़के की फैमिली बड़ी है। इन दोनों की पहले जान पहचान थी।

# केजरीवाल के विधायक और निगम पार्षद ने मिलकर कल्यापुरी को कूड़ाघर बना दिया: मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले छह सालों में जो भी वादे किए थे, उसे पूरा करने में नाकाम रही है। दिल्ली को कूड़ाघर बनाने वाले अरविन्द केजरीवाल के साफ पानी देने के बड़े-बड़े वादों का क्या हुआ? आज दिल्ली की जनता नाले के पानी पीने को मजबूर है। मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक और निगम पार्षद ने मिलकर पूरे वार्ड की बदतर हालात कर दी है। भाजपा विधायक अभय वर्मा, मीडिया प्रमुख नवीन कुमार, जिला अध्यक्ष विनोद बछेती और कल्याणपुरी से भाजपा उम्मीदवार सियाराम कन्नौजिया मौजूद थे। मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली का सलाना बजट 65,000 करोड़ रुपये है, लेकिन पिछले 6 सालों में कल्यापुरी में एक पार्क तक नहीं बने। सीवर की सुविधा से वंचित, गली, सड़कों और नालियों की लचर स्थिति के साथ लोग नारकीय स्थिति में जीने को मजबूर हैं। मुफ्त बिजली की बात करने वाले केजरीवाल के पास क्या इस सवाल का जवाब है कि एक झुग्गी में रहने वालों को हजारों रुपये बिजली बिल आ रहे हैं।

मनोज तिवारी ने कहा कि महिला सुरक्षा की झूठी बाते करने वाले केजरीवाल आज महिला का उत्पीड़न करने वालों का साथ दे रहे हैं।

# देवली में आप विधायक का उद्घाटन ड्रामा: डॉ जौली

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर



नईदिल्ली।पूर्व भाजपा विधायक डॉ. विजय जौली ने देवली विधानसभा के आम आदमी पार्टी विधायक प्रकाश जारवाल द्वारा मंगल बाजार रोड, संगम विहार के आज पुनः उद्घाटन को ड्रामा व नाटक बताया। ज्ञात रहे 5 फरवरी 2017 को मंगल बाजार रोड की ट्रंक सीवर लाईन व रोड के निर्माण का कार्य उद्घाटन क्षेत्रीय देवली विधायक प्रकाश जारवाल ने किया था। इस कार्य को 8 करोड़, 88 लाख, 59 हजार 154 रू0 की लागत से 21 महीने में पूरा होना था। लेकिन 49 महीने बीत जाने के बाद भी न तो सीवर कार्य और न ही सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हुआ। अपितु आज फिर से उद्घाटन का ड्रामा व नाटक कर जनता को गुमराह करने का आरोप, भाजपा नेता डॉ. जौली ने केजरीवाल सरकार व आप पार्टी पर लगाया। डॉ. जौली ने आप पार्टी के क्षेत्रीय पोस्टर को मिडिया को प्रेषित करते हुए बताया कि वर्षो से निर्माणधीन कार्य-मंगल बाजार रोड का पुनः उद्घाटन विधायक प्रकाश जारवाल द्वारा इस तथ्य व सच को उजागर करता है, कि तीन बार 'आप' विधायक चुने जाने के बावजूद संगम विहार की मंगल बाजार रोड आज भी टूटी-फूटी पड़ी है। डॉ. जौली ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया।

# यमुना प्राधिकरण और किसान एकता संघ की बैठक

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा । यमुना प्राधिकरण में पडने वाले गांवों के किसानों की समस्याओं को लेकर चली आ रही खींचतान के बीच आज किसान एकता संघ व यमुना प्राधिकरण के बीच प्राधिकरण कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह, एसीईओ मोनिका रानी, एस ई ओ रविन्द्र सिंह, ओएसडी शैलेन्द्र भाटिया, एडीएम एल ए बलराम सिंह, प्रोजेक्ट जीएम के के सिंह, ओएस-डी मेहरा सिंह, तथा डीजीएम ए के सिंह मौजूद थे। किसान एकता संघ के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष सोरेन प्रधान महिला मोर्चा की अध्यक्ष गीता भाटी, प्रदेश सचिव जगदीश शर्मा, जतन भाटी, एडवोकेट हरेन्द्र तथा हरेन्द्र आदि थे। कोरोना काल से पहले से ही किसानों व यमुना प्राधिकरण के बीच यमुना एक्सप्रेस वे में पडने वाले गांव और वहां के किसानों के बीच भिन्न भिन्न मुद्दों पर खींचतान चली आ रही थी। जिनमें बैकलीज हो या गांव के विकास पर प्राधिकरण के ढुलमुल नीति हो या फिर प्राधिकरण द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहण के बाद 7% विकसित प्लाट किसानों को देने की बात हो, इन सभी मुद्दों पर किसानों का पारा लगातार प्राधिकरण की अस्पष्ट नीति के कारण चढता रहा है। विश्वास किया जाना चाहिये कि आज की बैठक में लिये गये फैसलों पर यदि ईमानदारी से अम्ल प्राधिकरण कर्ता है तो आये दिन होने वाले आंदोलनों से मुक्ति मिल जायेगी।

इस बैठक में महिला मोर्चा की तेजतर्रार राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी ने प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों को ढुलमुल रवैये की कडे शब्दों में निंदा की।

## दिल्ली में प्रभावित होगी जलापूर्ति, बढ़ सकती है आम लोगों की परेशानी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में करीब 25 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करने वाली नंगल हाइडल नहर को मरम्मत के लिए एक महीने तक बंद किया जा रहा है,इससे दिल्ली को अभूतपूर्व जल संकट और कानून-व्यवस्था की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। चड्ढा ने कहा कि मरम्मत कार्य को स्थगित करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा, नहर को अचानक बंद करने से ब्यास नदी से दिल्ली को प्रतिदिन होने वाली 23.2 करोड़ गैलन (एमजीडी) पानी की आपूर्ति मार्च-अप्रैल में प्रभावित होगी। यह दिल्ली में आपूर्ति होने वाले कुल पानी का 25 प्रतिशत है और इससे अभूतपूर्व जल संकट और कानून-व्यवस्था की स्थिति बन सकती है। चड्ढा ने कहा कि दिल्ली सरकार मुद्दे पर लगातार केंद्र सरकार के संपर्क में है, उम्मीद है कि यह आसन्न संकट टल जाएगा।

## खोया -पाया

मैं मानसी वर्मा पुत्री श्री राजेश वर्मा निवासी एफ- 9ए कुंद्रा लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली का दसवीं का प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट कहीं खो गया है। जिसकी शिकायत क्राइम ब्रांच दिल्ली में की गई है। जिसका एल आर नंबर 173385/2021 है। जिस किसी को उक्त प्रमाण पत्र मिले कृपया क्राइम ब्रांच दिल्ली को सूचित करने का कष्ट करें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 03
नई दिल्ली, शुक्रवार 26 फरवरी 2021

# अनुसूचित जाति के गरीब व बेरोजगार व्यक्ति ऋण लेकर करें अपना स्व रोजगार स्थापित

» शकील सैफी

मेरठ। जिला प्रबन्धक उ प्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. मेरठ मौ. मुश्ताक अहमद ने बताया कि अनुसूचित जाति के गरीब एवं बेरोजगार ऐसे व्यक्ति जो ऋण लेकर अपना स्व रोजगार स्थापित करना चाहते हैं, से ऋण आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे किन्तु पर्याप्त आवेदन पत्र प्राप्त न होने की दशा में ऋण आवेदन पत्र पुनः प्राप्त किये जा रहे है। उन्होने बताया कि पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति आनलाइन आवेदन www.upscfdc.hqup.in पर कराकर हार्डकापी आवश्यक अभिलेखों सहित या सीधे अपना आवेदन पत्र, कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) जिला प्रबन्धक, उ प्र अनुसूचित जाति एवं विकास निगम लि., विकास भवन, मेरठ में दिनांक 04 मार्च 2021 तक जमा करा सकते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के निवासी अपने विकासखण्ड के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के पास में किसी भी कार्य दिवस में जमा करा सकते हैं व अधिकतम जानकारी भी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# महिला के साथ मारपीट करने वाला व्यक्ति शांतिभंग में निरूद्ध

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने गांव सलारपुर में महिला के साथ कहासुनी होने पर महिला के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करने पर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को हिरासत में लेते हुऐ उसे शांतिभंग में निरूद्ध किया है।

सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी ने जानकारी देते हुऐ बताया कि क्षेत्र के गांव सलारपुर में जमीनी विवाद को लेकर महिला के साथ कहासुनी होने पर महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी व्यक्ति बिजेन्द्र निवासी भावनपुर जिला मेरठ हाल पता सलारपुर को हिरासत में लेते हुऐ उसे शांतिभंग में निरूद्ध किया है।

आरोपी को अग्रीम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

# ग्राम पंचायत चुनाव में आरक्षित वर्ग की महिलाओं पर नजर

» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। जैसे-जैसे प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनाव, व जिला पंचायत चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है और सीट के आरक्षण को लेकर कोतुहल की स्थिति बनी हुई है वहीं कुछ प्रधानी का जायका चख चुके प्रधान आरक्षण को लेकर नई नीति बनाने को तैयार हैं और वह ऐसी महिला की तलाश में है जो आरक्षित वर्ग में आती हो और उससे शादी कर वे उसे चुनाव मैदान में उतार दें और जीत हासिल कर फिर प्रधान की कुर्सी पर बेढ कर अपने अरमानों को जिंदा रखें ऐसे मामले प्रशासन को चुनौती दे सकते हैं और जिले में प्रदेश में लव जिहाद के मामले बढ़कर सामने आ सकते हैं। खुफिया सूत्रों के हवाले से अवगत हुआ है कि प्रधानी चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है कुछ प्रधान लगाम कस कर मैदान में हैं उनको अभी आरक्षण का डर सता रहा है और अगर आरक्षण उनकी सीट पर आ जाता है तो उनके लिए चुनाव लड़ना एक ख्वाब की तरह रह जाएगा मगर इसके विपरीत कुछ चालाक प्रधान अलग तरह से ही इस सरकार के आरक्षण को भी मात देने के लिए अलग-अलग तरह से प्लान तैयार कर रहे हैं कुछ प्लान में यह बात सामने आई है। कि कुछ लोगों ने तो ऐसे ही आरक्षित वर्ग कि महिला को तैयार कर रखा है कि अगर सीट आरक्षित हो जाती है तो उस महिला से शादी कर उसे प्रधान पद के लिए मैदान में ला सकते हैं और अगर वह महिला जीत जाती है तो वह फिर प्रधानी के पुख्ता दावेदार होकर सामने आ जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 फरवरी से स्वास्थ्य कर्मियों को द्वितीय डोज का वैक्सीनेशन : सी. एम.ओ.

मदरलैंड संवाददाता , सहारनपुर। कोविड वैक्सीनेशन के अंतर्गत जनपद के स्वास्थ्य कर्मियां को द्वितीय डोज की वैक्सीनेशन के लिए 26 फरवरी, 4 व 5 मार्च को 78 सत्र आयोजित किये जायेंगे। 26 फरवरी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 49 सत्र आयोजित होंगे। इन सत्रों में जनपद के सभी स्वास्थ्य कर्मियों दूसरी डोज के साथ वैक्सीनेशन किया जायेंगा। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एस सोढी ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि 26 फरवरी को स्वास्थ्य कर्मियों को 49 सत्र आयोजित कर द्वितीय डोज दी जायेंगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, देवबंद में 4 सत्र आयोजित होंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगोह, मुजफ्फराबाद, रामपुर मनिहारान, पुंवारका, सरसावां, सुनहेटी खड़खड़ी में 3-3 सत्र आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार मेडिकल कालेज में भी 3 सत्र आयोजित होंगे। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नागल, नकुड़, ननौता और बेहट मे 2-2 सत्र आयोजित होंगे। फतेहपुर और हरौडा केन्द्रों पर एक-एक सत्र आयोजित किया जायेंगा।

### रोजगार मेले में 141 को मिला रोजगार

मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर। क्षेत्रिय सेवायोजन कार्यालय द्वारा आनलाईन और आफलाईन रोजगार मेले में आज 141 अभ्यार्थियों का कम्पनियों ने चयन किया। रोजगार मेले में 10वी, 12वीं और स्नातक स्तर के 285 अभ्यार्थियों ने आनलाईन और आफलाईन आवेदन किया था। सहायक निदेशक सेवायोजन शिव ललित सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेले में विभिन्न व्यवसायों में काम करने वाली संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें पुखराज हेल्थ केयर,एन आई आई टी लि,रैन्डस्टैन्ड इन्डिया लिमिटेड एवं राकमैन कम्पनियां ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि अभ्यार्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर अपने को पंजीकरण कराया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले मे कुल 285 अभ्यर्थियो ने आनलाईन व आफलाईन प्रतिभाग किया जिसमे 141 अभ्यर्थियो का चयन कम्पनियो के अधिकारियो निरंजन, अनिल ,भारती, भगत सिंह, दलबीर द्वारा किया गया। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि रोजगार मेले के दौरान अभ्यर्थियो द्वारा मास्क एवं शोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रोजगार मेले मे प्रतिभग किया गया।

### अलीगढ़ में 812.50का मिलेगा सिलेंडर

मदरलैंड संवाददाता , अलीगढ़। महंगाई की मार झेल रहे लोगों को एक और झटका लगा है। रसोई गैस के दामों में आज बढ़ोतरी हुई है। तेल कंपनियों ने रसोई गैस के दाम 25 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए हैं। नोएडा में 14.2 किलो गैस सिलेंडर की नई कीमतें अब अलीगढ़ में 812.50 रुपये हो गई हैं। पहले यह सिलेंडर 787.50 का मिलता था। नई कीमतें गुरुवार से ही लागू हो गई हैं। धनश्री गैस एजेंसी के मालिक अंशुल गुप्ता ने बताया कि अलीगढ़ में भी 14.2 किलो के रसोई गैस सिलेंडर के दाम अब 812.50 रुपये हो गए हैं। यहां भी पहले इसकी कीमत 787.50 रुपये प्रति सिलेंडर थी। रसोई गैस के दाम अभी हाल में ही 50 रुपये बढ़े थे। बता दें कि इस महीने यानी फरवरी में अब तक रसोई गैस के दामों में तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। तेल कंपनियों ने 4 फरवरी और 14 फरवरी को गैस के दामों में इजाफा किया था। इसके बाद अब एक बार फिर से इसके दाम बढ़ने से आम जनता पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

# सिंभावली किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह

» मदरलैंड संवाददाता




गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसके विजेताओ को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अधिकारी व शिक्षक डॉ प्रभात कुमार के दिशा निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके विजेताओ को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरस्कृत व सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि देश की आजादी में चैरी-चैरा की घटना का विशेष महत्व है। जिसमें देश भक्त शहीदो ने अपनी जान की कुबार्नी दी थी वहीं आजादी के मतवालो ने देश भक्तों ने 22 अंग्रेज सिपाहीयों को मौत के घाट उतारकर अंग्रेजी हुकुमत से बदला लिया था। कार्यक्रम में देश की आजादी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेता छात्र-छात्राओ में प्रथम कंचन द्वितीय तनु चैहान, इलमा तृतीय खुशी व मानसी को कालिज प्राचार्य डॉ तेजवीर सिंह ने पुरूस्कृत व सम्मानित किया। इस अवसर पर कालिज के शिक्षक डॉ सुरभि, डॉ वेद प्रकाश, डॉ चारू, डॉ शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 26 वर्षीय युवक मौत

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली क्षेत्र में मेरठ मार्ग पर एक मैरिज होम के सामने गढ नगर निवासी 26 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुद्ववार की रात्रि गढ कोतवाली क्षेत्र में मेरठ मार्ग पर एक मैरिज होम के सामने गढ नगर निवासी 26 वर्षीय युवक शिवा की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हुई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आरोपी अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

# सगाई के बाद दहेज मांगनेवाले लोभियों के विरूद्व मुकदमा दर्ज

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। गढ कोतवाली में एक अधिवक्ता की तहरीर पर उसकी भतीजी की सगाई के बाद दहेज मे क्रेटा कार व पांच लाख मांगने वाले दहेज लोभीयों के विरूद्व मुकदमा दर्ज हुआ। गढ नगर निवासी एक अधिवक्ता श्रीनिवास सिंह ने अपनी भतीजी का रिश्ता गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में किया था लेकिन सगाई के बाद वह लोग दहेज मे क्रेटा कार व पांच लाख मांगने लग। जब इतना दहेज देने में असमर्थता दिखाई तो लडके वालो ने गलत कुण्डली बनवाकर लडके को मंगली बताकर रिश्ता तोडने की बात कही। इतना ही नही जब उनसे सगाई के दौरान दिये सामान व नगदी वापसी की मांग की गई तो उन्हें धमकी दी गई। पुलिस अधिकारीयों के आदेश पर दहेज लोभी 09 लोगो के विरूद्व गढ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस संबंध में गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# पैतृक संपत्ति को बेचने को लेकर बहन ने अपने भाई व अन्य के विरूद्व मुकदमा दर्ज कराया

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के हरौडा मोड पर एक पैतृ क संपत्ति को बेचने को लेकर बहन ने अपने भाई व अन्य के विरूद्व धोखाधडी करते हुऐ मारपीट करने ओर धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर रही है। थाना सिंभावली क्षेत्र के हरौडा मोड गांव खुडलिया निवासी एक महिला ने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत वाद दायर करके अपने भाई इंद्रजीत उर्फ बाली पर पैतृक संपत्ति को बेचने के प्रयास का आरोप लगाते हुऐ भाई व चार अन्य पंकज, कल्पना, देवेन्द्र निवासीगण खुडलिया उपेन्द्र निवासी भरना के थाना सिंभावली पर पांच के विरूद्व धारा 420,323 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया पीडिता बबीता के अनुसार उसकी शादी के बाद ससुरालियों से विवाद के चलते वह अपने बच्चो के साथ लाकर अपने पिता के घर आकर रह रही है। उसके भाई, भतीजे व अन्य उसकी पैतृक करौडो रुपए कीमत की संपत्ति को खुर्दबुर्द करना चाहते है। जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुऐ उसे धमकी भी दी गई है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# एसएसपी अभिषेक यादव ने जीरो ड्रग्स अभियान के अंतर्गत किया शराब गिरोह का भंडाफोड़

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। वरिष्ठपुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के नेतृत्व में जनपद मुजफ्फरनगर को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे जीरो ड्रग्स अभियान को पुलिस ने एक बार फिर गति देते हुए अवैध शराब के चार बड़े कारोबारी को गिरफ़्तार कर करोडो का माल बरामद किया है। दरअसल मुजफ्फरनगर की सिविल लाइन थाना पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए गुरुवार को रुड़की रोड से अवैध शराब का कारोबार करने वाले गिरोह के सरगना चमन लाल उर्फ सागर निवासी दिल्ली के साथ उसके तीन साथी गोविंदराम ,सतेंदर और चरणपाल को गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों की निशानदेही पर दिल्ली के मड़ौली स्थित एक अवैध रूप से अल्मूनियम के ढक्कन बनाने वाली फैक्ट्री के खुलासे के साथ साथ लगभग 8 लाख 50 हजार विभिन्न सरकारी डिस्टरली शराब मार्का के ढक्कन और 2 लाख 60 हजार अवैध शराब के रैपर भी बरामद किये है। पकडे गये अवैध शराब गिरोह के सदस्यों के अभी चार साथी दिनेश , सुरेश , जगदीश और किशोरीलाल अभी भी पुलिस की गिरफ़्त से बाहर है ,जिनकी गिरफ्तरी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

# बहनजी के लिये मन्नत मांगने माजिद सिद्दीकी पहुँचे कलियर शरीफ

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ़्फ़रनगर। बहुजन समाज पार्टी के महानगर अध्यक्ष माजिद सिद्दीकी ने 2022 चुनाव के लिए कलियर शरीफ पहुँच कर बसपा सुप्रीमो को पाँचवी बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए मन्नत माँगी।

माजिद सिद्दीकी ने दरगाह पर पहुँच कर चादर चढ़ाई व गुलरेजी की। पीरजादा दरगाह शरीफ ने माजिद सिद्दीकी को बतौर तबर्रुख चादर अता करी। और आने वाले चुनाव में बसपा की सरकार बने ऐसी दुआएँ करवाई। साथ मे मौजूद रहे सरपरस्त आमिल उर्फ गुड्डू भाई, सूफी इकरार साबरी,सभासद कलियर गुलशाद सिद्दीकी,इमरान अंसारी,छोटा भाई दानिश सिद्दीकी फैसल सिद्दीकी नईम मलिक तस्कीन खान मुस्तुफा खान व अन्य अकीदतमंद जायरीन हजरात।

# विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान

» उमाकान्त शर्मा




मुजफ्फरनगर। डी ए वी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज में उपस्थित स्वयंसेवकों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया और उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। स्वयंसेवकों ने बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर टीकाकरण, कोविड-19 से बचाव के उपाय की जानकारी चिकित्साधिकारी डॉ विक्रांत कुमार व सहयोगियों द्वारा प्रदान की गई। सुमन के-कोड के माध्यम से हाथों की सफाई उचित रूप से करने का निर्देश दिया. डॉ विक्रांत कुमार ने संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, सफाई - स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया. स्वयंसेवकों द्वारा चिकित्साधिकारी महोदय को स्पैरो हाउस भी भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक अरविंद गर्ग, प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ संगीता चौधरी, डॉ प्रतिभा चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिखा कौशिक, श्री ध्रुव यादव का विशिष्ट सहयोग रहा।

# एसडीएम के सीएससी पर औचक निरीक्षण,मचा हडकम्प

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। सामुदायिक स्वास्थय पर बुधवार दोपहर करीब बारह बजे हड़कम्प मच गया जब एसडीएम बाह औचक निरीक्षण को अस्पताल पहुंचे गये। सीएससी पर दो डाक्टर व दो कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये गये।राम भरोसे चल रही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट पर तैनात डाक्टरों व कर्मचारियों को अंदेशा भी नही था कि उपजिलाधाकारी बाह अब्दुल बासित सीएससी का औचक निरीक्षण करने भी आ सकते से बुधवार दोपहर करीब बारह बजे उपजिलाधिकारी बाह की गाड़ी देख सीएससी में भगदड मच गयी। ड्यूटी टाइम में आराम से बारह घूम रहे कर्मचारी सीएससी की ओर भागते नजर आये।उपजिलाधाकारी ने सबसे पहले स्टाफ का हाजिरी रजिस्टर मांगा जिसमें चार लोग अनुपस्थित मिले। जिनके दो डाक्टर जिनमें कपिल यादव व धवन दो कर्मचारी जिनमें रजनीकांत व आशीष अनुपस्थित मिले। जिनके खिलाफ एसडीएम ने विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये। वही उपजिलाधाकारी ने कागजीय जांच के बाद समूचे अस्पताल का मुआयना किया साफ सफाई करने के निर्देश दिये। वही प्रभारी डाक्टर विजय कुमार ने बताया दोनों डाक्टर छुट्टी पर थे कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये है।

# निर्वाचक नामवावली बनाने का काम नियत तिथि तक की जायेंगी

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन निर्वाचकरजिस्ट्रीकरणअधिकारी(पंचायत) एस.बी.सिंह ने पंचायत निर्वाचक नामावली में छूटे नाम सम्मिलित करने, संशोधन एवं विलोपन के लिए आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदन पत्रों की संवीक्षा करके नाम सम्मिलित करने, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही नामांकन के लिये नियत अन्तिम दिनांक तक की जायेगी। एस.बी.सिंह ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी पात्र व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये जाने से छूट न जाये तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हो। इसके लिए पूरी पारदर्शिता के साथ निर्वाचक नामावली में नाम शामिल और विलोपन की कार्यवाही की जाए।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत ने कहा कि कतिपय कारणों से पात्र व्यक्तियों का नाम पंचायत की निर्वाचक नामावली में छूट जाता है या त्रुटिपूर्ण होता है या अपात्र व्यक्ति का नाम सम्मिलित हो जाता है तो निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन के उपरान्त पूरक उपबन्ध आदेश के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) द्वारा निर्वाचन की नोटिस जारी किये जाने के पूर्व तक की अवधि में नाम सम्मिलित करने, संशोधन एवं विलोपन हेतु आवेदन किया जा सकता है।

# खास रूटों पर बसों पर तैनाती पर चढ़ावा चढ़ाते चालक-परिचालक

» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। जिले में कुछ खास रूटों की रोडवेज बसों में तैनाती के लिए चालकों और परिचालकों को खासा चढ़ावा देना पड़ता है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए ऑडियो से यह सच सामने आया है। रोडवेज में भी भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कुछ खास रूटों की बसों में तैनाती के लिए चालकों और परिचालकों को खासा चढ़ावा देना पड़ता है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो से यह सच सामने आया है। इस ऑडियो में चालक से नौकरी बचाने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है। वहीं,चालक अनुनय-विनय करता हुआ खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए रिश्वत की रकम कम करने की गुहार लगा रहा है। फोन पर हुई बातचीत के मुख्य अंश इस तरह हैं। सीनियर फोरमैन - हां, सत्यवीर सिहं। चालकः नमस्ते साहब जी, हां कैसे करोगे मुझे बस पर तैनात ये तो बता दो। सीनियर फोरमैनः यह तो कल पता लगेगा, क्या तुमने बाबू जी को बात बता दी। चालकः राजेश ने यह बताया कि नौकरी बचानी है तो जो साहब कह रहे वह माननी पड़ेगी।

# महा पंचायत में पहुंचे किसानों के मसीहा राकेश टिकैत

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। तहसील किरावली के मोनी बाबा आश्रम में बुधवार को किसानों की महापंचायत में वुधवार को शाम चार बजे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवम किसानों के मसीहा कहे जाने वाले राकेश टिकैत के नेतृत्व में एक महापंचायत का आयोजन हुआ। टिकैत ने महापंचायत में एक विशाल जन समूह को सम्बोधित किया किसानों पर लगाये गये कृषि बिल के काले कानूनों का जमकर विरोध किया। लेकिन घण्टों इंतजार करते किसानों में कुछ किसानों में काफी हद तक नाराजी भी दिखाई दी। नाराजी का मुख्य कारण भा कि यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसानों के मसीहा का करीब चार घण्टे लेट हो जाना। आपको बता दें कि काफी दिनों से हर गांवों में किसानों से जन सम्पर्क कर महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों की लगभग करीब 50-हजार किसानों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन देखा जाये तो लक्ष्य तो पूरा नहीं हो पाया लेकिन किसान नेता राकेश टिकैत ने सभी किसान भाइयों को अपने भाषण में साफ साफ कह दिया कि भारतीय जनता पार्टी किसानों की पार्टी नही है। बल्कि ये सरकार किसान विरोधी पार्टी है राकेश टिकैत ने बताया कि अगर ये सरकार किसानों की बात नहीं मानेगी तो किसान चुप रहने वाला नही है। इधर पुलिस ने भी तहसील किरावली को छावनी में तब्दील कर दिया था। पुलिस के भी पूरे पुख्ता इंतजाम दिखाई दिये।

इस दौरान-किसान नेता अर्जुन सिंह छोंकर, डॉ के एस चाहर, दिनेश इन्दौलीया, हरिओम वर्मा, बंटी राजपूत, रणजीत चौधरी, सावित्री चाहर, सिन्धी कुरैशी, हाशिम कुरैशी, बनेसिंह पहलवान, और अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में देश प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों करेंगी प्रतिभाग



» अजय सक्सेना

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने जिला सेवायोजन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि 27 फरवरी को आयोजित होने वाले बृहद रोजगार मेले में अधिक से अधिक देश, प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों का प्रतिभाग कराया जाये। रोजगार मेले में जनपद के शिक्षित नव युवक, नव युवतियों को प्रतिष्ठित कम्पनीयों में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाये, आयोजन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायें। उन्होने कहा कि श्री देवी मेला नुमाइश पण्डाल में प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय मेगा जॉब फेयर में देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों, नियोजक सिक्सो एकचा, निशान्त समाज कल्याण फाउण्डेशन समिति चदौली, ओम इण्टरप्राइजेज, मेक आर्गनिक इण्डिया जैसी प्रतिष्ठित कम्पनीयां प्रतिभाग करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में आनेवाली कम्पनीयों में शैक्षिक योग्यता जू.हा. हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटी.आई., पॉलीटेक्निक, बी. टेक., एम.वी.ए., कम्प्यूटर दक्षता सहिता विभिन्न कैटेगरी के पद रिक्तियाँ उपलब्ध है।

# गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं विद्यालयों में मरम्मत का कार्य: जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि जिन-जिन विद्यालयों में मरम्मत का कार्य संचालित हैं, वहां मानकों का पालन कराते हुये समय से कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जायें।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 01, 02 के बच्चों एवं प्राईवेट विद्यालयों के



बच्चों की प्रतिभा के मूल्यांकन हेतु ''उडान'' अभियान के अन्तर्गत कक्षा-01, 02 के प्राइमरी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, प्राइवेट विद्यालयों के कक्षा-01, 02 के छात्र-छात्राओं के मध्य उड़ान कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता करायी जाए, जिला विद्यालय निरीक्षक कक्षा-06 के बच्चों के मध्य सरकारी, प्राइवेट विद्यालयों के मध्य प्रतियोगिता करायें, प्रतियोगिताओं में विजेता टॉप-03 वाले बच्चों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों को जिलाधिकारी आवास पर सम्मान स्वरूप स्वल्पाहार हेतु आमंत्रित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों से ज्यादा से ज्यादा 500 शब्दों में अब तक बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए क्या प्रयास किए, भविष्य की कार्य योजना बनवाकर 01 सप्ताह में प्रस्तुत की जाए, खंड विकास अधिकारी विद्यालयों में बेहतर कार्य करने वाले 10-10 शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराएं साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले 10-10 शिक्षकों की भी सूची उपलब्ध कराई जाए, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी प्रवीन कुमार राय, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. इन्द्रा सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुरहमान, पिछड़ा वर्ग अधिकारी यश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वॉलीबॉल डे नाइट प्रतियोगिता का आयोजन

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जनपद के वॉलीबॉल प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी वाली खबर सामने आई है वॉलीबॉल प्रेमी दो दिन वॉलीबॉल मैच का आनंद ले सकेंगे, कार्यक्रम संयोजक सूरज सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आवास विकास स्थित शौर्य पैलेस के सामने बने ग्रीन पार्क एलआईसी के पीछे स्वर्गीय मुनेश यादव स्मृति राज्य स्तरीय डे नाइट दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 26 व 27 फरवरी को किया जा रहा है जिसमें राज्य स्तरीय टीमे प्रतिभाग करेंगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सदर राजकुमार उर्फ राजू यादव 26 फरवरी को सुबह समय 11 बजे करेंगे। कार्यक्रम संयोजक सूरज सिंह यादव ने जनपद के फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह मैदान में पहुंचकर खेल का आनंद उठाएं।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार साक्षात्कार 3 मार्च को

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. इन्द्रा सिंह ने बताया कि उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगल लि. द्वारा संचालित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वतः रोजगार एवं टेलरिंग शॉप योजना हेतु वर्ष 2020-21 के लिए जिन लाभार्थियों ने 20.01.2021 तक आवेदन जमा किये हैं, उनका साक्षात्कार 3 मार्च 2021 को दोपहर 12 बजे कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में किया जायेगा, उक्त लाभार्थी अपने मूल प्रपत्र जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आवेदक की वार्षिक आय नगरीय क्षेत्र में रू. 56460 तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू. 46080 से अधिक न हो, आधार कार्ड, टेलरिंग अनुभव प्रमाण पत्र सहित कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### किशोरी के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। थाना छर्रा क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। वह जैसे तैसे अपने बच्चों का भरण पोषण कर रही है। बुधवार को वह अपनी बड़ी बेटी को कस्बा छर्रा में दवा दिलाने गई थी। घर पर उसकी 13 वर्षीय छोटी बेटी मौजूद थी। तभी मौका पाकर गांव के ही युवक कन्हैया व हिमांशू घर में घुस आए और उसकी पुत्री को पकड़. लिया। विरोध करने पर आरोपित कन्हैया ने उसकी पुत्री के हाथ पकड़ लिए और हिमांशू ने उसके साथ जबरन गलत काम किया। किशोरी द्वारा चीख पुकार करने पर दोनों आरोपित मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। जब वह कस्बा छर्रा से लौट कर घर पहुंची तो उसकी बेटी ने रो-रोकर सारी घटना के बारे में बताया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले में कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़िता को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। आरोपतों की तलाश की जा रही है।

### मैं बनाऊंगा अलीगढ़ को अव्वल: प्रेम रंजन



मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। एडीए के उपाध्यक्ष नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह की पहल पर नगर निगम ने अलीगढ की गंदी दीवारों में स्वच्छता का रंग भरने की मुहिम तेजी से शुरू की है। गत दिनों उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने इसकी शुरूआत नगर निगम की कान्हा गौशाला, नंदी गौशाला बरोला जफराबाद और नगला मसानी गौशाला के बाद शहर की प्रमुख सड़को, एटूजैड प्लांट को स्वच्छता के रंगों से सुंदर बनाने से की है। उपाध्यक्ष नगर आयुक्त की पहल पर नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण प्लांट एटूजैड, दीवानी कचहरी रोड के साथ-साथ श्री वार्ष्णेय, कालेज पुल, जमालपुर पुल, जेल फ्लाई ओवर रामघाट रोड, कठपुला, नुमाइश ग्राउण्ड, सेवाभवन के चारो ओर, लाल डिग्गी आदि प्रमुख सड़कों को होली से पूर्व पेटिंग बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उपाध्यक्ष नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का प्रयास अलीगढ़ की प्रमुख सड़कों को स्वच्छता के रंगों से सुंदर बनाने का है यदि इस पहल में बैनर पोस्ट, पम्पलेट आदि दीवार पर लगाकर गंदा करने का प्रयास किसी के द्वारा किया जायेगा तो उसके विरूद्ध नगर निगम अधिनियम की सुंगगत धाराओं में जुमार्ना व एफआईआर दर्ज कराये जाने की कार्यवाई की जायेगी उन्होनें बताया कि इसके लिये सहायक नगर आयुक्त राज बहादुर सिंह के नेतृत्व के क्यूकि एक्शन टीम बनायी है जो शहर की दीवारों को गंदा करने वालों पर कार्यवाई करेंगी।

# इलाज की मंडी में 'दलाल' बनी एंबुलेंस

» धर्मेन्द्र राघव

अलीगढ़। वैसे तो अच्छे इलाज के नाम पर शहर में ह्लइलाज की मंडीह्ल की तरह हॉस्पीटल खुल गए हैं। इन हॉस्पीटल में मरीजों का सौदा हो रहा है। अलीगढ़ के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज इलाज की इस मंडी में एंबुलेंस चालक दलाल बने हुए हैं। एंबुलेंस में मरीज के बैठते ही उसका सौदा हो जाता है। मरीज के तीमारदारों को जब तक समझ आता है, तब तक मरीज फंस चुका होता है। बिना ऑक्सीजन किट की खटारा एंबुलेंस से मरीजों को ले जाया जा रहा है।

मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों के बाहर ही इन डग्गामार एंबुलेंस का जमावड़ा है। जानकारी होने पर भी इन एंबुलेंस पर कार्रवाई करना तो दूर सात महीनों से आरटीओ की टीमों ने इनकी चेकिंग



तक नहीं की है। हमारे संवाददाता ने अस्पतालों में मरीज ले जा रही एंबुलेंसों की पड़ताल की तो पाया कि इनमें ऑक्सीजन सिलिंडर और स्ट्रेचर तक नहीं है। क्रिटिकल एंबुलेंस में वेंटीलेटर की सुविधा नहीं मिली। शहर में जिस तरह से झोलाछापों का जाल बिछा हुआ है। उसी तरह शहर में अवैध एंबुलेंस भी दौड़ रही हैं। यही एंबुलेंस चालक मरीजों की दलाली कर रहे हैं। मरीजों को गुमराह कर उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती करा रहे हैं। इसके ऐवज में उन्हें मरीज को भर्ती कराते ही 10 हजार रुपये का भुगतान कर दिया जाता है। ऐसे में हॉस्पीटल, मरीज का बिल 20 हजार रुपये से शुरू करते हैं। हाईवे पर कोई दुर्घटना होती है तो वहां पर प्राइवेट एंबुलेंस पहुंच जाती हैं। यह खुद घायल को एंबुलेंस में डालते हैं और उन्हें अपने सेटिंग वाले हॉस्पीटल में ले जाते हैं और अपना कमीशन लेकर निकल जाते हैं। जब तक घायल के परिजन हॉस्पीटल पहुंचते हैं, उसका बिल 30 हजार के पार होता है। घायल को लाने के ऐवज में एंबुलेंस चालक उससे या उसके परिजनों को सेवा निःशुल्क होने का झांसा देते हैं, इससे वह जाल में फंस जाते हैं। हॉस्पीटल संचालक अपना बिल बढ़ाने के लिए घायल को सीधे आइसीयू में भर्ती कर देते हैं। एक-दो दिन तक उसकी हालत को नाजुक बताया जाता है। घरवाले भी मरीज की सलामती के लिए चुपचाप बैठे रहते हैं।

# यात्रियों की कमी पर जुमार्ना से रोडवेज के चालक व परिचालक परेशान

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। कोरोना संक्रमण काल में लोग घरों से आवश्यक कार्य से ही बाहर निकल रहे हैं। वहीं यात्रियों की कमी से रोडवेज के चालक और परिचालक परेशान हैं। 60 प्रतिशत से कम आय देने वाले बसों के चालक और परिचालक से जुमार्ना वसूला जा रहा हैं। जिससे चालक और परिचालक ड्यूटी करने से कतरा रहे हैं।

60 प्रतिशत से कम आय देने वाले बस के चालकों और परिचालकों को विभाग के अधिकारी वेतन काटने की बात कह रहे हैं, जिससे कर्मचारी हैरान परेशान हैं।

कोरोना के चलते 50 प्रतिशत यात्रियों को बैठाने का निर्देश बसों को सेनेटाइज करने के साथ ही रोडवेज में सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराया जा रहा है। कोरोना के चलते बसों में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत कर दिया गया है।

जिससे यात्रियों की संख्या बसों में घट गई है। लेकिन विभाग के अधिकारी चालक और परिचालक पर पुराने मानक के अनुसार ही राजस्व के लिए दबाव डाल रहे हैं। इस सम्बंध में जब एआरएम ओम कुमार मिश्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लॉकडाउन में रोडवेज बसों का संचालन शुरू हुआ हैं। अभी यात्री काफी कम आ रहे हैं।

जिससे राजस्व पर असर पड़ रहा हैं। कर्मचारियों से अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया गया हैं।

# ऐतिहासिक चुनाव का गवाह बना-नगर निगम



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ।. नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ का निर्वाचन प्रक्रिया ऐतिहासिक रही। नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन इतिहास में नगर आयुक्त के रूप में प्रेम रंजन सिंह ने अपरान्ह में नगर निगम सेवाभवन में पहुॅचकर अपना वोट डाला।

नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर खड़े हुये संजय सक्सैना, चक्रवत्ती दत्त शर्मा, हाकिम सिंह रॉबिन केला महामंत्री मानवेन्द्र सिंह बघेल चन्द्रभान और विजय गुप्ता को भावी जीत की शुभकॉमनायें देते हुये शासन की नीति के अनुसार कर्मचारियों को एक जुट होकर सरकार की जनहित योजनाओं को जन जन तक पहुॅचाने की अपील की।

# फर्जी बिजली की लाइनमैन की टीम ने मचाया आतंक



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। दक्षिणाचंल विद्युत वितरण खण्ड़ प्रथम गूलर रोड बिजली घर पर एक डीसी टीम बनी हुई है। जिसमें रवि नामक लाइनमैन है। जिस की पोसि्ंटग खेरेश्वर बिजली घर पर है और गूलर रोड बिजली घर पर इसका किसी भी तरह का कोई रिकॉर्ड नहीं है। फिर भी यह गूलर रोड बिजली घर पर नौकरी कर रहा है। आखिर ऐसा क्यों यह लाइन मैंने है तो लाइन पर काम क्यों नहीं करता चार आदमियों की डीसी टीम बनाकर क्षेत्र में घूमता रहता है। इसमें राजकुमार खन्ना देवकरण ललित और इलाके में आतंक मचा रखा है, खुलेआम चोरी करवाते हैं, कोई अगर पैसे ना दे तो अधिकारियों को बुलाकर उसको पकड़ा देते हैं ऐसे ही एक मामले जंगल गड़ी का सामने आया यामीन नाम का चायवाला इन्हीं की कहने पर चाय का होटल चला रहा था सारे विद्युत कर्मी इसी के वह जाकर बैठते थे चाय पानी नाश्ता करते थे 1 दिन डीसी टीम ने उससे पैसे मांगे उसने देने से इंकार कर दिया तो इन्हें बुरा लगा और कहा रुक अभी तुझे बताते हैं के चोरी क्या होती है।

अधिकारियों को बुलाकर उसको पकड़वा दिया। इस टीम ने क्षेत्र में आतंक मचा रहा है समय रहते इन लोगों को इस बिजलीघर से हटाया नहीं गया तो यह सरकार को करोड़ों का चूना लगाते रहेंगे और अपनी जेब भरते रहेंगे इन को तत्काल इस बिजलीघर से हटाना चाहिए।

# फसाड इंप्रूवमेंट योजना धरातल पर ना होने पर कमिश्नर ने अधिकारियों के कसे पेच

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। फसाड इंप्रूवमेंट योजना के तहत अब तक धरातल पर कार्य आरम्भ नहीं किए जाने पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अप्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर के अच्छे बुरे वातावरण, रहन-सहन के बारे में उसके बेहतर रखरखाव एवं आकर्षण को देखकर उसके बारे में आकलन किया जा सकता है। वैसे भी अलीगढ़ शहर भारत सरकार की स्मार्ट सिटी योजना के दायरे में है और भारत सरकार द्वारा आवंटित धनराशि से विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में वर्तमान स्थिति काफी अस्त-व्यस्त हैं, जिसमें सुधार की काफी संभावनाएं हैं जिसे जनसहयोग प्राप्त कर काफी आकर्षक एवं बेहतर ढ़ंग से सजाया एवं संवारा जा सकता है।



फसाड इंप्रूवमेंट योजना के तहत मण्डलायुक्त ने सेक्टरवार अधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की जिस पर एडीएम सिटी राकेश कुमार मालपाणी ने क्षेत्र की वस्तुस्थिति, वर्तमान फोटो एवं योजना में कार्य करने के उपरान्त उसके बदले एवं निखरे स्वरूप की फोटोग्राफ्स का अवलोकन कराते हुए बताया कि वह शीघ्र ही अपने क्षेत्र में कार्य आरम्भ करा देंगे। नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार ने बताया कि वह फफाला मार्केट एवं सरार्फा बाजार में शीघ्र ही कार्य आरम्भ कराने की स्थिति में हैं, गलियां अत्यंत संकरी हैं जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि बाजार संकरा हो सकता है परन्तु अव्यवस्थित नहीं, आर्किटेक्ट की मदद से बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। सिटी मजिस्ट्रेट का साथ दे रहे एडीएम न्यायिक राकेश पटेल ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत पोल एवं तार काफी बेतरतीब अवस्था में हैं, नालियां भी कूड़े से अटी होने के कारण पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर आ जाता है जिस पर नगर निगम को ध्यान देने की आवश्यकता है।

बैठक में नगर आयुक्त प्रेम रंजन, अपर आयुक्त प्रशासन शमीम अहमद, एसडीएम कोल अनीता यादव, एस.ई. विद्युत, एस.ई. सिंचाई समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन्म प्रमाण पत्र में भी घोटाला

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) पोर्टल पर दीनदयाल अस्पताल सहित जिले के सभी निजी-सरकारी अस्पतालों के नाम से एक-एक फर्जी आईडी बनाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सन्न रह गया है। अपर निदेशक स्वास्थ्य (एडी) एसके उपाध्याय ने सीआरएस पोर्टल के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. भास्कर से रिपोर्ट तलब की है। साथ ही उन्होंने पूरे मंडल में जांच का आदेश दिया है। एडी हेल्थ ने अंदेशा जताया है कि यह घालमेल अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे मंडल में हुआ है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अलीगढ़ सहित हाथरस, कासगंज, एटा के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। इधर, अलीगढ़ में हो रही जांच के विषय में स्वास्थ्य विभाग में सिर्फ दीनदयाल बल्कि अलीगढ़ के अन्य अस्पतालों के नाम से भी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। दीनदयाल अस्पताल में कोविड काल में 247 बच्चों का जन्म होना सीआरएस पोर्टल पर दशार्या गया है, जबकि कोरोना काल के दौरान कोविड अस्पताल में तब्दील हुए दीनदयाल अस्पताल में कोई भी डिलीवरी हुई नहीं है। यह पूरा मामला ईडीएम मनोज राजपूत ने पकड़ा है। इसकी रिपोर्ट उन्होंने डीएम चंद्रभूषण सिंह मंगलवार को सौंपी थी। डीएम ने तत्काल प्रभाव से जिले के सभी अस्पतालों की सीआरएस पोर्टल पर बनी लॉग इन आईडी व पासवर्ड को निरस्त कर दिया है। अब नए सिरे से सभी अस्पतालों को पासवर्ड जारी होगा। फर्जी आईडी निरस्त कर दी गई है। सीएमओ कार्यालय में सीआरएस पोर्टल को देखने वाले संविदा कर्मी से जवाब मांगा है।

# 1801575 मतदाताओं के लिए 1375 मतदान केंद्रों में 2883 मतदेय स्थल स्थापित

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 की तैयारियों के दृष्टिगत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी देते हुए डीईओ ने बताया कि इस बार जनपद में एक ही चरण में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि यदि आप सभी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अच्छे ढंग से तैयारियां कर ली जाती हैं तो स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने में कोई बाधा नहीं आएगी।

डीएम की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मतदान कार्मिकों की श्रेणी वार आवश्यकता एवं उपलब्धता, निर्वाचन अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति, मतदान केंद्रों एवं स्थलों का भौतिक सत्यापन, संवेदनशील, अति संवेदनशील, अति संवेदनशील प्लस, मतदान केंद्रों का निर्धारण, बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत मतगणना स्थलों का चयन, रूट चार्ट तैयार कर हल्के एवं भारी वाहनों की आवश्यकता, मतदान पार्टियों के लिए स्थान का चयन एवं वापसी उपरांत स्ट्रांग रूम का चयन आदि बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बूथों पर पेयजल, विद्युत, शौचालय, दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्थाएं सुनिश्चित



कर ली जाए। सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि पंचायत सामान्य निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें पाबंद किया जाए। उन्होंने कहा कि अप्रैल तक सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं प्रशासनिक अधिकारियों को और सुरक्षा व्यवस्था पुलिस क्षेत्राधिकारियों को करनी होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर का सुचारू ढ़ंग से शीघ्र संचालन करते हुए माइक्रो लेबिल पर प्लानिंग की जाए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत विधान जायसवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 हेतु की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कित्रिस्तरीयपंचायतसामान्यनिर्वाचन-2021 के लिए तैयार की गई मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन करा दिया गया है। उन्होंने विकास खंडवार, न्याय पंचायत, मतदान केंद्र तथा मतदान स्थल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 12 विकास खंडों में 867 ग्राम पंचायतों में कुल 10973 वार्ड बनाए गये हैं, वहीं जिला पंचायत के 47 और क्षेत्र पंचायत के वार्डों की संख्या 1126 है। उन्होंने बताया कि कुल 1801575 मतदाताओं के लिए 1375 मतदान केंद्रों में 2883 मतदेय स्थलों की स्थापना की गयी है। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों का गठन 1 प्लस 3 के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने एसपी ग्रामीण को निर्देश दिये कि वह आकलन कर बता दें कि बाहर से कितनी फोर्स चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां पर बूथ बनाये गये है उनमें किसी प्रकार की सम्सया नही होनी चाहियें। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट प्लान तैयार कर लिया जाए जिससे चुनाव के समय परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों का चिन्हीकरण करते हुए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों समेत निर्वाचन की व्यवस्थाओं से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षारता जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

**बाराबंकी।** उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मंशानुरूप जनपद न्यायाधीश राधेश्याम यादव के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मातृ पित्र सदन, फेयरडील ग्रामोघोग सफेदाबाद, तहसील नवाबगंज में वृद्धों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव श्वेता चन्द्रा, पैनल अधिवक्ता संतोष शर्मा, लवकुश कनौजिया डेटा इन्ट्री आपरेटर, कलेश कुमार प्रबन्धक मातृपित्र सदन, संस्था के अन्य कर्मचारीगण, मोहित प्रजापति एवं मात्र पित्र सदन में निवास करने वाले वरिष्ठजन मौजूद थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री स्वेता चन्द्रा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर बोलते हुए माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्राविधानो पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि समाज में नैतिक मूल्यों की गिरावट के नाते वृद्ध मां बाप के प्रति उपेक्षा एवं तिरस्कार के मामले सामने आ रहे हैं। वृद्धों एवं मां बाप के अधिकारों के तथा इस अवस्था में उनकी उचित देखभाल एवं कल्याण के लिए व्यापक कानूनी उपबन्ध किये गयें है जिसमें वे अपने बच्चों, बेऔलाद होने की दशा में सम्पत्ति के प्रस्तावित उत्तराधिकारियों से भरण पोषण की मांग कर सकते हैं और प्रतिकूल दशा में वृद्धाश्रमों का आश्रय ले सकते हैं। साम्पत्तिक मामलों के अंतरण की दशा में लिखत को निरस्त कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र देकर सम्पत्ति वापस प्राप्त कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निशुल्क विधिक सहायता के उपबन्धों के विषय में विस्तार से बताया गया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# शहर में पेड पार्किंग के ठेकेदारों द्वारा पार्किंग कर्मचारियों के शोषण का आप ने किया पर्दाफाश

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ ने शहर में पेड पार्किंग ठेकेदारों द्वारा पार्किंग कर्मचारियों के आपराधिक शोषण का पदार्फाश किया है।

आप चंडीगढ़ के सह संयोजक योगेश सोनी द्वारा एक विडियो रिकॉर्ड किया गया जिसमें कर्मचारी से मजदूरी के भुगतान में अनुचित कटौती की जा रही है कि जो साफ तौर पर पार्किंग कॉन्ट्रैक्टर द्वारा कर्मचारियों के शोषण को दशार्ता है।

आप प्रदेश संयोजक प्रेम गर्ग ने कहा कि कर्मचारियों को भुगतान बैंक हस्तांतरण के बजाय नकद में देना नियमों के विरुद्ध है। सरकार के ठेकेदारों या एजेंटों द्वारा सार्वजनिक उपयोगिता की सेवाओं में लगे लोगों की मजदूरी का भुगतान केवल बैंक हस्तांतरण द्वारा किया जाना चाहिए।

यहां तक कि ठेकेदार कर्मचारियों के वेतन पर पीएफ या ईएसआई की दे राशि जमा करने से बचते दिखाई देते हैं, जो कि अवैध है और कर्मचारियों के अधिकारों का उल्लंघन भी है।

रविवार, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे सार्वजनिक छुट्टियों की भी मजदूरी से कटौती कानून के तहत दंडनीय है।

योगेश सोनी का कहना है कि प्रति माह 6 से 7 हजार की तनख्वाह का भुगतान करना इन गरीब कर्मचारियों का सरासर शोषण है, जिन्हें कानून के अनुसार न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए।

प्रेम गर्ग कहते हैं कि इन तथाकथित स्मार्ट पार्किंग में कर्मचारियों या जनता के लिए कुछ भी स्मार्ट नहीं है। उन्होंने मांग की है कि नैतिक रूप से इन गरीब कर्मचारियों के प्रमुख नियोक्ता होने के नाते, नगर निगम और प्रशासन को इन लोगों के लिए उचित वेतन सुनिश्चित करना चाहिए, और अपने कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय पर और अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करनी चाहिए।

# बाउंस बैक स्क्रिप्टिंग में फाइनेंशियल प्लानिंग की भूमिका के बारे में बताता है एचडीएफसी लाइफ का लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन

» मदरलैंड संवाददाता

सोलन। भारत के प्रमुख जीवन बीमाकताओं (लाइफ इंश्योरर्स) में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने हाल ही में अपना लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, बाउंस बैक लॉन्च किया है। किसी व्यक्ति के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए फाइनेंस महत्वपूर्ण योगदान देकर चीजों को आसान बनाता है और सफलता की ओर अग्रसर होता है। पिछला वर्ष महामारी और दुनियाभर में जीवन को प्रभावित करने वाला वर्ष था। हमें विभिन्न स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, मानवीय विचारधारा भी मजबूती से सामने आई। भारी परिस्थितियों के बावजूद लोगों ने बदलती परिस्थितियों के अनुकूल दृढ़ संकल्प के माध्यम से इन चुनौतियों पर काबू पा लिया। नए व्यवसाय शुरू होने के साथ ही देश में आर्थिक तनाव के बावजूद रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। वित्तीय तैयारियों ने इसमें एक बड़ी भूमिका निभाई है और यह उन व्यक्तियों के लिए उत्साह का विषय है, जिन्होंने प्रबल अनिश्चितताओं के बावजूद अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाया हैं। लॉन्च पर बात करते हुए, एचडीएफसी लाइफ के सीनियर ईवीपी (सेल्स) और सीएमओ, पंकज गुप्ता कहते हैं, ऱ्महामारी ने हम सभी को कठोरता से परखा है, जिससे देश-दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना गया है। इसके चलते व्यक्तिगत आत्मविश्वास में कमी आई है और वित्तीय असुरक्षा की भावना में बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय असफलताओं से स्वयं का बचाव करने के लिए जीवन बीमा का महत्व मानव इतिहास की इस अवधि के दौरान प्रबल रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समय ने हमें सिखाया है कि परिवार का महत्व और हमारे परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की कितनी आवश्यकता है। हमारा लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन मानवीय भावनाओं को उजागर करता है और वित्तीय तैयारी चुनौतियों को दूर करने में मदद करती है।

यह कभी-भी हार न मानने वाली भावना है, जिसे एचडीएफसी लाइफ द्वारा लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन में सम्मिलित किया गया है।

इसका विज्ञापन एक दंपत्ति की कहानी पर केंद्रित है, जो सफलता के शिखर पर उनके विकास की यात्रा की याद दिलाता है, जब पति अपनी नौकरी खो देने के बाद एक नए रिटेल स्टोर 'फैशन हाउस' की शुरूआत करता है। उस समय परिवार अपने सबसे निचले स्तर पर रहता है, और उनका दृढ़ संकल्प और वित्तीय तैयारी उन्हें नई उड़ान भरने में मदद करती है। इस प्रकार, ब्रांड ने एक प्रासंगिक विषय को छुआ है। यह सभी लोगों को अपनी असफलताओं को सफलता में बदलने के लिए प्रेरित करता है और वित्तीय रूप से तैयार होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर कीर्तन आयोजित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। सेक्टर 30 श्री गुरु रविदास गुरु द्वारा प्रबन्धक सभा की ओर से आज सन्त शिरोमणि श्री गुरु रविदास जयंती के मौके पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। सभा के प्रधान ओम प्रकाश चोपड़ा, उपप्रधान जीवन सिंह व महासचिव मदनलाल ने बताया कि इस नगर कीर्तन में सैकड़ों गाड़ियों के साथ हजारों संगत ने भाग लिया। श्री गुरु रविदास जी व श्री गुरु ग्रँथ साहिब की छत्रछाया में और पंज प्यारों के नेतृत्व में यह नगर कीर्तन चंडीगढ़ सेक्टर 30 से चल कर शहर के कई सेक्टरों में से गुजर कर सेक्टर 30 गुरुद्वारा साहिब में संम्पन्न हुआ। नगर कीर्तन मार्ग पर गुरु जी का गुणगान किया गया, जगह जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया व गुरु जी नमन किया गया। सबके भले के लिए गुरु जी चरणों में अरदास की गई।

### सहायक सुपरीटैंडेंट के पदों के लिए 2 मार्च को लिया जाएगा शारीरिक योग्यता टैस्टः रमन बहल

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड पंजाब द्वारा सहायक सुपरीटैंडेंट के 48 पदों के लिए शारीरिक योग्यता टैस्ट तारीख 02 मार्च 2021 दिन मंगलवार को स्पोर्टस कॉम्पलैक्स, सैक्टर-78, मोहाली में लिया जाएगा। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए बोर्ड के चेयरमैन श्री रमन बहल ने बताया कि सहायक सुपरीटैंडेंट के 48 पदों के लिए लिए जाने वाले इस शारीरिक टैस्ट के लिए 10 गुना उम्मीदवारों की सूची बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड कर दी गई है और उम्मीदवारों को निजी तौर पर भी ई-मेल के द्वारा सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शरीरिक योग्यता टैस्ट में शरीरिक माप के अलावा रस्से पर चढ़ा, दौड़ और शॉटपुट आदि के इवेंट्स भी शामिल हैं। इन टैस्टों सम्बन्धी बोर्ड की वैबसाईट पर उम्मीदवारों को सूचित कर दिया गया है। श्री बहल ने कहा कि पंजाब की कैप्टन अमरिन्दर सिंह के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के नौजवानों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार रहित तरीके से रोजगार देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने शारीरिक टैस्ट के लिए चुने गए उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के अगले पड़ाव (शारीरिक योग्यता टैस्ट) के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरणा दी है।

### हरियाणा में 26 और 27 फरवरी को बारिश के आसार, बढ़ेगी ठंड

चंडीगढ़। हरियाणा में एक बार फिर मौसम के मिजाज में परिवर्तन हो सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से मौसम एक बार फिर करवट बदल सकता है। बुधवार को आसमान पर हल्के बादल नजर आए। इस दौरान शहर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि 26 और 27 फरवरी को बारिश हो सकती है। पहाड़ों पर 24 फरवरी से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो जाएगा। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण उत्तराखंड और हिमाचल के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी भी हो सकती है। इसका असर मैदानी इलाकों में भी नजर आएगा। इस बीच शहर में 26 और 27 को बारिश हो सकती है। वहीं, चंडीगढ़ में बुधवार क अधिकतम तापमान 29 डिग्री के पास पहुंच गया। इस तरह शहर के तापमान में पांच डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, न्यूनतम तापमान 13.13 डिग्री रहा। इसमें 4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले 72 घंटों में चंडीगढ़ के अलावा पंजाब के साथ हरियाणा में भी मौसम करवट बदलेगा। विभाग के अनुसार पंजाब और हरियाणा में कोहरा दस्तक देगा, जिसकी वजह से दोनों राज्यों में ठंड भी बढ़ सकती है। कोहरे के साथ-साथ इन दोनों राज्यों में बारिश होने की भी संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा कि शनिवार को भी बारिश का मौसम बना रहेगा।

### पंजाब सरकार का बड़ा फैसला, गरीबों के लिए करेगी 25 हजार घर तैयार

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने आर्थिक रुप से कमजोर लोगों के लिए एक बड़ा फैसला किया है। सरकार अब गरीबों के लिए 25 हजार घर बनाने जा रही है। राज्य कैबिनेट ने इस नई इंडव्ल्यूएस पॉलिसी को मंजूरी भी दे दी है। इसके अलावा रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएंगी। यह फैसला राज्य के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई उपस्थिति में लिया गया है। सरकार की तरफ से जारी किए गए स्टेटमेंट के अनुसार, डेवलपर्स और अथॉरिटीज को प्रोजेक्टर एरिया का पांच फीसदी इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के लिए विकसित करना होगा। इन भवनों के साथ स्कूल, कम्युनिटी सेंटर्स और डिस्पेंसरीज जैसी सुविधाएं भी निर्मित की जाएंगी। यह बैठक सीएम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। जानकारी के मुताबिक, नए घर ब्रिक लैस तकनीक से बनाए जाएंगे। साथ ही इनके लिए योग्य प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसियों की सेवाएं ली जाएंगी। अधिकारिक बयान के मुताबिक, ये घर लाभार्थियों को दिए जाएंगे, जिन्हें बैंक से सस्ती दरों पर ब्याज मिलेगा। पॉलिसी के तहत सभी योग्य आवेदकों को पंजाब में जन्म का प्रमाण पत्र या राज्य में 10 साल रहने के सबूत पेश करने होंगे। इसके लिए आवेदक आधार कार्ड, राशन कार्ड की कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट जैसे कागजातों की मदद ले सकते हैं।

# डीसी रेट बढ़ाने और अन्य मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने रैली करके मटका फोड़ आंदोलन की लड़ी में किया मटका फोड़ प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के आह्वान पर क्रमवार मटका फोड़ आंदोलन की कड़ी में तीसरा मटका फोड़ प्रदर्शन कर्मचारियों की मांगों पर विचार न करने पर एमसी कार्यलय सेक्टर 17 में चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी का मटका फोड़ कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

और चंडीगढ़ प्रशासन के अड़ियल वतीरे की आलोचना की ज्वाइंट एक्शन कमेटी का शिष्टमंडल कन्वीनर अशवनी कुमार की अगुवाई में शैलेंद्र सिंह चीफ इंजीनियर एमसी को मिला को मिला और कर्मचारियों की मांगों का मांग पत्र चीफ इंजीनियर शैलेन्द्र सिंह को कमिश्नर के नाम लिखा मांग पत्र दिया। चीफ इंजीनियर ने कहा कि जल्द ही एमसी के कर्मचारियों की मांगों पर कमिशनर से बैठक कराई जाएगी। कर्मचारियों को संबोधन करते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कन्वीनर अशवनी कुमार और चेयरमैन सुरमुख सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन और एमसी के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों की ज्याज मांगों को मानने के लिए तैयार नही हैं और न ही कर्मचारियों की मांगों पर बात कर रहे हैं।

अशवनी कुमार ने कहा अगर मांगे पूरी नही की गई तो मटका फोड़ आंदोलन की क्रमवार लड़ी में चौथा मटका फोड़ आंदोलन एमसी कार्यलय मनीमाजरा में 4 मार्च को होगा और 12 मार्च को अर्थी फूंक मुजारा किया जाएगा।

कर्मचारियों को अशवनी कुमार, सुरमुख सिंह के इलावा, नरिंदर कुमार, राजिंदर कुमार, कुलदीप सिंह, सरवन कुमार, संजय दुहन, रविंदर बिंदु, सुरिंदर सिंह, रवि सिंह, सत्य प्रकाश, नरिंदर चौधरी, करतार पाल, याद राम, गुरमीत सिंह, लालजीत, महि पाल, कमल कुमार और सुरिंदर शर्मा ने संबोधन किया।

# ओरिएंट ने आइओटी इनेबल्ड आइ-फ्लोट इन्वर्टर पंखे लॉन्च किए

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने आईओटी इनेबल्ड और 50 प्रतिशत बिजली की बचत करने वाले इन्वर्टर पंखों को पेश करते हुए अपनी प्रीमियम पंखों का विस्तार किया है।

फिलहाल कंपनी की प्रीमियम पंखों के बाजार में 48 फीसदी हिस्सेदारी है और अब इसकी नजर बेहतरीन उत्पादों की लगातार बढ़ती मांग के दम पर और बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने पर है।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अतुल जैन ने कहा कि प्रीमियम पंखों के वर्ग में, हमारे पास आज 48 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ निर्णायक बाजार नेतृत्व है। कुछ साल पहले तक यह श्रेणी शायद ही मौजूद थी। हमने न केवल इस श्रेणी का निर्माण किया, बल्कि हम उपभोक्ताओं की इच्छाओं के अनुरूप नए मॉडल पेश कर इसका लगातार विकास और विस्तार कर रहे हैं। आज के उपभोक्ता अब साधारण पंखे नहीं चाहते हैं, वे ऐसे पंखे चाहते हैं जो स्मार्ट, स्टाइलिश, ऊर्जा-कुशल हों और जीवन को सुविधाजनक बनाएं। प्रीमियम और सजावटी पंखों की बढ़ती मांग हमें सेगमेंट में और हिस्सेदारी हासिल करने का मौका देती है। हम अपने प्रीमियम एयरोसीरीज और आई-सीरीज रेंज का विस्तार जारी रखेंगे, हम ऐसे पंखों की पेशकश करेंगे जो न सिर्फ इनोवेटिव और खूबसूरत हों बल्कि साथ-साथ बिजली की बचत भी करते हों।

# युवक को गोली मारना चाहते थे बाइक सवार

चंडीगढ़। पंजाब के नवांशहर में कुछ युवकों की आपसी रंजिश में 70 साल के एक बुजुर्ग को अपनी जान गवानी पड़ी। बताया जा रहा है कि दो बाइक सावार सड़क पर खड़े एक युवक को गोलियों से भून देना चाहते थे। जैसे ही इन बाइक सवारों ने फायरिंग की तो यह युवक तो बच गया, लेकिन गोली सामने खड़े बुजुर्ग को लग गई जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने युवक के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान जिले के गांव मजारी के 70 वर्षीय देशराज के रूप में हुई है। मृतक के गांव के युवक अजय कुमार ने बताया कि वह देर रात को गांव बाहड़ोवाल से अपने गांव मजारी आ रहा था।

जब वह फोरलेन चौक पर पहुंचा तो पीछे से दो बाइक सवारों ने उस पर गोली चला दी। इस दौरान बाइक सवारों का निशाना चूक गया और गोली राह में खड़े बुजुर्ग को जा लगी।

बुजुर्ग की पल भर में ही मौत हो गई। बाइक सवारों द्वारा टारगेट किए गए युवक के बयानों के बाद पुलिस ने दो युवकों को नामजद किया है। मृतक के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पूछताछ में पता चला है कि अजय कुमार पर पहले भी जानलेवा हमला हो चुका है। पुरानी रंजिश के कारण उस पर कुछ लोगों ने पहले भी गोली चलाई थी।

# रियलमी ने अपनी नार्जो सीरीज में सबसे शक्तिशाली 5जी गेमिंग मिड-रेंजर, प्रस्तुत किया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नार्जो सीरीज में नए स्मार्टफोन, रियलमी नार्जो 30 प्रो 5जी और रियलमी नार्जो 30ए के साथ रियलमी बड्स एयर 2 प्रस्तुत किए। ये नए उत्पाद बेहतरीन स्पीड एवं मेगापॉवर वाले स्मार्टफोन हैं। रियलमी नार्जो 30 प्रो, नार्जो सीरीज का पहला 5जी स्मार्टफोन एवं सबसे शक्तिशाली 5जी गेमिंग मिड रेंजर है और रियलमी नार्जो 30ए, 6000 एमएएच बैटरी के साथ शक्तिशाली बजट गेमिंग निंजा है।

लॉन्च के अवसर पर श्री माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया एवं यूरोप ने कहा, ह्यह्यहमने 2021 के लिए अपना उद्देश्य निर्धारित किया है। हम रियलमी नार्जो 30 प्रो 5जी के लॉन्च के साथ भारत में 5जी लीडर बनना चाहते हैं। हम अपने इस विजन लोकतांत्रिकरण कर रहे हैं। हम 5जी की शक्ति युवा गेमिंग समुदाय तक पहुंचाना चाहते हैं, जो मीडियाटेक की फ्लैगशिप डायमेंसिटी 800यू सीरीज के साथ बेहतरीन स्पीड एवं सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस का अनुभव ले सकेंगे। रियलमी नार्जो 30 प्रो 5जी और रियलमी नार्जो 30ए के साथ रियलमी ने देश में युवा मोबाईल यूजर्स को बेहतरीन पॉवर, परफॉर्मेंस एवं बैटरी लाईफ देकर उनके अनुभव को बेहतर बनाया था। रियलमी न्वाईज कैंसेलेशन की विशेषता आम जनता तक पहुंचाने के लिए दृढ़निश्चित है। यह खूबी इससे पहले केवल हाई-एंड उत्पादों में मिलती थी, जो रियलमी बड्स एयर 2 के साथ अब किफायती हो गई है और आम लोगों तक पहुंच गई है।

सबसे शक्तिशाली 5जी गेमिंग मिड रेंजर, रियलमी नार्जो 30 प्रो 5जी में 5जी+5जी डीएसडीएस, 340,000+ की बेंचमार्किंग के साथ अत्यधिक लोकप्रिय मीडियाटेक डायमेंसिटी 800यू 5जी चिप है। रियलमी नार्जो 30 प्रो 5जी, मुख्य 5जी बैंड्स को सपोर्ट करता है और 5जी के साथ ड्युअल सिम ड्युअल स्टैंडबाय प्रदान करता है, ताकि यह स्मार्टफोन अगले 5 सालों तक पुराना न हो। इस स्मार्टफोन में 5000एमएएच की विशाल बैटरी है, जो नई अपग्रेडेड 30 वॉट की डार्ट चार्जिंग द्वारा 65 मिनट में 100 प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है।

# टूरिस्ट की जीप की ओर भागते आ रहे नजर हाथी, वीडियो वायरल

चंडीगढ़। आईएफएस ऑफिसर सुरेंद्र मेहरा ने सोशल मीडिया पर हाथियों का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक हाथी टूरिस्ट की जीप की ओर भागता दिख रहा है। वीडियो में जीप में सवार एक लड़की एक आवाज सुनाई दे रही है कि अरे कुछ नहीं होगा, चिल। वहीं, उसे एक युवक के कहते है तुम वीडियो बनाओ। इसी दौरान एक हाथी उनकी जीप की और भागते हुए आ जाता है। आईएफएस ऑफिसर यह वीडियो अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। सुरेंद्र मेहरा ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि अरे कुछ नहीं होगा, तुम वीडियो बनाओ.. कितनी ही बार हमने भी ऐसा ही महसूस किया है जब हम वन्यजीवों से सामना करते हैं, खासकर हाथी। मेहरा द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ लोग हाथियों के झुंड को देख उनका वीडियो बनाने लगते हैं। इस दौरान वे हाथी के काफी पास चले जाते हैं। तभी एक हाथी को गुस्सा आ जाता है और वह उनकी ओर दौड़ने लगता है। इस वीडियो को लोग सोशल मीडिया पर शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

# टाटा मोटर्स ने जाने-माने एक्टर, सिंगर और डायरेक्टर परमीश वर्मा को पहली नई सफारी डिलीवर की

» मदरलैंड संवाददाता



जालंधर/अमृतसर। भारत के प्रमुख ऑटोमोटिव ब्राण्ड्स में से एक, टाटा मोटर्स ने पंजाब में जाने-माने एक्टर, सिंगर और डायरेक्टर श्री परमीश वर्मा को पहली नई टाटा सफारी डिलीवर की है। 'रॉकी मेंटल' और 'दिल दियां गल्लां' से प्रसिद्ध हुए एक्टर ने इस आइकॉनिक ब्राण्ड की डिलीवरी चंडीगढ़ में टाटा मोटर्स की ऑथोराइज्ड डीलरशिप आरएसए मोटर्स से ली। श्री वर्मा को चाबियाँ टाटा मोटर्स की पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस यूनिट के रीजनल मैनेजर, नॉर्थ श्री हिमांशु बस्सी की मौजूदगी में सौंपी गईं।

पहली सफारी मिलने पर खुशी जताते हुए श्री परमीश वर्मा ने कहा, मैं नई टाटा सफारी के लॉन्च की घोषणा के बाद से उसका मालिक बनना चाहता था। मैं बचपन से टाटा सफारी का फैन रहा हूँ और मेरा सौभाग्य था कि मुझे सफारी की इससे पहली वाली जनरेशन भी मिली। मुझे खुशी है कि टाटा मोटर्स सफारी को ऐसे नये आधुनिक अवतार में वापस लाया है और मैं टाटा मोटर्स का शुक्रगुजार भी हूँ कि उन्होंने मुझे इस आइकॉनिक एसयूवी की तुरंत डिलीवरी ही नहीं की, बल्कि मुझे पूरे पंजाब में उसका पहला ग्राहक भी बना दिया। वहीं हमने सफारी आधुनिक और स्टाइलिश है और मैं अपनी नई ड्राइव पर जाने के लिए बहुत बेताब हूं, क्योंकि मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ सड़कों का बेताज बादशाह बनने के लिये निकलने वाला हूँ।

इस डिलीवरी पर टिप्पणी करते हुए टाटा मोटर्स की पैसेंजर व्हीकल्स बिजनेस यूनिट के रीजनल मैनेजर, नॉर्थ श्री हिमांशु बस्सी ने कहा, हम सफारी के कमर्शियल लॉन्च के बाद जल्दी ही श्री परमीश वर्मा को पंजाब की पहली सफारी डिलीवर करके उत्साहित हैं।

वर्मा अपनी सामयिक सिंगिंग और स्टाइल के लिये जाने जाते हैं; और नई सफारी से बेहतर क्या हो सकता था, जो अपने नये अवतार में ग्राहकों के लिये अपने सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और ड्राइविंग डायनेमिक्स की पेशकश करती है; और ऐसे लोगों की परफेक्ट साथी है, जो अपने नियमों पर जीते हैं। अपने भव्य इंटीरियर्स, अत्याधुनिक कनेक्टिविटी और प्रीमियम फीचर्स के साथ सफारी जीवनशैली को नई ऊँचाइयाँ और आयाम देती है। हम देशभर से मिल रहे ग्राहकों के रिस्पॉन्स से खुश हैं और हमारे उत्पाद को जो प्यार मिल रहा है, उससे बहुत उत्साहित हैं। हमें यकीन है कि सफारी अपने पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाएगी, क्योंकि उसके द्वारा आधुनिक ग्राहकों को आकर्षित करना जारी है।

वर्मा ने टॉप-एंड एक्सजेडए+ ऑटोमैटिक वैरियेन्ट खरीदा है, जिसमें शानदार पैनोरेमिक सनरूफ और कैप्टन सीट्स हैं। 22 फरवरी को लॉन्च हुई नई टाटा सफारी में 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड काइरोटेक इंजन है। 2741 एमएम व्हीलबेस के साथ सफारी में सिग्नेचर ऑइस्टर व्हाइट इंटीरियर्स, एशवुड फिनिश डैशबोर्ड और 6 तथा 7 सीटर विकल्प होंगे, जो 8.8-इंच फ्लोटिंग आइलैण्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ आएंगे।

# डीजीपी हरियाणा ने की 'हिफाजत' अभियान की शुरूआत

» मदरलैंड संवाददाता




पंचकूला। हरियाणा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री मनोज यादव ने बाल यौन उत्पीड़न रोकने के लिए सभी के सहयोग से व्यापक स्तर पर प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस सामाजिक बुराई पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए ह्रस्पीक-अप्ह्र संस्कृति को प्रोत्साहन देकर सभी को आवाज बुलंद करनी होगी।

डीजीपी आज पंचकूला में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा हरियाणा पुलिस के सहयोग से आयोजित राज्यव्यापी सामाजिक जागरूकता अभियान 'हिफाजत' की शुरूआत करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सहज-सजग-सुरक्षित बचपन विषय पर आमजन को जागरूक होने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बाल यौन उत्पीड़न एक गंभीर अपराध एवं अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है। आज बचपन को उन्हीं से सर्वाधिक खतरा है जिस पर बच्चे सबसे अधिक विश्वास करते हैं। दुर्भाग्यवश बाल यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दे पर समाज में खुले तौर पर चर्चा नहीं होती। अगर होती है तो लोग असहज हो जाते है। सहज-सजग-सुरक्षित बचपन तभी संभव हो सकता है जब आमजन के साथ-साथ माता-पिता इन मुद्दों को लेकर जागरूक हों। उन्होंने बाल यौन शौषण को लेकर समाज में चुप्पी की मानसिकता को तौड़ने के लिए आयोग द्वारा की गई समग्र एवं सर्वांगीण पहल के लिए आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति बैंदा को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि बच्चे के विश्वास को तोड कर बचपन को बर्बाद करने वाली यह समस्या केवल भारत में ही नहीं है बल्कि समस्त संसार में इसकी चर्चा हो रही है।

चाइल्ड फ्रैंडली होंगे महिला पुलिस थाने

श्री यादव ने कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा सभी महिला पुलिस थानों को चाइल्ड फ्रैंडली बनाने के लिए पहल की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी महिला पुलिस थानों में एक चाइल्ड फ्रैंडली रूम बनाया जाएगा जहां माता-पिता के साथ आए व अन्य सभी बच्चे खेलकूद कर अपना समय व्यतीत कर सकेंगे। इस रूम मे बच्चों के लिए खिलौने, झूले व अन्य सामान उपलब्ध रहेगा।

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयनपर्सन श्रीमती ज्योति बैंदा ने कहा कि बचपन को सुरक्षित बनाने के लिए अब हमें मिलकर जिम्मेदारी उठानी होगी। सभी हितधारक विभाग एवं एंजेसी बाल यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। लोग भी जागरूक हो रहे है। लोगों का सिस्टम में विश्वास भी बढ़ रहा है। प्रत्येक बच्चे को विना किसी भय के बढ़ने को अधिकार है। आयोग बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा हिफाजत अभियान को सफल बनाने के लिए दिए जा रहे सहयोग के लिए भी डीजीपी हरियाणा श्री मनोज यादव व एडीजीपी क्राइम अगेंस्ट वूमन श्रीमति कला रामचंद्रन का विशेषतौर पर धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त पंचकूला श्री सौरभ सिंह, पुलिस उपायुक्त पंचकूला श्री मोहित हांडा, एसीपी पंचकूला श्रीमति ममता सौदा व पुलिस विभाग, हरियाणा राज्य विधि सेवा प्राधिकरण व आयोग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# शिव-साधकों का कल्याणकारी मंत्र



» डॉ. शारदा मेहता

'नमः शिवाय यह शैव सम्प्रदाय का पवित्र-लोकप्रिय तथा अत्यधिक महत्त्वपूर्ण मन्त्र है। यह भगवान शिव को समर्पित है। इसे पंचाक्षर मन्त्र कहा जाता है। इसमें यदि ॐ को जोड़ दिया जाए तो यह षड़ाक्षर मन्त्र कहलाता है। शिव की अत्यधिक मनमोहक स्तुति है जिसमें भक्त अपने आराध्य की बड़ी श्रद्धा से स्तुति करता है। समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए शिव पंचाक्षर मन्त्र का जाप किया जाता है। भगवान शिव के गुणों का आराध्य द्वारा स्तवन किया जाता है। अल्प अक्षरों वाला यह मन्त्र मोक्ष और ज्ञान का प्रदाता है और सिद्धि का दाता है।

भगवान शिव संसार के उत्पादक, पालक और संहारक हैं। भक्त के हृदय में स्थित शिव सभी के लिए कल्याणकारी है। शिवोपासक को अपने उपास्य देव के समान ही मत्सरयुक्त नहीं होना चाहिए। सीमित संपत्ति और अल्प परिग्रह से भी यदि शिव की उपासना की जाए तो भी भोले भंडारी प्रसन्न हो जाते हैं।

**'महादेव महादेव महादेवेति यो वदेत**
**एकेन मुक्ति माप्नोति द्वाभ्यां शंभू ऋणी भवेत ।। शिव पंचाक्षर स्तोत्र, शिवमानसपूजा, शिवाष्टक,**

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र आदि भी ऐसे स्तोत्र हैं, जिनका भक्तिपूर्वक पाठ करने से मानव जीवन का अत्यधिक कल्याण होता है। कलियुग में तो शिवाराधना सर्वोपरि फल प्रदाता है। 'नमः शिवाय तथा नमः शिवाय इस मन्त्र का जाप तो व्यक्ति कभी भी, कहीं भी उठते-बैठते कर सकता है। शिव का सगुण स्वरूप मनोहर है, मोहक है तथा अद्भुत है।

शिव के प्रमुख कार्य हैं सर्वप्रथम सृष्टि का निर्माण, फिर उसका पालन करना और फिर उसका संहार करना। समय-समय पर वे उसमें परिवर्तन भी करते हैं और भक्तों को मोक्ष भी प्रदान करते हैं। शिव साधना में यदि कोई सर्वाधिक प्रभावशाली मन्त्र है तो वह है शिव पंचाक्षर मन्त्र। इस मन्त्र की शक्ति कल्याणकारी है तथा अनादिकाल से यह प्रभावी मन्त्र अपने साधकों को ध्यानावस्थित अवस्था में लाकर आत्मशुद्धि तथा शरीर शुद्धि में सहायक है।

**शिव तथा शिवा की सम्मिलित शक्ति से ही कल्याणकारी ऊर्जा का जन्म होता है। आत्मबल का संचार होता है। भक्त की विसंगतियों का नाश होकर मन की शुद्धि होती है। यह पंचाक्षरी मन्त्र भक्त में सन्निहित पाँच तत्त्वों को जाग्रत करने वाला मन्त्र है। इसके पठन-पाठन से साधक को इच्छित फल की प्राप्ति होती है। उसकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। इसमें ॐ को समाहित कर देने पर यह पंचाक्षर मन्त्र द्विगुणित फल को प्रदान करता है।**

शिव तथा शिवा की सम्मिलित शक्ति से ही कल्याणकारी ऊर्जा का जन्म होता है। आत्मबल का संचार होता है। भक्त की विसंगतियों का नाश होकर मन की शुद्धि होती है। यह पंचाक्षरी मन्त्र भक्त में सन्निहित पाँच तत्त्वों को जाग्रत करने वाला मन्त्र है। इसके पठन-पाठन से साधक को इच्छित फल की प्राप्ति होती है। उसकी मनोकामनाएँ पूर्ण होती है। इसमें ॐ को समाहित कर देने पर यह पंचाक्षर मन्त्र द्विगुणित फल को प्रदान करता है। यदि रुद्राक्ष की माला से इस मन्त्र का जाप किया जाए तो आशुतोष भगवान शिव समस्त सिद्धियों को प्रदान करते हैं। पंचाक्षर मन्त्र सभी अशुभ बातों का हरण करता है। अपने सामर्थ्य के अनुसार भक्त को इसका पाठ करना चाहिए। इसके नियमित पठन से गोदान, तीर्थाटन, गया श्राद्ध आदि पुण्य कार्यों का फल प्राप्त होता है। यही सभी कामनाओं की पूर्ति करने वाला मन्त्र है। कहा जाता है कि ब्रह्माजी ने भी दीर्घ अवधि तक इस पंचाक्षर मन्त्र का जप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। देवाधिदेव महादेव महान हैं। हम उनके गुणों के विस्तार को शब्दों में वर्णित नहीं कर सकते हैं। आचार्य पुष्पदन्त ने भी शिवमहिम्न स्तोत्र में लिखा है-

**'असितगिरिसमं स्यात कज्जलं सिन्धुपात्रे,**
**सुरतरुवर शाखा लेखनी पत्रमुर्वी।**
**लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं**
**तदपि तव गुणानां ईश पारं न याति।।**

भगवान शिव ने एक गृहस्थ का जीवन भी जीया है तो संन्यासी का जीवन भी उनकी विशेषता रहा है। शिवजी का जीव भक्तों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। वर्तमान समय बड़ा ही विकट है। अनुशासनहीनता, अराजकता, अनैतिकता आदि सर्वत्र व्याप्त है। मानव जीवन में पाशविक प्रवृत्तियाँ बढ़ती जा रही हैं। मानवता कराह रही है। मानव जीवन में गुणों का पतन जीवन के हर क्षेत्र में दृष्टिगोचर हो रहा है। आशुतोष शिव ही मानवता की रक्षा का भार ग्रहण कर सकते हैं। समुद्र मंथन के समय भी उन्होंने चौदह रत्नों में निकलने वाले विष का पान कर सभी की रक्षा की और उन्हें नीलकंठ की संज्ञा प्राप्त हुई। यह इस बात का द्योतक है कि कठिन परिस्थिति में भी हमें धैर्य धारण करना चाहिए। सच्चा शिव भक्ति विपरीत स्वभाव वालों से भी मित्रवत व्यवहार करता है। विषैले सर्प को वे गले लगाते हैं तो भूत पिशाच अर्द्धनग्न अवस्था में विक्षिप्त के समान शिवजी की वर यात्रा में अपनी सहभागिता निभाते हैं। इसीलिए शिवजी को सभी देवतागण सम्माननीय मानते हैं।

शिव परिवार भी सनातन धर्म को निभाने वाला समन्वयवादी रहा है। शिवजी के तीन नेत्र हैं। वे तीसरे नेत्र का उपयोग विरले ही करते हैं। उनका वाहन वृषभ है तो माता पार्वती सिंह पर विराजमान हैं। इनके एक पुत्र गणेशजी मूषक पर सवार हैं तो दूसरे पुत्र कार्तिकेय का वाहन मयूर है। पिताश्री शिवजी के गले के हार सर्प हैं जो कि विपरीत स्वभावधारी हैं, जन्म से एक-दूसरे के विरोधी हैं। इतनी विषमता होने पर भी सम्पूर्ण परिवार साथ-साथ जीवन व्यतीत करता है। शिवजी अपने शरीर पर भस्म लगाकर और जटाजूट धारण कर सादगीपूर्ण जीवन यापन करते हैं। वर्तमान समय में परिवार भौतिकवाद की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे समय शिव परिवार हमारे लिए एक आशावादी दृष्टिकोण का परिचायक है। शिव के सन्निकट रहने के लिए हमें सर्वदा 'नमः शिवायज तथा 'ॐ नमः शिवाय का जप करना चाहिए, जिससे हमें आत्मिक शान्ति का अनुभव होता रहे और हम सुखद जीवन का आनन्द प्राप्त कर सकें-

**महादेव महादेव महादेवेति वादिनम**
**वत्सं गौरिव गौरीशो धावन्तमनुधावति।।**

यह लेखक की निजी राय है

## संपादकीय

# सोच समझकर हो प्रशंसा



अक्सर जब तुम प्रशंसा करते हो तो किसी और की तुलना में करते हो। किसी एक की प्रशंसा करने में हम किसी दूसरे को नीचा दिखाते हैं और किसी की गलती को दशार्ने के लिए हम दूसरे की प्रशंसा करते हैं। कुछ लोग प्रशंसा करने में कंजूस होते हैं और कुछ शमीर्ले। कुछ लोगों को प्रशंसा करनी नहीं आती और प्रशंसा करना भूल जाते हैं। कुछ व्यक्ति मतलब के लिए प्रशंसा करते हैं और कुछ तुम्हें उठाने के लिए। कुछ और लोग अपने आत्मविश्वास की कमी को छुपाने के लिए स्वयं की प्रशंसा करते हैं। किन्तु वास्तविक प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से निकलती है। जो प्रशंसा उन्नत चेतना की अवस्था से आती है, वह स्वरूप से आती है और बिल्कुल भिन्न होती है। साधारणतः प्रशंसा लालसा और दम्भ से आती है। उन्नत चेतना की अवस्था से आई प्रशंसा पूर्णता से उभरती है। निःसंदेह प्रशंसा चेतना को उभारती है और उत्साह व ऊर्जा लाती है। परंतु साथ ही यह घमंड भी ला सकती है। प्रशंसा करना भी एक कौशल है। जब कोई तुम्हारी प्रशंसा करता है, तो क्या तुम बिना शर्माए उसे स्वीकार करते हो ? बिना शर्माए प्रशंसा को स्वीकार करना भी एक कुशलता है। तुम किसी की प्रशंसा कब करते हो ? जब वे कुछ अनोखा करते हैं, असाधारण, जो उनके स्वभाव के अनुसार नहीं है। जब एक दुष्ट व्यक्ति कोई समस्या पैदा नहीं करता, तब तुम उसकी तारीफ करते हो। या कोई व्यक्ति जिसे भला नहीं समझते, जब कुछ नेक काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। जब कोई भला आदमी अत्यन्त असाधारण काम करता है, तब तुम उसकी प्रशंसा करते हो। यदि कोई बच्चा एक प्याली चाय बनाता है तो तुम प्रशंसा करते हो, परंतु वही एक प्याली चाय यदि मां बनाए तो तुम शायद तारीफ न करो, क्योंकि उसके लिए यह नियमित कार्य है। इन सभी स्थितियों में जिन कार्य की तुम प्रशंसा करते हो, वे अल्पकालिक हैं, उनके आचरण से अलग या उनके स्वभाव के विपरीत। तो जब तुम किसी चीज के लिए किसी की प्रशंसा करते हो, तुम संकेत करते हो कि वे लोग साधारणतः ऐसे नहीं हैं। इसका मतलब है कि वह कार्य उनके स्वभाव में नहीं और इसीलिए वे अपनी प्रशंसा चाहते हैं - यह एक विरला गुण या कृत्य है। प्रशंसा एक अलगाव के भाव, एक दूरी को इंगित करती है, इसीलिए प्रशंसा करते समय सावधान रहो।

# दो टूक-कमजोर न पड़ने दें कोरोना टीके का सुरक्षा कवच



योगेश कुमार गोयल

> **लोगों के मन में कोरोना वैक्सीन के साइड इफैक्ट्स को लेकर जो भ्रम व्याप्त हैं, उन्हें दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की दरकार है। कुछ दिनों पहले एम्स निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने कहा था कि कोरोना वैक्सीन को लेकर गलत और आधारहीन सूचनाओं की बाढ़ ने लोगों के मन में टीके को लेकर अनिच्छा पैदा की है और इसका समाधान यही है कि लोगों के मन में उत्पन्न संदेह और भ्रम को दूर करने के लिए सरकार द्वारा समुचित कदम उठाए जाएं। दरअसल कोरोना टीकों को लेकर सबसे बड़ा भ्रम लोगों के मन में इनके साइड इफैक्ट को लेकर है लेकिन कई प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीका लगने के आधे दिन तक टीके वाली जगह पर दर्द और हल्का बुखार रह सकता है, जो इस बात की निशानी है कि टीका काम कर रहा है।**

कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण 2.0 गत 13 फरवरी को शुरू हो गया और उसी के साथ भारत सबसे तेजी से 77.66 लाख वैक्सीन लगाने वाला देश बन गया। अभी तक एक करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। भारत टीकाकरण के 21 दिनों में ही 50 लाख लोगों को वैक्सीन देने वाल दुनिया का पहला देश और 26 दिनों में 70 लाख लोगों को वैक्सीन देने वाला दुनिया का सबसे तेज देश बना गया था। हालांकि इस तथ्य की अनदेखी किया जाना भी सही नहीं कि इस दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स का अपेक्षा के अनुरूप टीकाकरण नहीं हो पाया है और टीकाकरण 2.0 शुरू होने के बाद वैक्सीन की दूसरी डोज लेने वालों में भी उत्साह की कमी देखी जा रही है। इसके कारणों की पड़ताल करते हुए टीकाकरण के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाना जाना बेहद जरूरी है क्योंकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि यदि टीकाकरण की दूसरी खुराक छूट गई तो टीके का सुरक्षा कवच कमजोर हो जाएगा और टीकाकरण में ऐसी लापरवाही संक्रमण की रोकथाम के प्रयासों पर भारी पड़ सकती है।

एक ओर जहां टीकाकरण अभियान को रफ्तार देने की जरूरत महसूस की जा रही है, वहीं बिहार तथा मध्यप्रदेश से जिस प्रकार के फजीवाड़े के मामले सामने आए हैं, ऐसे में दुनियाभर में सराहे जा रहे इस अभियान को पलीता न लगे, इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और भविष्य में कोरोना टीकाकरण में पूरी पारदर्शिता बरते जाने की सख्त दरकार है। उल्लेखनीय है कि जहां मध्य प्रदेश में कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले करीब 1.37 लाख लोगों का एक ही मोबाइल नंबर रजिस्टर होने से वहां टीकाकरण अभियान के नाम पर हो रहे फजीवाड़े की पोल खुली, कुछ वैसा ही मामला बिहार के कुछ अस्पतालों में भी देखने को मिला। वहां भी टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने के लिए बोगस मोबाइल नंबरों के साथ हजारों ऐसे लोगों का विवरण दर्ज कर दिया गया, जिन्होंने न कभी कोरोना जांच कराई और न ही वैक्सीन ली।

दुनियाभर में अभी तक कोरोना मरीजों की संख्या करीब 11 करोड़ हो चुकी है, जिनमें से 24 लाख से अधिक मौत के मुंह में समा चुके हैं। भारत में भी अब तक एक करोड़ से ज्यादा व्यक्ति संक्रमण के शिकार हो चुके हैं। हालांकि हमारे यहां रिकवरी दर अन्य देशों के मुकाबले काफी बेहतर रही है और पिछले कुछ समय में देशभर में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से गिरावट भी दर्ज की गई है लेकिन अब जिस प्रकार कोरोना के मामले महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं, ऐसे में टीकाकरण अभियान को अपेक्षित रफ्तार दिया जाना बेहद जरूरी है। 16 जनवरी को शुरू हुए टीकाकरण अभियान के बाद 30 दिनों के अंदर 83 लाख से अधिक लोगों को 'कोरोना सुरक्षा कवच' मिला लेकिन यह अपेक्षित लक्ष्य से काफी कम है।



सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों सहित कुल 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण का जुलाई-अगस्त तक का लक्ष्य है और विशेषज्ञों का मानना है कि तय लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार को 10 गुना तेज गति से टीकाकरण अभियान चलाना होगा और इसके लिए इस कार्य में निजी क्षेत्र को भी शामिल करना होगा।

टीकाकरण 2.0 के बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के टीकाकरण की तैयारी की जा रही है, यह अभियान मार्च माह में शुरू होगा। टीकाकरण के प्रति लोगों में उत्साह की कमी के चलते अलग-अलग जगहों से वैक्सीन की खुराकें बर्बाद होने की खबरें भी सामने आ रही हैं। वैक्सीन को लेकर जागरूकता में कमी के चलते लोगों के टीका केन्द्रों पर नहीं पहुंचने के कारण कोरोना वैक्सीन बेकार हो रही है। दरअसल कोविशील्ड की एक शीशी में कुल 10 जबकि कोवैक्सीन की एक शीशी में 20 खुराकें होती हैं और वैक्सीन लगाने के लिए शीशी को खोलने के चार घंटे के अंदर सभी खुराक खत्म करनी होती हैं लेकिन कुछ स्थानों पर लोगों के टीका लगवाने के लिए कम संख्या में पहुंचने और टीका लगवाने वालों की अपेक्षित संख्या नहीं होने के कारण वैक्सीन की खुराकें बर्बाद हो जाती हैं। भारत बहुत बड़ी आबादी वाला देश है और ऐसे में समझना मुश्किल नहीं है कि इतनी बड़ी आबादी के टीकाकरण का काम इतना सरल नहीं है। इसके लिए टीकाकरण अभियान की खामियों को दूर करते हुए लोगों को जागरूक करने की सख्त जरूरत है और इसमें देरी किया जाना खतरनाक होगा।

लोगों के मन में कोरोना वैक्सीन के साइड इफैक्ट्स को लेकर जो भ्रम व्याप्त हैं, उन्हें दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की दरकार है। कुछ दिनों पहले एम्स निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने कहा था कि कोरोना वैक्सीन को लेकर गलत और आधारहीन सूचनाओं की बाढ़ ने लोगों के मन में टीके को लेकर अनिच्छा पैदा की है और इसका समाधान यही है कि लोगों के मन में उत्पन्न संदेह और भ्रम को दूर करने के लिए सरकार द्वारा समुचित कदम उठाए जाएं। दरअसल कोरोना टीकों को लेकर सबसे बड़ा भ्रम लोगों के मन में इनके साइड इफैक्ट को लेकर है लेकिन कई प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीका लगने के आधे दिन तक टीके वाली जगह पर दर्द और हल्का बुखार रह सकता है, जो इस बात की निशानी है कि टीका काम कर रहा है। जब शरीर में दवा जाती है तो हमारा प्रतिरोधी तंत्र इसे अपनाने लगता है। नीति आयोग के सदस्य डा. वीके पॉल ने कोरोना के दोनों टीकों को पूर्ण सुरक्षित बताते हुए कहा था कि टीकाकरण के शुरूआती तीन दिनों में लोगों में वैक्सीन के प्रतिकूल प्रभाव के केवल 0.18 प्रतिशत मामले सामने आए थे, जिनमें केवल 0.002 फीसदी ही गंभीर किस्म के थे। अब स्वास्थ्य मंत्रालय का भी कहना है कि वैक्सीन लगवाने के बाद केवल 0.005 फीसदी लोगों को ही अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी।

अगर टीका लगने के बाद इसके सामान्य प्रभावों की बात की जाए तो इनमें थकान, सिरदर्द, बुखार, टीके के स्थान पर सूजन या लाली, दर्द, बीमार होने या शरीर में हरारत का अहसास, शरीर व घुटनों में दर्द, जुकाम इत्यादि सामान्य असर हैं। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार ये सभी लक्षण कुछ ही समय बाद खत्म हो जाते हैं। कुछेक मामलों में टीका लगने के बाद साइड इफैक्ट भी सामने आ सकते हैं। इन साइड इफैक्ट्स में भूख कम हो जाना, पेट में तेज दर्द का अहसास, शरीर में खुजली, बहुत ज्यादा पसीना आना, बेहोशी जैसा महसूस होना, शरीर पर चकते पड़ना, सांस लेने में परेशानी शामिल हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के साइड इफैक्ट के कुछ अन्य कारण भी हो सकते हैं, जैसे टीके को लेकर तनाव या घबराहट, टीका लगाने के तरीके और रखरखाव में कमी या टीके की गुणवत्ता में किसी तरह की खामी।

कोरोना वैक्सीन को लेकर कुछ लोगों के मन में जो शंकाएं हैं, उनका समाधान करने का प्रयास करते हुए कुछ विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल स्पष्ट रूप से यह तो नहीं कहा जा सकता कि वैक्सीन से किस व्यक्ति में कितने दिन के लिए एंटीबॉडीज बनेंगी लेकिन इतना अवश्य है कि टीके की दोनों डोज लगने के बाद कम से कम 6 माह तक शरीर में एंटीबॉडी मौजूद रहेंगी और अगर इतने समय तक लोगों को कोरोना से सुरक्षा मिल गई तो कोरोना की चेन को आसानी से तोड़ा जा सकता है। वैक्सीन लगवाने के बाद व्यक्ति को कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना भी अनिवार्य है। कोरोना टीका लगवाने के बाद कम से कम दो महीने तक शराब का सेवन करने से बचें क्योंकि विशेषज्ञों का स्पष्ट तौर पर कहना है कि शराब पीने की लत वैक्सीन के प्रभाव को बेअसर कर सकती है। बहरहाल, कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत पहले चरण में तीन करोड़ और दूसरे चरण में इसे 30 करोड़ के लक्ष्य तक ले जाना है और यह लक्ष्य तभी हसिल किया जा सकता है, जब लोगों के मन में टीकाकरण को लेकर उपजे भ्रम को सफलतापूर्वक दूर किया जाए।

यह लेखक की निजी राय है

# उत्तराखंड की जल विद्युत परियोजनाओं पर प्रश्न चिन्ह

» हर्ष वर्धन पाठक

चमौली की घटना को हिमालय की चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए। धौलीगंगा, ऋषि गंगा ये नदियां अलकनंदा की सहायक नदियां हैं जो अलकनंदा में मिलती हैं। इन नदियों पर जल विद्युत परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। वैसे समूचे उत्तराखंड में लगभग दो सौ परियोजनाएं प्रस्तावित हैं जिनमें से 58 पनबिजली परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसके अलावा लगभग डेढ़ सौ जल विद्युत परियोजनाएं उत्तराखंड की विभिन्न छोटी बड़ी नदियों पर प्रस्तावित हैं। ग्लेशियर पिघलने की घटना ने इन सभी पनबिजली परियोजनाओं के निर्माण पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री रावत यद्यपि इन सभी जल विद्युत परियोजनाओं के पक्ष में हैं और दृढ़ता से इन परियोजनाओं को राज्य के विकास के लिए जरूरी अबता रहे हैं। वे चमौली की घटना को लेकर चिन्तित जरूर हैं लेकिन इसे स्वीकार नहीं करते कि यह घटना हिमालय की चेतावनी है या प्रकृति से इसका कोई संबंध है। यह सही है कि उत्तराखंड की जनता में रोष है। उत्तराखंड की जनता यह मानती है जब अधिकांश नदियां उनके प्रदेश से निकलती हैं तब उनका लाभ उनके प्रदेश को नहीं मिलता। जब वहां की नदियां दूसरे प्रदेशों में जाती हैं तब उन प्रदेशों में बड़े बांध बनते हैं जिनसे सिंचाई होती है, खेत लहलहाते हैं, बिजली बनती है, प्रकाश मिलता है। उत्तराखंड की जनता के इस असंतोष को दूर करने के लिए जल विद्युत परियोजनाएं बनीं। उत्तराखंड में प्रस्तावित इन पन बिजली योजनाओं का दुहरा लाभ होगा। एक ओर जनअसंतोष दूर होगा वहां प्रांत में विद्युत की कमी समाप्त होगी और यह प्रदेश बिजली की दृष्टि से सरप्लस स्टेट होगा। आज सभी उद्योग विद्युत आधारित होते हैं ,यह सभी जानते हैं।

उत्तराखंड सरकार की सोच ठीक है लेकिन इस सोच के कारण कुछ प्रश्न चिन्ह उपस्थित होते हैं। हिमालय में अकूत वन और प्राकृतिक संपदा है। यदि नदियों का जल प्रवाह रुकता है , वन कटते हैं तो इस प्राकृतिक सम्पदा का क्या होगा ! इस समस्या का हल सरकार के पास नहीं है ! हिमालय में ग्लेशियर बहुत बड़ी संख्या में हैं। ये ग्लेशियर नदियों को सदानीरा बनाते हैं। नदियों के जीवन में इनका बहुत महत्व हैं। ये ग्लेशियर जब क्रोधित होते हैं तब ही मुसीबत आती है। लेकिन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री इसे ग्लेशियर का क्रोध या प्रकृति का प्रकोप मानने तैयार नहीं हैं।उनका कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब यहां आपदा आई लेकिन इस डर से विकास की उपेक्षा करना अफोर्ड नहीं कर सकते। हमारे पहाड़ों के लोक गीत आपदाओं के उदाहरणों से भरे पड़े हैं।

हिमांचल में पेड़ों की रक्षा के लिये चिपको आन्दोलन की परंपरा रही है।इस परंपरा के अन्तर्गत गौरादेवी सहित अनेक महिलाओं ने सत्याग्रह भी किया। आन्दोलनकारी महिलाओं का मत है कि ठेकेदारों के द्वारा आन्दोलन के दौरान बहुत अत्याचार किया जाता है लेकिन स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन द्वारा उनका ही पक्ष लिया जाता है।

अनेक वैज्ञानिक और पर्यावरणविदों का मत है कि इन परियोजनाओं में भू गर्भ संरचना की जो चिन्ता होना चाहिये वह नदारद है। इस आशंका के बावजूद विकास नाम विनाश के बीच सन्तुलन का ध्यान नहीं रखा गया। केदार नाथ कांड पर लोक सभा मे चर्चा के दौरान श्रीमती सुषमा स्वराज ने यह मांग की थी कि गंगा मैया पर बनने वाले सारे बांध निरस्त किये जांय। यह बात कांग्रेस सरकार के जमाने की है।

पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार पन बिजली योजनाओं की भूख बढ़ती गई। इनके लिये नदियों के स्वाभाविक बहाव को रोका गया। यही तबाही का कारण है। इसके विपरीत संयुक्त राज्य अमेरिका और कुछ विकसित देशों का जल विद्युत परियोजनाओं का अनुभव अच्छा नहीं है। इन देशों का अनुभव यह है कि जल विद्युत परियोजनाओं में रख रखाव का खर्च अधिक होता है। अब ये परियोजनाएं सरकारी हों या प्रायवेट, इनकी लागत और रख रखाव का का भार अन्ततः जनता को ही उठाना पड़ता है।

एक बात और, पन बिजली योजनाओं में पूरे वर्ष बिजली प्राप्त नहीं की जा सकती। भारत में केवल चार प्रतिशत बांध ऐसे हैं जहां निरन्तर जल विद्युत पैदा की जाती है।

चमोली की आपदा प्राकृतिक थी जिसे पनबिजली परियोजनाओ ने अधिक व्यापक कर दिया। प्रश्न यही है कि क्या इस बार अधिक सतर्कता से काम होगा और इन परियोजनाओं पर नियंत्रण लगेगा या हिमालय को ही चेतावनी देने के लिये बाध्य होना पड़ेगा! लेकिन यह लगता है कि उत्तराखंड में शान्ति नहीं है ! नवीनतम समाचार यह है कि धौलीगंगा और ऋषिगंगा नदियों में बाढ़ की स्थिति समाप्त नहीं हुई है।

यह लेखक की निजी राय है

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266





# भगोड़े नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित करने पर ब्रिटिश कोर्ट का फैसला आज



**लंदन।** भारत के अग्रणी पंजाब नेशनल बैंक से लगभग दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में वांछित हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण पर ब्रिटिश कोर्ट आज फैसला सुनाएगी। नीरव मोदी करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में वांछित है। लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में जज सैमुअल गूजी जेल में बंद नीरव के प्रत्यर्पण पर कल फैसला सुनाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, नीरव मोदी के दक्षिण-पश्चिम लंदन स्थित वॉन्ड्सवर्थ जेल से वीडियो लिंक के जरिये वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में पेश होने की उम्मीद है। जिसके बाद जज सैमुअल गूजी अपने फैसले में बताएंगे कि नीरव मोदी के भारतीय अदालतों के समक्ष पेश होने के लिये कोई मामला है या नहीं। मजिस्ट्रेट की अदालत के फैसले को इसके बाद ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल के पास हस्ताक्षर के लिये भेजा जाएगा।

हालांकि, इस फैसले के बाद भी भारतीय जांच एजेंसियों और नीरव मोदी के पास हाईकोर्ट में अपील करने का मौका होगा। जिससे माना जा रहा है कि इस मामले की सुनवाई अभी और लंबी खिंच सकती है। नीरव मोदी को प्रत्यर्पण वारंट पर 19 मार्च 2019 को गिरफ्तार किया गया था और प्रत्यर्पण मामले के सिलसिले में हुई कई सुनवाइयों के दौरान वह वॉन्ड्सवर्थ जेल से वीडियो लिंक के जरिये शामिल हुआ था। जमानत को लेकर नीरव मोदी के कई प्रयास मजिस्ट्रेट अदालत और उच्च न्यायालय में खारिज हो चुके हैं क्योंकि उसके फरार होने का जोखिम है। उसे भारत में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामलों के तहत आपराधिक कार्यवाही का सामना करना होगा। इसके अलावा कुछ अन्य मामले भी उसके खिलाफ भारत में दर्ज हैं। फोर्ब्स के मुताबिक 2017 में नीरव मोदी की कुल दौलत 180 करोड़ डॉलर (करीब 11, 700 करोड़ रुपए) थी। नीरव मोदी की कंपनी का मुख्यालय मुंबई में है। मार्च 2018 में नीरव मोदी ने न्यूयॉर्क में बैंकरप्सी प्रोटेक्शन के तहत याचिका दायर की थी।

# हिंद महासागर में चीन पर अंकुश लगाने भारत-अमेरिका की बांग्लादेश को साधने की कोशिश

ढाका (ईएमएस)। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती मनमानी पर अंकुश लगाने भारत-अमेरिका ने कमर कस ली है। भारत और अमेरिका ने हिंद महासागर में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभाव को कम करने के लिए बांग्लादेश को एक साथ साधना शुरू कर दिया है। एक तरफ जहां भारतीय वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ढाका दौरे पर पहुंचे हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश मंत्री ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष को फोन पर बातचीत की। एशिया में खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की अति सक्रियता से भारत और अमेरिका दोनों चौकन्ने हैं। चीन भी अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए म्यांमार की सैन्य सरकार के जरिए बांग्लादेश तक सड़क मार्ग बनाने की कोशिश में जुटा है। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया सोमवार को चार दिनों की यात्रा पर बांग्लादेश पहुंचे थे।



इस दौरान भदौरिया ने बांग्लादेश की वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने का प्लान भी है। वे बांग्लादेश के प्रमुख एयरबेसों का दौरा भी करेंगे। बता दें कि एरो इंडिया-2021 के दौरान बांग्लादेश के वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल मसीहुज्जमां सेरनियाबत भारत पहुंचे थे। उन्होंने भारत के स्वदेशी एयरक्राफ्ट तेजस में उड़ान भी भरी थी। भदौरिया अपने इस दौरे पर स्वदेशी डिफेंस इक्विपमेंट्स के एक्सपोर्ट पर भी बात कर सकते हैं।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष एके अब्दुल मोमन के साथ आर्थिक, रक्षा और आतंकवाद रोधी सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की और दोनों नेताओं ने दक्षिण एशिया तथा बृहद् हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियां का मिलकर सामना को लेकर भी सहमति व्यक्त की। ब्लिंकन ने मंगलवार को मोमन के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों ने म्यांमार में जारी गतिरोध, रोहिंग्या शरणार्थी संकट के स्थायी समाधान और श्रमिक एवं मानवाधिकारों का सम्मान किए जाने की आवश्यकता पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान में बताया कि ब्लिंकन और मोमन ने आर्थिक, आतंकवाद रोधी कदमों तथा रक्षा सहयोग को गहरा करने और जलवायु परिवर्तन जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। शेख हसीना के दोबारा प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश के तेवर जरा बदले हैं। अब वह चीन के इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स को तवज्जो दे रहा है। पिछले साल बांग्लादेश ने सिलहट में एयरपोर्ट टर्मिनल का ठेका चीनी कंपनी को दे दिया। जबकि सिलहट भारत की उत्तर-पूर्व सीमा से सटा है और संवेदनशील इलाका माना जाता है। इसकी मदद से चीन भारत के पूरे नॉर्थ ईस्ट इलाके पर नजर रखने का प्लान बना रहा था।

चीन बंगाल की खाड़ी में भारत को घेरने के लिए हर हाल में अपनी उपस्थिति बनाना चाहता है। यही कारण है कि म्यांमार में सैन्य तख्तापलट की पूरी दुनिया ने आलोचना की लेकिन, चीन ने हर कदम पर म्यांमार की सेना का पक्ष लिया। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और मानवाधिकार परिषद में म्यांमार सेना की आलोचना करने वाले प्रस्ताव पर वीटो किया था।

# रूसी हैकर ने नासा और फेडरल एविएशन ऐडमिनिस्ट्रेशन के नेटवर्क में सेंधमारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संघीय एजेंसियों और उद्यमों पर व्यापक साइबर हमलों की कड़ी में हैकरों ने नासा और फेडरल एविएशन ऐडमिनिस्ट्रेशन के नेटवर्क में भी सेंध लगा दी है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडेन प्रशासन रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है, क्योंकि कथित तौर पर साइबर अपराधी ह्यसंभवतः रूसी मूल के हैं। वाइट हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि सोलर विंड्स हैक के परिणामस्वरूप नौ संघीय एजेंसियों और लगभग 100 निजी क्षेत्र की कंपनियों पर साइबर अटैक हुआ था। व्यापक साइबर हमले की जांच सीनेट इंटेलिजेंस कमिटी को सौंपी गई है। कमेटी की सुनवाई से पहले ही नासा और एफएए के नेटवर्क में साइबर हैकरों द्वारा सेंध लगाने की बात सामने आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी: आईएस के सदस्य इमाम को साढ़े दस साल की सजा

बर्लिन। जर्मनी में एक चरमपंथी मस्जिद के पूर्व इमाम को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) का सदस्य होने का दोषी करार देकर साढ़े दस साल जेल की सजा सुनाई गई। खबर के अनुसार, उत्तरी जर्मनी के सेले में अदालत ने अहमद अब्दुल अजीज अब्दुल्ला ए.उर्फ अबू वाला को सजा सुनाई। अदालत ने पाया कि अबू वाला और उसका गिरोह उत्तरी और पश्चिमी जर्मनी में युवाओं को कट्टरपंथी बनाता था और आईएस के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में भेजता था। अबू वाला 37 वर्षीय इराकी नागरिक है और उस पर सितंबर 2017 से मामला चल रहा था। वह हिल्डशाइम शहर में एक चरमपंथी मस्जिद का इमाम था और जर्मनी में अन्य जगहों पर इस्लाम सम्मेलन आयोजित कराता था। जर्मन अधिकारियों ने मस्जिद का संचालन करने वाले संगठन पर मार्च 2017 में प्रतिबंध लगा दिया था।

### हिलेरी की पुस्तक 'स्टेट ऑफ टेरर' अक्टूबर में प्रकाशित होगी

न्यूयार्क। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन और उनकी दोस्त लुइस पेनी का रोमांचक उपन्यास 'स्टेट ऑफ टेरर' 12 अक्टूबर को प्रकाशित होगा। यह पुस्तक पैन मैकमिलन इंडिया द्वारा प्रकाशित की जा रही है। हिलेरी ने विदेश मंत्री का पद उस वक्त संभाला था, जब आतंकवादी हमलों से वैश्विक व्यवस्था अस्तव्यस्त हो गई थी। पुस्तक की कहानी एक नौसिखिया विदेश मंत्री के इर्द गिर्द घूमती है। हिलेरी ने कहा कि पेनी के साथ रोमांच वाली कहानी लिखना एक सपना था, जो हकीकत में तब्दील हो गया। हिलेरी, अमेरिका के इतिहास में पहली महिला हैं जो राष्ट्रपति चुनाव में किसी पार्टी से उम्मीदवार रही थी।

### बाइडेन ने अमेरिका में ग्रीन कार्ड जारी करने पर लगाई रोक को हटाया

सैन डिएगो। अमेरिका में नए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई फैसलों को पलट दिया गया। बाइडेन ने ट्रंप के द्वारा वैश्विक महामारी के दौरान ग्रीन कार्ड जारी करने पर लगाई रोक को हटा दिया गया है। अधिवक्ताओं का कहना था कि यह अमेरिका में वैध आव्रजन को रोक रहा था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल वसंत में कोरोना वायरस के कारण बढ़ती बेरोजगारी से निपटने का हवाला देते हुए 2020 के अंत तक ग्रीन कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी थी, जिसे 31 दिसम्बर को उन्होंने मार्च अंत तक के लिए बढ़ा दिया था। बाइडेन ने कहा कि वैध आव्रजन को रोकना ह्यअमेरिका के हित में नहीं है। बाइडेन ने कहा, ह्यबल्कि इससे अमेरिका को नुकसान पहुंचता है.... जिसमें अमेरिकी नागरिकों या वैध स्थायी निवासियों के परिवार के सदस्यों को यहां उनके परिवारों से मिलने से रोकना शामिल है। यह अमेरिका के उद्योगों को भी प्रभावित करता है, जिसका विश्वभर के प्रतिभाशाली लोग हिस्सा हैं। अमेरिकी आव्रजन वकील संघ के अनुसार, इन आदेशों से अधिकतर आव्रजन वीजा पर रोक लग गई थी।

### 5 साल काम करने के बदले कोर्ट ने पति को दिया तलाकशुदा पत्नी को 5 लाख हजार्ना देने का आदेश

पेइचिंग। चीन में एक पुरुष को अपनी पत्नी से तलाक काफा भारी पड़ गया। यहां की एक अदालत ने पति को 5 साल घर के काम करने के एवज में अपनी तलाकशुदा पत्नी को 5 लाख 61 हजार रुपये का हजार्ना देने का आदेश दिया है। पत्नी का नाम वांग और पति का नाम चेन बताया जा रहा है। वांग ने पेइचिंग की कोर्ट को बताया कि शादी के पांच साल के दौरान वह बच्चे की देखभाल करती थी। इसके अलावा वह घर के कामों को भी किया करती थी। पत्नी ने यह भी दावा किया कि उसका पति ऑफिस जाने के सिवाए घर के किसी भी काम में उसकी सहायता नहीं किया करता था। 4 फरवरी को कोर्ट में दर्ज करवाए गए बयान के अनुसार, पत्नी वांग ने अपने पति के खिलाफ घरेलू कार्य और बच्चे की देखभाल करने के लिए अतिरिक्त मुआवजे का दावा किया था। जिसके बाद अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वांग के ऊपर उसके पति ने जरूरत से ज्यादा जिम्मेदारियों का बोझ डाल रखा था। जिसके लिए उसे एकमुश्त 50000 युआन (560879 रुपये) बच्चे की कस्टडी और हर महीने 2000 युआन (22435 रुपये) देने का आदेश सुनाया। इसी साल लागू हुए चीन के नए कानून के अनुसार, तलाकशुदा को घर की जिम्मेदारियां संभालने और काम करने के एवज में एक बार मुआवजे का अनुरोध करने का अधिकार है। मीडिया में इस कानून के लागू होने की खबर सुनने के बाद वांग ने अपने पति के खिलाफ हजार्ने के लिए कोर्ट में अपील की थी। अपनी अपील में वांग ने 160000 युआन (1794813 रुपये) की मांग की थी। जिसके बाद से चीन में सोशल मीडिया पर महिलाओं के घर पर काम करने के मूल्य पर बहस छिड़ गई है। चीन के सोशल मीडिया में बुधवार को हैशटैग स्टेएटहोम ट्रेंड कर रहा था।




यंगून में इंडोनेशियाई दूतावास के सामने सैन्य तख्ता पलट को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग

# बाज नहीं आ रहा तुर्की, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उठाया कश्मीर का मुद्दा

**अंकारा।** तुर्की ने फिर पाकिस्तान का साथ देने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक में जम्मू और कश्मीर का मुद्दा उठाया है। तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुट कावुसोग्लू ने मानवाधिकार परिषद के 46वें सत्र को संबोधित कर कहा कि हम भारत सरकार से मांग करते हैं, कि वह जम्मू-कश्मीर में लगे प्रतिबंधों में ढील प्रदान करे। हम संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के आधार पर जम्मू कश्मीर की समस्या को शांतिपूर्ण तरीके से वहां के लोगों की अपेक्षाओं के हिसाब से हल होते देखना चाहते हैं। इसके पहले कई मौकों पर तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोगन संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे को उठा चुके हैं। पिछले साल सितंबर महीने में एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर कश्मीर राग छेड़ा था। उन्होंने कहा था कि कश्मीर एक ज्वलंत मुद्दा है और दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए बेहद अहम है। जम्मू कश्मीर के स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को हटाने के बाद समस्या और भी गंभीर हो गई है। हम इस समस्या का संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के तहत हल चाहते हैं। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान पाकिस्तान की तारीफ भी की थी।

पिछले साल अगस्त में ईद उल अजहा के मौके पर तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से बात करते हुए कश्मीर पर समर्थन का आश्वासन दिया था। एर्दोगन ने पहले भी कई बार कश्मीर की तुलना फिलिस्तीन से की है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत पर कोरोना काल में भी कश्मीर में अत्याचार का झूठा आरोप भी लगाया था। जबकि सच्चाई यह है कि कश्मीर पर भारत को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रहे एर्दोगन तुर्की मे खुद एक कट्टर इस्लामिक तानाशाह के रूप में जाने जाते हैं।

# दक्षिण एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों का मिलकर सामना करने पर अमेरिका-बांग्लादेश ने जताई सहमति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने बांग्लादेश के अपने समकक्ष एके अब्दुल मोमन के साथ आर्थिक, रक्षा और आतंकवाद रोधी सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। फोन पर की गई बातचीत में दोनों नेताओं ने दक्षिण एशिया तथा बृहद् हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियां का मिलकर सामना को लेकर सहमति जताई।

इस दौरान दोनों ने म्यांमार में जारी गतिरोध, रोहिंग्या शरणार्थी संकट के स्थाई समाधान और श्रमिक एवं मानवाधिकारों का सम्मान किए जाने की आवश्यकता पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान में बताया कि ब्लिंकन और मोमन ने आर्थिक, आतंकवाद रोधी कदमों तथा रक्षा सहयोग को गहरा करने और जलवायु परिवर्तन जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

प्राइस ने कहा ब्लिंकन ने 2021 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ के लिए विदेश मंत्री मोमन को शुभकामनाएं दी और दोनों नेताओं ने दक्षिण



एशिया तथा बृहद् हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने के लिए निकट सहयोग की इच्छा व्यक्त की। वहीं, ब्लिंकन ने मोमन से बातचीत के बाद ट्वीट किया विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमन से बात कर अच्छा लगा और उन्हें बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ के लिए शुभकामनाएं दी।

हमने अमेरिका और बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने की पुष्टि की और दक्षिण एशिया तथा हिंद-प्रशांत में पेश आने वाली चुनौतियों से मिलकर निपटने को उत्साहित हैं। क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां स्वतंत्र, मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत सुनिश्चित करने को लेकर बातचीत कर रही हैं।

# दुनिया में पहली बार हुई जेंडर कंफर्मेशन सर्जरी

**ब्राजील।** ब्राजील में एक जुड़वा बच्चों की जोड़ी का अनोखा मामला सामने आया है। जन्म के समय ये सभी लड़के के तौर पर पहचाने गए, लेकिन अब दोनों ने फीमेल जेंडर कंफर्मेशन के लिए सर्जरी कराई है। यह दुनिया का पहला ऐसा मामला है कि जुड़वां बच्चों के तौर पर पली बढ़ी मयला और सोफिया ने हाल ही में सर्जरी कराई है। 19 वर्षीय जुड़वा बच्चे दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के एक छोटे से शहर में पले-बढ़े। दोनों का कहना है कि वे कभी लड़कों के तौर पर पहचाने नहीं गए। दक्षिण-पूर्वी शहर ब्लुमेनॉ के एक क्लिनिक, ट्रांसजेंडर सेंटर ब्राजील के डॉ. जोस कार्लोस मार्टिंस ने कहा।

जुड़वा बच्चों का दुनिया में यह एकमात्र मामला है, जो जन्म के समय लड़के माने गये थे।

मार्टिंस ने जुड़वा बच्चों की पांच घंटे की सर्जरी की, मायला ने कहा- मैं हमेशा अपने शरीर से प्यार करती थी, लेकिन मुझे अपने जननांग पसंद नहीं थे। सोफिया ने कहा कि हम एक ऐसे देश में रहते हैं जहां ट्रांसजेंडर्स को पसंद नहीं किया जाता है। बीते साल 175 ट्रांसजेंडर्स की हत्या की गई। हमें बचपन से ही लोगों के दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा है. लेकिन हमारे परिवार ने कभी हमसे मुंह नहीं मोड़ा. हमेशा उनका समर्थन हमें मिलता रहा. जुड़वा बच्चों की मां सिल्वा ने कहा कि वह अब काफी राहत महसूस कर रही हैं। मैंने उन्हें कभी लड़का नहीं माना। वो मेरे लिए हमेशा लड़की थी! उनके दादा ने सर्जरी के लिए 20,000 डॉलर के इंतजाम अपनी संपत्ति नीलाम कर के किया है।

# म्यांमार में सैन्य शासन को छोड़ देनी चाहिए सत्ता : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि म्यांमार की सेना को सत्ता छोड़ देनी चाहिए और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार बहाल करनी चाहिए। अमेरिका ने कहा कि वह म्यांमार के लोगों के साथ है। देश में असैन्य नेतृत्व वाली सरकार की लोगों की इच्छा का समर्थन करता है। इस माह म्यांमार की सेना ने सरकार का तख्तापलट कर दिया था और आंग सान सू की तथा राष्ट्रपति यू विन मिंट समेत कई नेताओं को बंदी बना लिया था।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा जुंटा (सैन्य प्रशासन) को दिए गए हमारे संदेश में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्हें सत्ता छोड़ देनी चाहिए, लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को बहाल करना चाहिए और म्यांमार के लोगों के प्रति हमारे संदेश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। प्राइस के बयान से एक दिन पहले अमेरिका ने म्यांमार के सैन्य अफसरों के विरुद्ध अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।


अमेरिका और कई पश्चिमी देश म्यांमार को उसके पूर्ववर्ती नाम बर्मा से संबोधित करते रहे हैं। प्राइस ने कहा हम बर्मा के लोगों के साथ हैं। हम विश्व में समान विचारधारा वाले अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ मिलकर, बर्मा में असैन्य सरकार की बहाली का समर्थन करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बर्मा के सैन्य अफसरों को समझना चाहिए कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी सरकार को हटाने के उनके प्रयास के नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि तख्तापलट के लिए जवाबदेही तय करने का अकेला अमेरिका ही पक्षधर नहीं है। प्राइस ने कहा, हमने ब्रिटेन और कनाडा द्वारा हाल में लगाए गए प्रतिबंधों का समर्थन किया है और यूरोपीय संघ जो भी कदम उठाएगा हम उसका भी स्वागत करेंगे।

## आइसलैंड में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 5.6 रही तीव्रता

**रेक्जाविक।** यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, आइसलैंड में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय समयानुसार भूकंप के ये झटके बुधवार सुबह 11 बजे महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई. इसका केंद्र ग्रिन्डविक था। फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं आई है। आइसलैंड उत्तर पश्चिमी यूरोप में उत्तरी अटलांटिक में ग्रीनलैंड, फरो द्वीप समूह और नार्वे के मध्य बसा एक द्विपीय देश है। आइसलैंड का क्षेत्रफल लगभग 1,03,000 किमी स्क्वॉयर है। इसकी अनुमानित जनसंख्या 3,13,000 है। यह यूरोप में ब्रिटेन के बाद दूसरा और विश्व में 18वां सबसे बड़ा द्वीप है। रेक्जाविक यहां की राजधानी है और देश की आधी जनसंख्या यहीं निवास करती है।


# यूएनएचआरसी में 2022-24 कार्यकाल के लिए चुना जाना चाहता है अमेरिका: ब्लिंकन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से अमेरिका के बाहर होने के करीब तीन साल बाद इस वैश्विक संस्था के 2022-24 कार्यकाल के लिए लौटने की इच्छा जताई है। उन्होंने अमेरिका के इस कदम के पीछे यह तर्क दिया है कि बाइडन प्रशासन लोकतंत्र और मानवाधिकारों को अपनी विदेश नीति के केंद्र में रख रहा है। गौरतलब है कि जून 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को यूएनएचआरसी से बाहर कर लिया था। उन्होंने इसे ह्यपाखंडी और स्व-हित साधने वाला संगठनह्ल करार दिया था, जो इजराइल के प्रति कभी न खत्म होने वाली शत्रुता प्रदर्शित करता है।

जिनिवा स्थित यूएनएचआरसी 47 सदस्यीय एक अंतर-सरकारी संस्था है, जो संयुक्त राष्ट्र के तहत आता है और उसे मानवाधिकारों की निगरानी करने की जिम्मेदारी दी गई है। ब्लिंकन ने बुधवार को मानवाधिकार परिषद के 46 वें सत्र को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वह यूएनएचआरसी में लौटने की अमेरिका की कोशिश में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों का समर्थन चाहते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी को अपने पहले संबोधन में कहा, ह्यह्यअमेरिका लोकतंत्र और मानवाधिकारों को अपनी विदेश नीति के केंद्र में रख रहा है क्योंकि वे शांति एवं स्थिरता के लिए जरूरी हैं। यह मजबूत वादा है ह्ल उन्होंने कहा, यही कारण है कि मुझे इस बात की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका 2022-24 के लिए यूएनएचआरसी में चुना जाना चाहता है। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से विनम्रता से अनुरोध करते हैं कि इस संस्था में एक सीट पाने की हमारी कोशिश का समर्थन करें। बाइडन प्रशासन का यह कदम ट्रंप प्रशासन के एक प्रमुख नीतिगत फैसले को पलट देगा।

# यूएनओ में आतंकवाद पर भारत ने पाकिस्तान को लिया आड़े हाथ



**वॉशिंगटन।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में आंतकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को आड़े हाथ लेते हुए जमकर सुनाया। भारत ने कहा कि कुछ राष्ट्र आतंकियों को अंतरराष्ट्रीय निगरानी से बचाने के लिए उनकी मदद कर रहे हैं ताकि छद्म युद्ध में उनकी मदद ली जा सके। भारत ने पाकिस्तान में किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का अप्रत्यक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा कि आतंकियों के हमले के जवाब में आत्मरक्षा का अधिकार लागू होता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि के नागराज नायडू ने कहा कि आतंकियों की मदद करने वाले राष्ट्र उन्हें प्रशिक्षण, वित्तीय मदद, खुफिया जानकारी, हथियार और भर्ती करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि भारत दशकों से सीमापार छद्म युद्ध और पड़ोसी देश की मदद से आतंकियों के हमले का सामना कर रहा है।

नायडू ने कहा, ह्यफिर चाहे वह वर्ष 1993 का मुंबई हमला हो या 26/11 हमले के दौरान अंधाधुंध हमला जिसमें लोन वुल्फ अटैक का हमले सामना करना पड़ा या पठानकोट और पुलवामा हो। दुनिया ने देखा है कि भारत लगातार इस तरह के नान स्टेट ऐक्टर्स के हमले का शिकार रहा है। भारत ने कहा कि इन नॉन स्टेट ऐक्टर्स के हमले के जवाब में आत्मरक्षा का अधिकार लागू होता है। आत्मरक्षा के अधिकार के लिए हमले का स्त्रोत फिर चाहे वह स्टेट का हो या नॉन स्टेट का, मायने नहीं रखता है। नायडू ने कहा कि नॉन स्टेट ऐक्टर्स जैसे आतंकी गुट अक्सर देशों पर दूर से हमला करते हैं जो दूसरे देश में स्थित होता है। इस दौरान आतंकी दूसरे देश की संप्रभुता की आड़ लेते हैं।

# कोरोना काल में जापान में बढ़े आत्महत्या के मामले, परेशान सरकार ने मंत्री नियुक्त किया

**टोक्यो।** जापान में बढ़ते आत्महत्या के मामले से परेशान सरकार ने बड़ा कदम उठकर मिनिस्ट्री आफ लोनलिनशन यानि अकेलेपन को दूर करने के लिए एक मंत्री को नियुक्त किया है। दरअसल कोरोना काल में जापान में आत्महत्या करने वालों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। साल 2020 में करीब 11 साल बाद जापान में अकेलेपन की वजह से इतनी बड़ी संख्या में आत्महत्या के केस सामने आए हैं,इसके बाद जापान सरकार ने फैसला लिया है।रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन का अनुसरण करते जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने इस महीने की शुरूआत में अपनी कैबिनेट में मिनिस्ट्री आफ लोनलिनशन का पद जोड़ा था।

इससे पहले साल 2018 में ब्रिटेन ने भी कुछ इसी तरह के का पद नियुक्त कर दुनिया का पहला देश बना था। जापानी प्रधानमंत्री सुगा ने मंत्री तात्सुशी सकामोतो को इसकी जिम्मेदारी दी है। मिनिस्ट्री आफ लोनलिनशन मंत्री बने तात्सुशी सकामोतो के पास पहले से देश की गिरती जन्म दर का मुकाबला करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने का प्रभार है। जिम्मेदारी मिलने के बाद मंत्री सकामोटो ने कहा कि प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने इसे राष्ट्रीय मामला माना है, उन्हें इसका हल करने की जिम्मेदारी मुझे दी है। मुझे महामारी के तहत महिलाओं की बढ़ती आत्महत्या दर के मुद्दे को हल करने के लिए नियुक्त किया गया है।

सकामोतो ने कहा, ह्यप्रधानमत्री सुगा ने मुझे संबंधित मंत्रालय के साथ समन्वय करके, इस मुद्दे की जांच करने और एक व्यापक रणनीति बनाने का निर्देश दिया है। मुझे उम्मीद है कि सामाजिक अकेलापन और अलगाव को रोकने के लिए और लोगों के बीच संबंधों को बचाने के लिए कुछ गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा ह्ल एक अध्ययन के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान किशोरों में अकेलेपन की समस्या बढ़ी है। किशोरों में अत्यधिक इंटरनेट उपयोग करने की वजह से ऐसा हो रहा है। अध्ययन में कुल 1,750 किशोरों को शामिल किया था। इसमें 16, 17 और 18 वर्ष की उम्र के लोगों को शामिल किया गया था। इनमें अधिकांश लोगों ने इंटरनेट पर काफी समय खर्च किया था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# प्रबंध कार्यकारिणी के दो सदस्यों को मीटिंग में शामिल होने पर लगाई रोक

» मदरलैंड, महेश चंद मीणा

रैणी। खोहरा चौहान दुध उत्पादक सहकारी समिति खोहरा चौहान-79 के चुनाव गैर नियमानुसार होने के कारण सहायक रजिस्ट्रार अलवर ने प्रबन्ध कार्यकारिणी के दो सदस्यो को मिटिंग मे शामिल होने के लिए लगाई रोक ।

घोषणापत्र मे बिन्दू संख्या-4 के अनुसार कक्षा-5 उत्तीर्ण का विधालय से मागा जायेगा सबूत

राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 व अधिनियम 2003 को ध्यान मे रखते हुए दिए गए है सभी को नोटिस आगामी 15 मार्च को होनी है सुनवाई खोहरा चौहान दुध समिति का चुनाव 06-2-2021 को सम्पन्न हुआ था , जिसमे सदस्य व भूतपूर्व समिति अध्यक्ष किशोरी लाल मीना ने आरोप लगाया है कि जो हमारी समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ है।

जिसमे निर्वाचन अधिकारी सुधीर चौधरी पर मनमाने तरीके से गैर नियमानुसार , बिना किसी समिति के रिकोर्ड के मिलान किए ही पूर्व सचिव केंद्र सिंह के दबाव मे आकर , मनचाहे तरीके से किसी भी योग्य सदस्य का नाम अन्तिम मतदाता सूची मे से हटा दिया गया और मनचाहे तरीके से किसी भी अयोग्य किसान का नाम अन्तिम मतदाता सूची मे जोड दिया गया। भूतपूर्व अध्यक्ष ने निर्वाचन अधिकारी पर आरोप लगाए है। निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा संचालक मंडल के सभी सदस्यो से आवेदन पत्र के साथ स्वयं द्वारा घोषणा पत्र भी संलग्न साथ मे ही कराया गया। जिस घोषणा पत्र के बिन्दू संख्या-4 मे साफ तौर पर उम्मीदवार द्वारा कक्षा-5 उत्तीर्ण विधालय से होने की भी घोषणा कर रखी है। दूसरी इस समिति के चार निर्वाचित संचालक मंडल सदस्यो ने अपनी घोषणापत्र मे भी अंगुठा लगाया है और अपने आवेदन पत्र पर भी हस्ताक्षर की जगह अंगूठा लगाया है। समिति के प्रस्ताव रजिस्टर मे भी अंगुठा ही लगाया है तो फिर निर्वाचन अधिकारी सुधीर चौधरी ने उसी समय इन सभी अनपढ लोगो का फोर्म निरस्त क्यो नही किया गया,, ?

इन सभी कारणो को ध्यान मे रखते हुए न्यायालय पंच निर्णायक एवं सहायक रजिस्ट्रार अलवर को धारा-58 मे वाद दर्ज कराया है जिसमे न्यायालय पंच निर्णायक (सहायक रजिस्ट्रार) अलवर ने दो सदस्यो (खिलारी व रामकिशन) को प्रथम दृष्टिकोण मे शिकायत के आधार पर संचालक मंडल की मिटिंग मे भाग लेने पर रोक लगाई गई है और आगामी 15 मार्च 2021 को सुनवाई की तारीख दी गई है जिसमे पुख्ता सबूतो के साथ उपस्थित होने के लिए तामिल कराई गई है।

थानागाजी अभिभाषक संघ द्वारा विधायक का जताया आभार किया स्वागत

## आमजनता से जुड़े हर कार्य को पूरा करवाने की मेरी जिम्मेदारी: विधायक कांति मीणा

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी



थानागाजी अभिभाषक संघ द्वारा अउखट व ADJ कोर्ट के खुलने की घोषणा बजट में किये जाने पर आज शाम विधायक कान्ती प्रसाद मीणा का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर विधायक कान्ती प्रसाद ने कहा की मैं हर तरीके से मेरे क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित हूँ और आमजनता से जुड़े हर कार्य को पूरा करवाने की मेरी जिम्मेदारी है । थानागाजी क्षेत्र को ACJM व ADJ कोर्ट की बहुत आवश्यकता थी जिसे मैंने आमजन के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर पूर्ण करवाया है। और उन्होंने कहा की यह सब हमारे जमीर और जनता के आशीर्वाद से ही सम्भव हो पाया है और इसके धन्यवाद की असली हकदार थानागाजी की जनता है ।

कार्यक्रम में विधायक महोदय का माला पहनाकर एवं सफाया बाँधकर स्वागत अभिनदंन किया गया।

## दो गोवंश को गोद लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने ली बड़ी जिम्मेदारी

» मदरलैंड, संजय बागड़ी



कोटकासिम कस्बे की शिव गोरक्ष धाम गौशाला के 2 गोवंश को बुधवार को विश्व हिंदू परिषद कोटकासिम द्वारा गोद लिया गया। निखिल राठी सुबह-सुबह गौशाला पहुंचे और दो गोवंश को गोद लेने की इच्छा जताई। इसके पश्चात इस हेतु दो बछिया का चुनाव किया गया । जिनमें से से एक बछिया पैर से अपाहिज है ।

इस अवसर पर उन्हें नहला कर चुनरी उढ़ाई गई व उनकी पूजा अर्चना की गई तथा दोनों को चारा खिलाया। इन दोनों के आजीवन चारा आदि की पूरी जिम्मेदारी ली है। गौशाला के संयोजक पवन सोनी ने बताया कि जो भी गौ भक्त गौ वंश को गोद लेना चाहते हैं उन्हें गौशाला में 11 हजार रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से जमा करवानेपड़ते हैं इस राशि को गोद लिए गए गोवंश पर खर्च किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### खैरथल में रोडवेज के नए बस डिपो की स्थापना के प्रयास शुरू

मदरलैंड संवाददाता, खैरथल राजस्थान परिवहन निगम की ओर से खैरथल में रोडवेज डिपो के खोले जाने की संभावनाओं के प्रबल आसार दिखाई देने लगे हैं ।विदित रहे खैरथल में रोडवेज का बस डिपो खोले जाने की मांग को लेकर पांच दशक से स्थानीय जनता प्रयास कर रही थी, लेकिन किसी भी विधायक ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। वर्तमान विधायक दीपचंद खैरिया ने खैरथल विकास समिति की मांग को प्रमुखता से लेते हुए सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर डिपो खोले जाने की मांग की। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि डिपो की स्थापना के संबंध में निगम के जीएम ( ट्रेफिक ) की ओर से सर्वे कराया जा रहा है। डिपो की स्थापना के लिए खैरथल विकास समिति के हीरालाल भूरानी की ओर से निगम अध्यक्ष राजेश्वर सिंह को एक पत्र लिखा गया था। इस पर अध्यक्ष ने जीएम ट्रेफिक को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश प्रदान किए हैं। जीएम ट्रेफिक द्वारा सर्वे के बाद पत्रावली अध्यक्ष के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी।

### अहमदाबाद- वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक ट्रेन का संचालन 7 मार्च से

मदरलैंड संवाददाता, खैरथल रेलवे की ओर से अहमदाबाद – श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा का 7 मार्च से संचालन किया जाएगा। कटरा जाते वक्त यह ट्रेन खैरथल स्टेशन पर सोमवार सुबह9.01 पर आएगी व9.03 पर रवाना होगी। वहीं अहमदाबाद जाते वक्त यह ट्रेन सुबह9.20 पर खैरथल आएगी और9.22 पर रवाना होगी। ट्रेन का खैरथल स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। ट्रेन में सैकण्ड एसी,थर्ड एसी, द्वितीय शयनयान, द्वितीय कुसीर्यान कोच होंगे।

### पूर्व सांसद निवास मंदिर राधा कृष्ण मूर्ति की स्थापना हुई विधि विधान से



तिजारा कस्बे के वार्ड दो में होली टीबा मार्ग स्थित मूर्ति स्थापना व विशाल भंडारे का हुआ। पूर्व पार्षद के निवास पर मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना की गई ।बड़े धूमधाम के साथ की गई विधि विधान के साथ मटरू पंडित ने पूजा-अर्चना कराई ।ठाकुर जी के प्रसाद का भोग लगाकर भंडारे का शुरू किया गया ।श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष उर्मिला रामेश्वर सैनी पूर्व पार्षद मंगतूराम सैनी, जितेंद्र सैनी ,पार्षद रामेश्वर सैनी, मीना सैनी , योगेश सैनी ,आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी में घोटाला ना रजिस्टर में हस्ताक्षर ना मौके पर कार्यकर्ता मौजूद

मदरलैंड, सुनील शर्मा, नारायणपुर ।कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोती की ढाणी में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र 4 में पोषाहार के वितरण में अनियमितताएं पाई गई। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी में 10 धात्री महिला, 10 गर्भवती महिलाएं तथा 55 बच्चों सहित 75 लाभार्थी पंजीकृत है, जिसकी दाल पोषाहार डीलर द्वारा 9 क्विंटल चने की दाल दी गई। सरपंच प्रतिनिधि प्रहलादराम सैनी, वार्डपंच बुद्धाराम यादव, सरदाराम यादव तथा आशा सहयोगिनी मंजू यादव ने प्रत्येक लाभार्थी को सितंबर, अक्टूबर-नवंबर, दिसंबर माह की 12 किलो चने की दाल वितरित की गई, जिसमें कीड़े लगे हुए थे। वही मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका अनुपस्थित मिली तथा कर्मचारी रजिस्टर देखे जाने पर दिसंबर, जनवरी व फरवरी माह में कार्यकर्ता के हस्ताक्षर तक नहीं किए गए।

## ट्रक-कार भिड़ंत में दो व्यापारी व दो बच्चे बाल-बाल बचे

» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी



खैरथल । कस्बे की नई अनाज मंडी बाई पास पर ट्रक और कार की टक्कर में मंडी के दो व्यापारी बाल- बाल बच गए।उसी दौरान साइकिल से गुजर रहे दो बच्चे भी बाल- बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार मंडी व्यापारी मुकेश आयल मिल के मालिक अशोक गुप्ता व मंडी व्यापारी राजेंद्र सेठी (चाचा) कार से अलवर से खैरथल मंडी आ रहे थे। मंडी गेट के सामने डिवाइडर नहीं होने की वजह से गाड़ी घुमाते ही पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक चालक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यापारी बाल - बाल बच गए। मौके से ट्रक चालक टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कई व्यापारी मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय दो बच्चे भी साइकिल से गुजर रहे थे वे भी चपेट में आ गए , लेकिन वे भी बाल - बाल बच गए। साइकिल चकनाचूर हो गई। व्यापार समिति के अध्यक्ष अशोक डाटा ने मंडी समिति सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी से मिलकर तुरंत मंडी गेट के सामने डिवाइडर बनवाने व स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की है। फोटो कैप्शन-ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार।

## आठ लाख रूपए बकाया होने पर विद्युत विभाग ने उतारे 5 ट्रांसफॉर्मर

» मदरलैंड, रेखचन्द्र भारद्वाज



भरतपुर जुरहरा। जयपुर डिस्कॉम कामां की टीम के द्वारा गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवो में कार्यवाही करते हुए करीब आठ लाख रुपए की विद्युत राशि बकाया होने के चलते पांच ट्रांसफार्मरों को उतारकर विद्युत सप्लाई काट दी गई है।

कनिष्ठ अभियंता जीतेश मीणा ने बताया गुरुवार को जयपुर डिस्कॉम कामा की टीम के द्वारा करीब आठ लाख रुपए का बिल बकाया होने पर गांव बहादुरपुर से एक, खेड़ली गुमानी से एक, नेतावाड़ी से दो व कामां कस्बे से एक ट्रांसफार्मर को उतारकर विद्युत सप्लाई काट दी गई है।

कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता जीतेश मीणा, कनिष्ठ अभियंता रामविलास, राजीव खुराना, राजेंद्र, नरेश, राजेश, कपिल, मुकेश, भगवानदास, शिवराम, बली प्रसाद, बलराम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## आँखे है तो जहान है वर्ना ये दुनियां विरान है: डॉ रिंकू मेहता

» मदरलैंड संवाददाता




खैरथल। लायंस/लियो क्लब खैरथल मंडी व इक्विटास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में क्लीयर विजन आई केयर खैरथल के सहयोग से इक्विटास बैंक शाखा खैरथल में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

लायंस क्लब खैरथल मंडी के नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन अभिषेक गोयल ने बताया कि शिविर में 109 मरीजों की आँखों की जाँच कर आवश्यकतानुसार दवाइयाँ व चश्में निशुल्क वितरित कर मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

डॉ रिंकू मेहता ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि आँखे है तो जहान है वर्ना ये दुनियां विरान है आँखों की नियमित जांच करवाते रहना चाहिए ताकि समय रहते बीमारी का पता लग सके व बीमारी का जल्दी से जल्दी निदान हो सके।

इस अवसर पर इक्विटास के क्षेत्रीय अधिकारी रवि सिंह,शाखा प्रबंधक सुन्दर वर्मा सहित लायंस/लियो क्लब खैरथल मंडी के सदस्य उपस्थित रहे।

## कोटकासिम को नगर पालिका बनाए जाने की घोषणा, क्षेत्र में खुशी का माहौल

» मदरलैंड संजय बागड़ी

कोटकासिम। इस बार राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सरकार के नए बजट की घोषणा में कोटकासिम कस्बे को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। क्षेत्र में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा मिठाई बांटकर एवं पटाखे छोड़ खुशी व्यक्त की गई तथा साथ ही साथ अशोक गहलोत का आभार भी व्यक्त किया गया।

इधर कस्बे के मुख्य बाजार में व्यापार मंडल सहित वरिष्ठ नागरिकों ने खड़े होकर पटाखे फोड़े एवं मिठाई बांटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह का भी धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर कोटकासिम कस्बे के सरपंच महावीराचार्य ने बताया कि पिछले काफी समय से कस्बे के लोगों द्वारा यह मांग की जा रही थी कि कोटकासिम को नगरपालिका घोषित किया जाए। इस बार की बजट घोषणा में गहलोत सरकार द्वारा कोटकासिम को नगर पालिका बनाने की घोषणा कर दी गई। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई।

विदित रहे पिछले काफी समय से कोटकासिम के विभिन्न संगठनों द्वारा कस्बे को नगर पालिका में परिवर्तित करने की मांग की जा रही है । अब क्योंकि नगर पालिका बनाने की घोषणा कर दी गई इसके बाद नए तरीके से कस्बे को शहरीकरण का ढांचा तैयार किया जाएगा ।

## श्री राम कथा आयोजन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### कथावाचक साधना दीदी वृंदावन वाली का किया भक्तों ने भव्य स्वागत





» मदरलैंड संवाददाता

अलवर मालाखेड़ा रोड स्थित हल्दीना रोड सैनी प्याऊ के निकट साधना दीदी वृंदावन वाली के श्री मुख से चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा भव्य कार्यक्रम मैं गुरुवार को भक्तों का सैलाब उमड़ा। कथा के दौरान श्री राम भक्त महिला पुरुषों में 12:00 से 5:00 बजे तक निरंतर एकाग्रता शांत चित्त श्री राम कथा भक्ति सरिता आनंद लिया और इसी दौरान महिला पुरुष भक्त जनों ने भगवान की लीला गुणगान भजनों में नाच गाकर भक्ति सरिता में डुबकी लगाई।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने पदभार किया ग्रहण सेक्टर के थानों का किया जाएगा निरीक्षण

» मदरलैंड, रामस्वरूप नायक



रायसिंहनगर सेक्टर के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा ने विभागीय आदेशों के बाद जयपुर से आए बनवारी लाल मीणा ने सुरेश खींची की जगह पदभार ग्रहण किया और पद ग्रहण करने के साथ ही बताया कि समाचार पत्रों और सामाजिक संगठनों के द्वारा दिए गए ज्ञापनों के माध्यम से जानकारी मिली है कि क्षेत्र में इन दिनों नशे और क्राइम को लेकर समाजिक संगठन आवाज उठा रहे हैं जल्द ही अगर इस तरह की क्षेत्र में समस्या है तो प्रमुखता से और सख्ती के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी अधिकारी ने बताया कि संपत्ति विवादों जैसे मामले को जल्दी से जल्दी निपटाने की कोशिश की जाएगी सेक्टर के थानों का निरीक्षण किया जाएगा एनडीपीएस की कार्यवाही को प्रमुखता से किया जाएगा वहीं थाने में आए हुए हर परिवादी का ध्यान से परिवार सुना जाए इसके लिए अधिकारी को अवगत भी करवाया जाएगा तो वहीं समय पर और सही जानकारी मीडिया कर्मियों को दी जाएगी तो वही अधिकारी ने करणपुर में हुए मर्डर के मुलजिम को जल्द ही गिरफ्तार कर राउंडअप किया जाएगा और दोषी को कानून के द्वारा सजा दी जाएगी तो वही अधिकारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि आगर क्षेत्र में कहीं संगीन अपराध हो रहा है तो उसकी सूचना मुझ तक या नजदीकी थाने में जाकर जरूर अधिकारी को अवगत करवाएं जिससे क्राइम और नशे पर अंकुश लगाया जा सके

## भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

» मदरलैंड, महावीर प्रसाद



तिजारा भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत शाहाबाद मंडल का प्रशिक्षण शिविर अवनी ग्रीन सोसाइटी पलाडिया पर संपन्न हुआ ! दो दिवसीय शिविर में भाजपा केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित 10 विषयों पर वक्ताओं ने विस्तार से समझाते हुए कार्यकताओं को प्रशिक्षित, किया ।दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास और विकास से अवगत कराना व भाजपा का राष्ट्र के प्रति समर्पण ,जन सेवा के कार्य , सरकार द्वारा चालू की गई ।जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उनका अधिक से अधिक फायदा आमजन को प्रदान कराने के लिए लोगों के बीच जाकर भाजपा सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताना ! दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मैं वक्ताओं ने निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया ,समाज के समक्ष चुनौतियां, 2014 के बाद भारत की राजनीति में आया बदलाव ,व्यक्तित्व विकास ,सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भर भारत का संकल्प, सोशल मीडिया का प्रभाव उपयोग कार्य पद्धति और संगठन संरचना में हमारी भूमिका विषयों पर विस्तार से समझाते हुए कार्यकताओं पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया ! इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष महा सिंह चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री पूजा यादव, जिला महिला मोर्चा संयोजक चित्रा शर्मा, जिला महामंत्री उम्मेद भाया, प्रदेश मंत्री सोहनलाल सुलानिया, रामवीर शाहाबादी, मंडल प्रभारी बलवीर लबाना रहे ! इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, महामंत्री एड. विनय पाल यादव, पूरण तवर ,मनोज यादव, चंद्रपाल यादव युवा मोर्चा, विनय यादव, टिंकू एमपीएस, समुंदर सिंह, दलीप , सतीश आहूजा, राकेश यादव, नीरज चावड़ा, चिरंजी लाल सरपंच रामनिवास सरपंच, हंसराज सरपंच, संजय प्रजापत, सुषमा, प्रीति सैनी, मदन डागर ,कृष्ण कुमार व मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे !

आयुर्वेद बचाओ रैली 27 फरवरी को

# संयुक्त संघर्ष समिति की पंचम बैठक में हुई आयुर्वेद बजट की समीक्षा: डॉ. राम अवतार शर्मा

» मदरलैंड, श्रीराम इंदौरिया

जयपुर आयुर्वेद विश्वविद्यालय बचाओ आयुर्वेद विभाग बचाओ ‘संयुक्त संघर्ष समिति’ की पांचवी बैठक में 27 फरवरी को ‘आयुर्वेद बचाओ रैली’ के आयोजन का निर्णय लिया गया। प्रदेश संयोजक डॉ.राम अवतार शर्मा ने बताया कि बुधवार को पेश हुए राजस्थान बजट की समीक्षा करते हुए सरकार द्वारा आयुर्वेद विभाग में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए की गई 11543 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक घोषणाओं की सराहना की गई। लेकिन राज्य सरकार के स्तर पर आयुर्वेद चिकित्सकों और बेरोजगारों की मूल समस्याओं से किनारा कर लेने के कारण बैठक में आक्रोश प्रकट किया गया। एक तरफ जहां प्राइवेट होम्योपैथी कॉलेज संचालक को आयुर्वेद युनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट से हटाने के लिए आंदोलन चल रहा है। वहीं दूसरी ओर नये खोले जाने वाले होम्योपैथी कॉलेज को विश्वविद्यालय केंपस से बाहर स्थापित करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। उल्लेखनीय है कि बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में अवैधानिक तरीके से घुसकर विमल कांवट ने आयुर्वेद विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव रखा था, केंपस में शिक्षा का वातावरण खराब होने से आक्रोशित छात्रों ने होम्योपैथी कॉलेज के लिए एक इंच जमीन भी नहीं देने का अभियान शुरू कर दिया। चूंकि इससे युनिवर्सिटी के मास्टर प्लान के अनुसार भविष्य के विकास की संभावनाएं भी बाधित हो रही हैं। पिछले एक माह से चले आ रहे आंदोलन का अभी पटाक्षेप भी नहीं हुआ कि राज्य सरकार ने बजट में आयुर्वेद बेरोजगारों की मांगों को नजरंदाज कर दिया, जिससे चिकित्सकों का आक्रोश छलक पड़ा। बैठक में आयुर्वेद विभाग में नये खोले जा रहे 500 हेल्थ वेलनेस सेंटर पर नये CHO की भर्ती करने, सन् 2013 की भर्ती में से कटौती किए गए 760 पदों को पुनर्जीवित करने, नई बनी ग्राम पंचायतों पर पास के औषधालय को शिफ्ट करने की बजाय नवीन औषधालय खोलने, प्रक्रियाधीन चिकित्साधिकारी भर्ती में सभी 1381 रिक्त पदों को शामिल करने, NHM में लगे संविदा आयुर्वेद चिकित्सकों का मानदेय एलोपैथिक चिकित्सकों के समान करने, डीपीसी और DACP की प्रक्रिया को यथासमय पूर्ण करने, कोरोना महामारी के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा की महत्ता को देखते हुए राज्य सरकार के अंश से HR का बजट दुगुना करने, स्वतंत्र आयुर्वेद मंत्रालय का गठन करने, आयुर्वेद विभाग में होम्योपैथी की घुसपैठ को रोकने आदि मांगों पर चर्चा की गई। चूंकि 28 फरवरी को पूरक बजट घोषणा होने वाली है, इसलिए आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। पिछले एक महीने से चले आ रहे राज्यव्यापी आंदोलन के बावजूद राजभवन द्वारा गलत तरीके से मनोनीत किए गए सदस्य को हटाकर आयुर्वेद शिक्षाविद् को नियुक्त नहीं करने तथा आयुर्वेद बजट में बेरोजगारों और चिकित्सकों की समस्याओं को नजर अंदाज करने से उद्वेलित समिति पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से 27 फरवरी को आयुर्वेद बचाओ रैली के आयोजन का निर्णय लिया। इस हेतु पुलिस कमिश्नरेट से अनुमति की प्रक्रिया तीन दिन पहले ही शुरू कर दी गई थी। यदि फिर भी अनुमति नहीं मिली तो प्रदेश के सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसकी यथा समय सूचना दे दी जाएगी। इस हेतु निजी फार्मेसियों के सौजन्य से बैनर बनवाने, तख्तियां तैयार करने, अल्पाहार आदि की स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की जा सकेगी। इसके साथ ही ट्विटर ट्रेंडिंग हेतु प्रयास जारी रखने, विधानसभा में प्रश्न उठवाने, राज्यपाल से मुलाकात का समय लेने, स्वदेशी चिकित्सा आयुर्वेद में विदेशी होम्योपैथी की घुसपैठ रोकने के लिए ‘आयुष Vs आयुर्वेद’ विषय पर संभाषा करने, वर्चुअल मिटिंग की जगह वास्तविक धरातल पर आगामी बैठक रखने, भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करने, सद्बुद्धि यज्ञ आदि पर भी चर्चा की गई। साथ ही युनिवर्सिटी एक्ट की अवहेलना करके नियुक्त किए गये षड़यंत्रकारी विमल कांवट की नियुक्ति निरस्त करवाने के लिए न्यायालय के द्वार खटखटाने के विकल्प पर भी विचार किया गया। आगामी रैली को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी 12 आयुर्वेद महाविद्यालयों के प्रभारी संयोजक भी नियुक्त किए गये. आयुर्वेद संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक डॉ.राम अवतार शर्मा ने बताया कि उपरोक्त मांगों के हल होने तक यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। आंदोलन का पहला पड़ाव युनिवर्सिटी के BOM से विमल कांवट को हटाने और पूरक बजट घोषणा में चिकित्सकों की मांगें शामिल करने पर पूर्ण होगा। भारतीय चिकित्सा में घुसपैठ के खिलाफ यह राजस्थान के इतिहास का सबसे लंबा आंदोलन बनने जा रहा है।

# नारसन में एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प सम्पन्न, भगवानपुर में निकाली रैली

» राजकुमार

नारसन। राजा महेंद्र प्रताप प्रेम विद्यालय इंटर कॉलेज गुरुकुल नारसन में आयोजित 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के 3 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प का गुरूवार को सफल समापन हो गया। कार्यक्रम में उत्तम कार्य एवं प्रशिक्षण कैंप में शानदार प्रदर्शन के लिए एनसीसी कैडेटों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। 23 फरवरी से जारी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में गुरुकुल नारसन, मंगलौर, रुड़की एवं झबरेड़ा के लगभग 100 कैडेटों ने शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, टेंट पिचिंग, आपदा प्रबंधन, सैन्य इतिहास आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन के लिए प्रधानाचार्य संजीव कुमार एवं प्रबंध समिति को धन्यवाद दिया साथ ही शिविर के प्रशिक्षक एएनओ एवं समस्त सैन्य अफसरों का भी उत्साह बढ़ाया। एनसीसी कैडेटों को उनके प्रमाण पत्र व शुभकामनाएं देते हुए कर्नल राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से एक सामान्य छात्र के व्यक्तित्व एवं व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव आ जाता है। प्रशिक्षण के पश्चात एक सामान्य कैडेट अपने



आत्मविश्वास, अनुशासन और परिश्रम से संघर्ष और चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी उर्जा से तैयार हो जाता है और राष्ट्र प्रेम, सामाजिक सेवा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। शिविर में प्रधानाचार्य संजीव कुमार, कैप्टन सुशील आर्य, कैप्टन विशाल शर्मा, लेफ्टिनेंट धर्म सिंह, सूबेदार मेजर विजेंद्र सिंह, सूबेदार रतन सिंह, नायब सूबेदार विजेंद्र सिंह, नायब सूबेदार जय सिंह, नायब सूबेदार रामप्रसाद, हवलदार राजे सिंह, हवलदार धनवीर प्रधान सहायक गोपाल शर्मा, वरिष्ठ सहायक रवि कपूर मौजुद रहे। उधर आरएनआई इंटर कॉलेज भगवानपुर के एनसीसी कैडेट्स ने 84 यूके बटालियन एनसीसी रुड़की के तत्वावधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ कॉलेज प्रधानाचार्य अशोक कुमार रतुड़ी ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वच्छ रहने से शरीर भी रोगमुक्त रहता है। इसलिए हमें स्वच्छ रहना चाहिए। साथ ही लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। रैली का नेतृत्व कर रहे 84 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह के दिशा निदेर्शों के अनुसार कस्बे की गलियों से होते हुए रैली में कैडेट्स ने पोस्टर व नारों द्वारा जन जागरण किया तथा सभी को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट आलोक कंडवाल, ऑफिसर राजेश कुमार एनसीसी कैडेट्स के साथ उपस्थित रहे। उन्होने कैडेट्स को स्वच्छता अपनाने तथा स्वछता से कोरोना वायरस को भगाने का संदेश दिया। इसके लिए मास्क व सेनेटाइजर का उपयोग करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# केवी-1 के छात्र विवांक की पेटिंग को मिला विश्व स्तर पर स्थान

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रुड़की के कक्षा 12वी जी के छात्र विवांक शर्मा की पेंटिंग को विश्व स्तर की प्रतियोगिता में स्थान मिला है। कला संकाय के विद्यार्थी विवांक शर्मा की पेंटिंग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता में बेस्ट 130 क्रिएटीव वर्क्स (सिल्वर केटेगरी) में स्थान मिला है। यह प्रतियोगिता बिंदास आर्ट ग्रुप द्वारा कोविड़-19 के ऊपर सिल्वर केटेगरी में आयोजित कराई गई। मुंबई में आयोजित कला प्रदर्शनी दर्शकों के लिए लाइव व ऑनलाइन भी उपलब्ध रही। इससे पहले भी इस विवांक ने अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) एलुमनाई एसोसिएशन कतर की ओर से आयोजित कराई गई पेंटिंग प्रतियोगिता में विश्व स्तर पर तृतीय स्थान पाया है। यह प्रतियोगिता भी कोविड-19 पर आधारित थी। जिसमे कोरोना के विभिन्न पहलुओं को छूते हुए पेंटिंग बनानी थी। विवांक शर्मा ने प्राकृतिक स्त्रोतों की बबार्दी के ऊपर अपनी पेंटिंग बनाई थी। इसमें विश्व भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साथ ही आईआईटी रूड़की द्वारा विज्ञानं दिवस पर आयोजित अंतर्विद्यालयी ऑनलाइन वाद-विवाद प्रतियोगिता के जूनियर केटेगरी में केवी-1, रूड़की कक्षा 7जी अ के ईशान गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर केटेगरी में कक्षा 9जी ब के देवांश गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार मिला। अंतर्विद्यालयी ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में केवी-1, रूड़की को द्वितीय स्थान मिला जिसमे कक्षा 12जी के छवि, अक्षय राज कटारिया, आयुषी एवं विनीत ने प्रतिभाग किया। ये दोनों प्रतियोगिताएं आईआईटी रूड़की द्वारा आयोजित कराई गई। इसमे केवी-1 के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। प्राचार्य वीके त्यागी ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यालय छात्रों को उनकी रूचि और प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। कोई भी क्षेत्र जो बच्चों को पसंद है उसमे वो अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेहतरीन करियर बना सकते है। प्राचार्य वीके त्यागी ने इस उपलब्धि पर विजेता छात्रों, शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। उप प्राचार्या अंजू सिंह ने कहा कि उसकी इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि कानूनों के विरोध में हरीश रावत ने निकाली पदयात्रा

मदरलैंड संवाददाता, झबरेड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कुंजा बहादुरपुर पहुंचकर शहीद राजा विजय सिंह के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर पदयात्रा शुरू की। कृषि कानूनों के विरोध में पदयात्रा निकालते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केंद्र की सरकार जिस तरह से किसानों के ऊपर तीन काले बिलों को थोपने का काम कर रही है यह बिल्कुल भी सही नहीं है किसानों के हित में इन्हे वापस लेना बहुत जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सन 1822 मे राजा विजय सिंह के नेतृत्व में किसानों ने अंग्रेजी शासकों के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़ी थी तो आज राजा विजय सिंह के पद चिन्हों पर चलकर किसानों की लड़ाई लड़ी जा रही है। कुंजा बहादुरपुर से शुरू होकर पदयात्रा इकबालपुर शुगर मिल तक पहुंची। उन्होंने किसान विरोधी बिल वापसी लेने के लिए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हरीश रावत ने कहा कि किसानों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि त्रिवेंद्र सरकार ने अभी तक किसानों के गन्ने का मूल्य निर्धारण नहीं किया है जो सरासर किसानो के साथ अन्याय है। हरीश रावत ने हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले को चार माह से घटाकर 15 दिन करने पर सरकार पर जमकर बरसे उन्होंने कहा कि यह हरिद्वार कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अपमान है। पदयात्रा कुंजा बहादुरपुर, बालेकी, यूसुफपुर, अमरपुर से होते हुए इकबालपुर शुगर मिल गेट पर का समापन हुआ। इस दौरान विधायक ममता राकेश, विधायक फुरकान अहमद, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुशील राठी, प्रदेश सचिव अभिषेक राकेश, पूर्व राज्य मंत्री मनोहरलाल शर्मा, रजनीश शर्मा, हाजी राव शेर मोहम्मद, हाजी राव नवबहार ढंडेरा, पीसीसी सदस्य उदय सिंह पुंडीर, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, डॉ पहल सिंह सैनी, अरविंद प्रधान सुनहरा, जिला पंचायत सदस्य विजय पाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता, श्रीगोपाल नारसन, अनिल पुंडीर, देवेश शर्मा मौजूद रहे।

### हजरत अली के जन्मदिन पर हुआ मुशायरा, उलेमा ने डाली रोशनी

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। मौला ए कायनात जां नशीन ए पैगंबर हजरत अली के जन्म दिवस पर शानदार अखिल भारतीय नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न शायरों ने हजरत अली को अपने कलाम के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। मुशायरे में मौजूद विभिन्न उलेमाओं ने हजरत अली के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा लोगों से हजरत अली के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मोहल्ला पठानपुरा स्थित बड़े इमामबाड़े में मुशायरे का आगाज तिलावत ए कुरान के साथ हुज्जत अब्बास नकवी ने किया। चांद मियां आब्दी ने बारगाह ए रिसालत में नात ए पाक पेश की। मुशायरे में मौजूद मौलाना सैयद शाहवेज अब्बास व मौलाना सलीम हैदर ने हजरत अली के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही लोगों से हजरत अली के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उलेमा हजरत ने कहा कि हजरत अली ने हमेशा अपने जीवन में समाज में शांति भाईचारा बनाए रखने की पहल की है इतिहास साक्षी है कि उनके जीवन में किसी प्रकार से कोई विवाद ऐसा नहीं हुआ जिससे समाज में विघटन की स्थिति उत्पन्न होती हो। उन्होंने कहा कि सभी को चाहिए कि वह हजरत अली के बताए मार्ग पर चलें तथा समाज में एकता भाईचारा व सद्भाव बनाए रखें। मुशायरे की अध्यक्षता पूर्व दजार्धारी सैयद अली हैदर जैदी व संचालन मौलाना इकबाल हुसैन ने किया। इस अवसर पर हामिद मंगलौरी, कारी नसीम अहमद मंगलौरी, अंजुम अफगानी, मोनिस काजमी, शबाब जैदी, नजम मंगलौरी, हयात जैदी, फहीम जैदी, रौनक जैदी, सूफी जाबिर अली कसीम, गुलाम रब्बानी, वफा आब्दी, गुलाम अब्बास, रजब अली आरफी, दानिश जैदी, अब्बास हैदर, अयान हैदर, नवाब मेहदी, अबूजर आब्दी, नूर अली, हुसैन अख्तर, आदिल मंगलौरी, शमीम हैदर आरफी, शफात हुसैन आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम संयोजक सैयद इरफान हुसैन जैदी ने सभी शायरों उलेमा हजरत व कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया।

### मोबाईल लुटेरे धरे, मोबाईल बरामद

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। क्षेत्र में सक्रिय झपट्टा मार गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त बाईक भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मंगलवार देर शाम मोहल्ला किला निवासी एक युवक दुकान से काम कर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने आतंकित कर उससे मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर मारपीट की गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। शहर चैकी पर तैनात उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह गुरुवार सुबह नहर पटरी पर गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें नहर पुल के नीचे सिल्वर कलर की बाइक पर दो युवक खड़े दिखाई दिए। संदिग्ध दिखाई देने पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने तलाशी ली तो उनके पास से एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। पूछताछ में आरोपितों ने झपट्टा मार गैंग के सदस्य बताया। सड़क किनारे खड़े होकर बात करने वाले लोगों के हाथ से वह मोबाइल छीन कर भाग जाते हैं। पुलिस ने युवक को मौके पर बुलाया। युवक ने दोनों की शिनाख्त की तथा बरामद मोबाइल को अपना बताया। आरोपियों ने अपने नाम अरुण व प्रदुमन निवासी ग्राम लिब्बरहेडी बताए हैं। इंस्पेक्टर मंगलौर यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपितों ने पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दिया है, लेकिन वह कोतवाली क्षेत्र से हटकर हुई है। पूर्व में उनका कोई अपराधिक इतिहास नहीं है लेकिन लगातार वह घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। आरोपितों से बरामद बाइक के बारे में बताया गया कि आरोपित किसी मित्र से बाइक मांग कर लाए थे और कई दिनों से उसे चला रहे थे। गुरुवार को आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आर्गेनिक खेती की तरफ बढ़ें किसान, सरकार करेगी मदद: बंसल

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। किसानों की आय दोगुना करने के साथ ही मोदी सरकार का प्रयास युवाओ को रोजगार उपलब्ध कराने और हर वर्ग, हर क्षेत्र में विकास का है। झबरेड़ा में भाजपा नेता डॉ जोध सिंह वर्मा के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद नरेश बंसल का विधायक देशराज कर्णवाल व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद ने भाजपा कार्यकताओं से क्षेत्र व पार्टी कार्यकताओं की समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा क्षेत्र के विकास कार्यों के विषय में पूछा। इसमें पार्टी कार्यकर्ताओ ने पूरी विधानसभा में हर क्षेत्र में विकास कार्य होने की बात कही। विधायक के कार्यो की सराहना की। हालांकि कुछ कार्यकताओं ने अपने निजि काम न होने को लेकर नाराजगी जताई, जिन्हे सांसद नरेश बंसल शांत कराया। कहा कि वह शीघ्र ही झबरेड़ा आएंगे तथा कार्यकताओं की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निदान किया जाएगा। सांसद ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। किसान समूह बनाकर क्षेत्र में धान से चावल निकालने का कोई बड़ा प्लांट लगाएं। इसके लिए सरकार किसानों की मदद करेगी। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती करने से किसानों को उनकी फसल का दाम किफायत में मिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओ का हौंसला बढ़ाया, कहा कि कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते हैं सबको मिलजुल कर पार्टी के लिए काम करना होगा। विधायक देशराज कर्णवाल ने कहा कि मोदी और त्रिवेंद्र सरकार के कार्यो से हर वर्ग खुश है। 2022 में भी प्रदेश में भाजपा का परचम लहराएगा। इस अवसर पर यशवीर सिंह चैधरी बिरम सिंह डॉ अरविंद डॉक्टर तेजपाल संदीप शीशपाल मंगू गुप्ता राजवीर सिंह अनिल गुप्ता कुलबीर सिंह देव चैधरी आदि मौजूद थे।

# मांगो को लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने किया कार्य वहिष्कार

» मदरलैंड संवाददाता

भगवानपुर। विभागीय समायोजन समेत अन्य लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को मनरेगा कर्मचारी दो दिवसीय कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। भगवानपुर ब्लाक प्रांगण में मनरेगा कर्मचारियों ने महात्मा गांधी नरेगा कर्मचारी संगठन के बैनर तले दो दिवसीय कार्यबहिष्कार करते हुए धरना शुरू किया। कर्मचारियों ने कहा कि विगत 8-10 सालों से विभागीय समायोजन की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार मांगों की अनदेखी कर रही है। इससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें गुमराह किया जा रहा है। इस वजह से मजबूरन कर्मचारियों को कार्य बहिष्कार करना पड़ रहा है।



उन्होंने उप कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा जेई, कंप्यूटर ऑपरेटर, ग्राम रोजगार सहायक, प्रोग्रामर समेत मनरेगा कर्मचारियों को ग्राम विकास विभाग या पंचायती राज विभाग में समायोजित करने, कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर ग्रेड-पे देने, कर्मचारियों को ईपीएफ, बीमा, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं सरकारी कर्मचारी की तरह देने, राज्य अंश ग्रेड-पे निर्धारण करते हुए मानदेय देने, बिना भत्ते स्थानांतरण कर्मचारियों को पुराने स्थान पर भेजने, उपनल के माध्यम से नहीं रखने, हटाए गए कार्मिकों की पुनरू बहाली करने, पूरे महीने का मानदेय देने की मांग की हैं। ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद सालिम ने कहा कि मांगे पूरी न होने से कर्मचारियों में रोष है। इस दौरान अमृत राठी, दीपचंद, मनोज कुमार त्यागी, सचिन कुमार, अंजली जोशी, रविंद्र सैनी, सलीम, सुमित सैनी, दीक्षित कुमार, सबनूर अली, जगमाल, सुशील कुमार मौजूद रहे।

# वार्डो से पूरे प्रस्ताव न आने पर मेयर ने स्थगित की बोर्ड बैठक

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। वार्डो से विकास के पूरे प्रस्ताव न आ पाने के कारण मेयर गौरव गोयल ने शहर हित में नगर निगम बोर्ड की बैठक को स्थगित कर दिया है। एक साल बाद गुरुवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक होनी थी। मेयर के इस कदम से कुछ पार्षदों में नाराजगी जरूर देखी जा रही है, लेकिन अपने वार्डो में प्रस्ताव तैयार करा रहे पार्षदों में खुशी की लहर भी है। बता दें कि 20 फरवरी 2020 को नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक हुई थी, जो काफी हंगामेदार रही थी, लेकिन विकास कार्यो के अनेक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। इसके बाद से निगम बोर्ड की कोई बैठक नहीं हो पाई। इसे लेकर नगर निगम के कुछ पार्षद कई बार अपनी नाराजगी जताने के साथ ही शहरी विकास मंत्री से भी मामले की शिकायत कर चुके हैं। झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल व मेयर के बीच हुआ विवाद भी चर्चाओ में रहा। हालांकि अब यह दूर हो चुका है और मेयर, विधायक दोनों एक मंच पर नजर आ रहे हैं। गुरुवार को दोनों की मुलाकात के बाद से तो कम से कम यही कहा जा सकता है। पार्षदों की मांग को देखते हुए मेयर ने 26 फरवरी को बोर्ड बैठक आयोजित करने की बात कही थी। इसे लेकर पार्षदों की ओर से 17 सौ से अधिक प्रस्ताव निगम में जमा कराए गए, लेकिन सभी वार्डो से पार्षदों के पूरे प्रस्ताव न आ पाने के कारण मेयर को फिर से बोर्ड बैठक स्थगित करनी पड़ी है। हालांकि घोषणा से पहले बुधवार देर शाम मेयर ने भाजपा पार्षदों की बैठक भी एक होटल में बुलाई। इसमें कुछ पार्षदो ने प्रस्ताव जमा न होने की बात कही। हालांकि बैठक में मैयर को कई पार्षदों की नाराजगी का भी सामना भी करना पड़ा जिन्हे बाद में मेयर की ओर से मना भी लिया गया। रुड़की नगर निगम में 48 पार्षदों में 38 पार्षद भाजपा के हैं। मेयर गौरव गोयल का कहना है कि बुधवार शाम पार्षदों की बैठक ली गई थी जिसमें पार्षदों ने कुछ प्रस्ताव जमा न होने की बात कही थी। इसे ध्यान में रखते हुए बोर्ड बैठक को स्थगित किया गया है। ताकि पार्षदों के छूटे हुए प्रस्ताव निगम में जमा कराये जा सके। जिससे किसी भी वार्ड या क्षेत्र में कोई कार्य अधुरा ना रहे। उधर मेयर के इस कदम की वार्ड वासियों ने भी सराहना की है। वार्ड वासियों का कहना है कि बोर्ड बैठक भले ही देर से हो, लेकिन सभी क्षेत्रों में काम हों। तभी बोर्ड बैठक का फायदा है। मेयर ने सभी वार्डो से प्रस्ताव मांग कर अच्छा कदम उठाया है।

# कुम्भ में नारसन में दौड़ेगी 108

» मदरलैंड संवाददाता

नारसन। कुंभ मेले को मध्य नजर रखते हुए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकार द्वारा एक एम्बुलेंस 108 की तैनाती की गई है। क्योकि कुंभ मेले के दौरान नेशनल हाइवे 58 पर काफी भीड़भाड़ रहने से अगर कोई घायल होजाने पर उसको तुरन्त इलाज के लिए एम्बुलेंस के जरिए भेज कर उसकी जान बचाई जा सके और कम समय में बड़े अस्पतालों तक पहुंच सके। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सक डॉ विवेक तिवारी ने बताया है की कुंभ मेले के दौरान काफी भीड़ होने को देखते हुए नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने राज्य सरकार से कुंभ मेले तक एक एंबुलेंस 108 की मांग उठाई थी जिसको सरकार ने गंभीरता से देखते हुए नारसन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक एंबुलेंस 108 को तैनात कर दिया गया है जिस की तैनाती केवल कुंभ मेले तक ही की गई है जिससे गम्भीर हालत वाले मरीजो को जल्द से जल्द रैफर करने के दौरान कही अच्छे अस्पतालों में भेजकर जान बचाई जा सके।

# आंदोलन को अलग-अलग दिनों में रवाना होंगे किसानों के जत्थे

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक मंडी परिषद स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई इसमें सभी किसान संगठनों ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आंदोलन कितना भी लंबा चले उसे पूर्ण रूप से सफल बनाए रखना है। इसके लिए प्रत्येक गांव से अलग-अलग दिनों में किसानों का जत्था दिल्ली आंदोलन के लिए जाने की रणनीति बनाई गई। यह जत्था 3 दिन के लिए जाएगा। इसके लिए एक योजना के तहत उन लोगों का चयन किया जा रहा है जोकि आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली जाएंगे। दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को 3 महीने का समय हो गया है। अब जबकि गन्ने की बुवाई का कार्य भी शुरू हो गया है जिससे किसान के ऊपर काम का बोझ बढ़ गया है। इसे देखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा ने अलग-अलग दिनों में किसानों को भेजने की रूपरेखा तैयार की। उत्तराखण्ड किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि किसान आंदोलन अब किसान के सम्मान का विषय बन गया है। यदि यह आंदोलन किसी भी तरह से सफल नहीं होता तो सरकार तीनों कृषि कानूनों को लागू कर किसानों के वजूद को समाप्त कर देगी। उन्होंने कहा कि अब जबकि सरकार की भी चूलें हिली हुई है ऐसे में आंदोलन को मजबूती प्रदान करना हर एक किसान मजदूर का कर्तव्य बनता है। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सुझाव दिए। बाद में इस बात पर सहमति बनेगी खेती के कार्य को ध्यान में रखते हुए आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए रणनीति बनाई जाए इसके लिए तय हुआ कि जिले भर के गांव से अलग-अलग टोलियों के रूप में किसान प्रत्येक गांव से 3-3 दिन के लिए दिल्ली स्थित आंदोलन स्थल पर जाएंगे एक जत्था वापस आएगा तो दूसरा यहां से रवाना होगा। इस तरह एक गांव का नंबर करीब 20 से 25 दिनों में आएगा। ऐसे में किसी भी किसान को कोई परेशानी नहीं होगी इस पर सहमति बनी तथा एक रूपरेखा तैयार कर उन लोगों का चयन किया गया। जिनके सुपुर्द यह कार्य किया गया है ताकि वह अपने अपने क्षेत्र से किसानों को दिल्ली भेजने के लिए तैयार करें। संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में अशोक चैधरी, धर्मेंद्र, सेठ पाल, हरेंद्र सिंह, संजय चैधरी, चैधरी रवि कुमार, रामपाल सिंह, नूर हसन, अरशद अली, सत्येंद्र मौजूद रहे।

# सुपरवाईजरों को दिया गन्ने की उन्नत खेती का प्रशिक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। इफको की ओर से सहकारी गन्ना विकास परिषद में सुपरवाइजरों को गन्ने की उन्नत खेती को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने उन्हें फसल में उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, उसमें लगने वाले रोग और प्रबंधन की जानकारी दी। गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष चैधरी राजेंद्र सिंह परमार और गन्ना समिति अध्यक्ष चैधरी जितेंद्र नागर ने कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में मुख्य फसल गन्ना है। इसीलिए किसानों को कम लागत से बेहतर पैदावार के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। धनौरी कृषि विज्ञान केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि गन्ने की अच्छी फसल के लिए सही बुआई महत्वपूर्ण है। उन्होंने गन्ने की सही बुआई के बारे में भी समझाया। इफको के मुख्य प्रबंधक डॉ. रामभजन सिंह ने गन्ने की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी। कहा कि देश में गन्ने की औसत पैदावार 64.52 कुंतल प्रति हेक्टेअर है जबकि उत्तराखंड में यह दर 61 कुंतल है। इसे बढ़ाने के लिए फसल का बेहतर प्रबंधन जरूरी है। इफको के राज्य विपणन प्रबंधक एनके सिरोही ने अर्ली वेरायटी के गन्ने की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया। क्षेत्रीय प्रबंधक पुनीत कुमार ने बुआई से कटाई तक गन्ने में लगने वाली मुख्य बीमारियों और उनकी रोकथाम के उपाय बताए। साथ ही उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। परिषद के सदस्य अतुल गुप्ता, समिति के प्रभारी सचिव गौतम नेगी, सीडीआई प्रदीप वर्मा व बीके चैधरी सुपरवाइजर मनोज प्रजापति, सौरभ नागर, संजीव कुमार, ब्रिजेश कुमार, कृष्णपाल, गुफरान अली, रइस अहमद, मनोज धारीवाल, अंकित प्रजापति, विनेश कुमार, सहेंद्र कुमार, सियानंद, अशोक कुमार आदि ने प्रशिक्षण लिया।

# बीरम सिंह बने आर्य सभा जिलाध्यक्ष

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। आर्य समाज प्रतिनिधि सभा बैठक में चैधरी बीरम सिंह को आर्य समाज प्रतिनिधि सभा का जिला प्रधान सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। आर्य समाज के नवनियुक्त झबरेड़ा कस्बा निवासी जिला प्रधान चैधरी बिरम सिंह ने कहा कि देश में जहां जहां भी आर्य समाज प्रतिनिधि सभा या आर्य समाज मंदिर हैं वहां प्रत्येक रविवार के दिन सुबह के समय हवन यज्ञ अवश्य होता है यज्ञ वेदों के मंत्रोच्चारण से किया जाता है। यज्ञ से कई बीमारियों का स्वयं ही अंत हो जाता है। यज्ञ करते समय उसमें डाले जाने वाला देसी घी व जड़ी बूटियों से निर्मित सामग्री से उठने वाला धुआं वातावरण को शुद्ध करने का काम करता है। यज्ञ का दूसरा कार्य परोपकार करना भी होता है। परोपकार का अर्थ दूसरों की सेवा करने से है। आर्य समाज समाज से अंधविश्वास व समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का काम करता है। कहा कि कुंभ मेले में भी आर्य समाज बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा। इस अवसर पर समाज प्रदेश मंत्री विजय गोयल श्याम सिंह आर्य चंद्र प्रकाश आचार्य विनोद सैनी आर्य जयपाल गिरी कंवरपाल यशपाल सिंह, वीरेंद्र वर्मा मौजूद थे।

# भाईचारे के मनाए रविदास जयंती: पुलिस

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। रविदास मंदिर परिसर में गुरूवार को थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने एससी समाज के लोगों के साथ रविदास जयंती शोभायात्रा को लेकर बैठक आयोजित की। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 26 फरवरी को संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए सभी सहयोग करें। शोभायात्रा में कोई भी शराब का सेवन ना करें। कहा कि शोभायात्रा को समय से प्रारंभ कर और समय से ही समापन किया जाए। यह पर्व सबका पर्व है और यह हमें शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई शोभायात्रा में किसी तरह का व्यवधान डालता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सरदार मदन सिंह खालसा मोलहड़ सिंह सौराज रामू अजब सिंह संदीप सुशील संजू विकास शोभित आदि मौजूद थे।

# जीएसटी को लेकर 26 को पूरे देश में 8 करोड़ व्यापारी करेंगे हड़ताल

## ऑल इंडिया ट्रांसपोटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कैट के समर्थन में इसी दिन चक्का जाम भी किया ऐलान



**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था को सरल बनाने की मांग को लेकर व्यापारियों के शीर्ष संगठन द कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 26 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। इसी के साथ सड़क परिवहन क्षेत्र की सर्वोच्च संस्था ऑल इंडिया ट्रांसपोटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कैट के समर्थन में इसी दिन चक्का जाम का ऐलान किया है।इसकी वजह से 26 फरवरी को सभी व्यावसायिक बाजार बंद रहेंगे।कैट के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और जीएसटी परिषद से माल एवं सेवा कर के कठोर प्रावधानों को समाप्त करने की मांग को लेकर 26 फरवरी को देश भर में 1500 स्थानों पर धरना भी दिया जाएगा1 देश भर के सभी बाजार बंद रहेंगे और सभी राज्यों के अलग-अलग शहरों में विरोध स्वरूप धरना का आयोजन किया जाएगा। सभी राज्य स्तरीय-परिवहन संघों ने भारत सरकार द्वारा पेश किए गए नए ई-वे बिल कानूनों के विरोध में कैट का समर्थन किया है. ट्रांसपोर्ट के कार्यालयों को इस दौरान पूरी तरह बंद रखने की घोषणा की है। किसी भी प्रकार की माल की बुकिंग, डिलीवरी, लदाई/उतराई बंद रहेगी। सभी परिवहन कंपनियों को विरोध के लिए सुबह 6 से शाम के 8 बजे के बीच अपने वाहन पार्क करने के लिए कहा है। एक जनवरी से प्रभावी होने वाले नए ईवे बिल के नियम से परिवहन और व्यवसायी वर्ग चिंतित है। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ईवे बिल की समय सीमा की वैधता घटाई जाएगी। वर्तमान में प्रति 100 किमी तक के लिए वाहन पर लादे गए सामान पर दो दिन के लिए ईवे बिल की समय सीमा है। यह एक जनवरी से मात्र एक दिन की रहेगी। देश के ट्रांसपोर्ट सेक्टर के अलावा बड़ी संख्या में अनेक राष्ट्रीय व्यापारिक संगठनों ने भी व्यापार बंद का समर्थन किया है जिसमें खास तौर पर ऑल इंडिया एफएमसीजी डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन, फेडरेशन ऑफ अलूमिनियम यूटेंसिलस मैन्यूफैक्चरर्सएंडट्रेडर्सएसोसिएशन, नार्थ इंडिया स्पाईसिस ट्रेडर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया वूमेंन एंटेरप्रिनियर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया कम्प्यूटर डीलर एसोसिएशन, ऑल इंडिया कॉस्मेटिक मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन आदि शामिल हैं।

# फरवरी में तीसरी बार बढ़े एलपीजी सिलेंडर के दाम

### इस महीने 100 रुपए महंगा हुआ रसोई सिलेंडर



**नई दिल्ली ।** रसोई गैस का सिलेंडर (एलपीजी) के दाम फिर बढ़ गए हैं। आईओसी ने फरवरी में 14.2 किलो वाले रसोई गैस सिलेंडर के दाम फरवरी में तीसरी बार बढ़ाए हैं! इसके पहले 4 फरवरी और 14 फरवरी को दाम बढ़ाए गए थे। दिसंबर में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी हुई थी। 1 दिसंबर को 594 रुपए से बढ़ाकर इसका दाम 644 किया गया था और फिर 15 दिसंबर को एक बार फिर इसकी कीमत 694 रुपए कर 6दी गई। यानी एक महीने के अंदर 100 रुपए बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन जनवरी में कीमतें नहीं बढ़ाई गईं। जनवरी में बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस (14.2 केजी) की कीमत 694 रुपए थी। फरवरी की शुरूआत में घरेलू गैस की कीमत में तो बढ़ोतरी नहीं की गई थी और यह अपनी पुरानी कीमत 694 रुपए में ही उपलब्ध हो रही थी। 1 फरवरी को कीमतों में बढ़ोतरी नहीं देखी गई, लेकिन 4 फरवरी को फिर से इसके दाम बढ़ाकर 719 रुपए कर दिए गए। यानी 25 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी और एक बार फिर 10 दिन के अंदर एलपीजी की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। गुरुवार को एक बार फिर इसके दाम 769 रुपये से बढ़ाकर 794 रुपए कर दिया गया है। जिसके बाद दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर का दाम 794 रुपए हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मजबूती के साथ खुले बाजार

मुंबई । विदेशी संस्थागत निवेशकों की जोरदार लिवाली से गुरुवार को बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स कारोबार की शुरूआत में 500 अंक से अधिक उछल गया । सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी कंपनियों में खरीदारी का जोर रहा । कारोबारियों के मुताबिक वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख का भी घरेलू बाजार को समर्थन मिला । बीएसई का 30-शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के शुरूआती दौर में 528.28 अंक उछलकर 51,309.97 अंक पर पहुंच गया । इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 161.45 अंक बढ़कर 15,143.45 अंक पर पहुंच गया । सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एक्सिस बैंक में सबसे ज्यादा करीब तीन प्रतिशत की बढ़त रही । उसके बाद इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी, कोटक बैंक, स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में भी बढ़त रही । इसके विपरीत नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और टेक महिन्द्रा के शेयरों में गिरावट का रुख रहा । पिछले कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स 1,030.28 अंक के उछाल के साथ 50,781.69 अंक और निफ्टी 274.20 अंक बढ़कर 14,982 अंक पर बंद हुआ था ।

### पियाजियो ने लॉन्च किए दो नए इलेक्ट्रिक रिक्शा

नई दिल्ली । पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने भारत में अपने एफएक्स रेंज (फिक्स्ड बैटरी) के दो इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों को लॉन्च कर दिया है । इनमें आपे ई-सिटी और आपे ई एक्सट्रा शामिल हैं । इन नए इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहनों में फिक्स्ड बैटरी पैकअप दिया गया है । इनका पैसेंजर और कार्गो दोनों ही सेगमेंट के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है । ये दोनों ही इलेक्ट्रिक वाहनों में फिक्स्ड बैटरी दी गई है, जिससे ग्राहकों को इनमें फेम क्कसब्सिडी भी मिलेगी । कंपनी ने अपनी आपा ई-एक्स सिटी एफ एक्स की एक्स-शोरूम कीमत 2.84 लाख रुपये रखी है । वहीं, आपे ई-एक्सट्रा एफ एक्स की कीमत 3.12 लाख रुपये है । इन दोनों ही वाहनों के एक्स-शोरूम कीमतों में केरल शामिल नहीं है । पियाजियो की पहली इलेक्ट्रिक ऑटो आपा ई-सिटी की भारत में पहले से ही बिक्री हो रही है । कंपनी ने इसे भारतीय बाजार साल भर पहले इसे भारतीय बाजार में लॉन्च किया था । इस मॉडल में स्वेपेबल बैटरी मिलती है । कंपनी का कहना है कि बढ़ती मांग के कारण नए इलेक्ट्रिक ऑटो को फिक्स्ड बैटरी के साथ लॉन्च किया गया है । कंपनी भारत में आपे ई-सिटी की बिक्री जारी रखेगी । नए आपे ई-सिटी एफ एक्स इलेक्ट्रिक रिक्शा में 7.5 किले की क्षमता के साथ 48-वोल्ट की लिथियम-ऑयन बैटरी दी गई है । इसमें पावर के लिए 5.44 केडब्ल्युएच का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जो 7.3 बीएचपी मैक्सिमम पावर और 29 एनएम पीक टॉर्क जेनरेट करता है । इस इलेक्ट्रिक रिक्शा में 45 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड दी गई है । वहीं, यह सिंगल फुल चार्ज पर बिना रुके 110 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है । नएआपे ई-एक्सट्रा एफएक्स इलेक्ट्रिक रिक्शा में 8 केडब्ल्युएच की लिथियम-ऑयन बैटरी दी गई है । इसमें पावर के लिए 9.55 केडब्ल्युएच का इलेक्ट्रिक मोटर दिया गया है, जो 12.8 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 45 एनएम पीक टॉर्क जेनरेट करता है । इस इलेक्ट्रिक रिक्शा में 45 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड दी गई है । वहीं, यह सिंगल फुल चार्ज पर बिना रुके 90 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है ।

### लैपटॉप रेडमी बुक प्रो 15 जल्द होगा लॉन्च

नई दिल्ली । चाइनीज कंपनी शाओमी जल्द ही रेडमी ब्रैंड के पहले लैपटॉप को लांच करने वाली है । बताया जा रहा है कि आगामी 25 फरवरी को चीन में रेडमी के40 सीरीज मोबाइल्स लॉन्च के मौके पर रेडमी के लैपटॉप रेडमी बुक प्रो 15 सीरीज से भी पर्दा उठाया जा सकता है । फिलहाल सोशल मीडिया साइट वैबो पर रेडमी बुक लैपटॉप का ऑफिशल पेज लाइव कर दिया गया है, जिसमें उसके डिजाइन के साथ ही कुछ स्पेसिफिकेशंस डीटेल के बारे में भी पता चल गया है । माना जा रहा है कि रेडमीबुक सीरीज में रेडमी बुक प्रो 15 और रेडमी बुक प्रो 15 एस जैसे लैपटॉप लॉन्च किए जा सकते हैं । रेडमी बुक प्रो 15 के डिजाइन की बात करें तो इसमें एंगुलर अल्यूमिनियम बॉडी के साथ थीन बेझेल डिस्प्ले हो सकता है । इसमें यूएसबी टाइप-सी और एचडीएमआई कनेक्टर के साथ ही बड़ा ट्रैकपैड देखने को मिलेगा । रेडमी बुक प्रो को 14 और 15 इंच स्क्रीन साइज में लॉन्च किया जा सकता है और इसमें 11वी जनरेशन इंटेल कोर प्रोसेसर और एनविडीया गेफोर्स एमएक्स450 ग्राफिक्स कार्ड लगा होगा । रेडमी बुक प्रो 15 की स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो इसे 8जीबी और 16जीबी रैम के साथ ही 512 जीबी और 1टीबी स्टोरेज ऑप्शन में लॉन्च किया जा सकता है । रेडमीबुक प्रो की बाकी खूबियों के बारे में अगले हफ्ते पता चल जाएगा और फिर इस लैपटॉप के लॉन्च डेट की जानकारी भी सार्वजनिक कर दी जाएगी । आपको बता दूं कि फिलहाल शाओमी के एमआई ब्रैंड के लैपटॉप की भारत में खूब बिक्री होती है और इसे किफायती दाम में अच्छे फीचर्स के साथ स्टूडेंट्स और प्रफेशनल्स के लिए लॉन्च किया गया है ।

# अलायंस एयर बिलासपुर से दिल्ली विमान सेवा शुरू करेगी



**मुंबई ।** एयर इंडिया की क्षेत्रीय अनुषंगी अलायंस एयर एक मार्च से मध्य प्रदेश के बिलासपुर से दिल्ली के लिए अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। इसमें जबलपुर या इलाहाबाद के रास्ते उड़ान का विकल्प रहेगा। अलायंस एयर ने कहा कि नए मार्ग पर सप्ताह में चार उड़ानें सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) के तहत शुरू की जा रही हैं। एयरलाइन इस मार्ग पर 70 सीटों वाला एटीआर 72-600 विमान इस्तेमाल करेगी।

# अब दूध भी हो सकता है महंगा



**मुंबई ।** पेट्रोल, डीजल एलपीजी गैस, सब्जी, के बाद अब दूध भी महंगा होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार एक मार्च से दूध की कीमत 12 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ सकती है। दरअसल हाल ही में दुग्ध उत्पादक संघ की एक बैठक हुई थी, जिसमें दूध के उत्पादकों ने दाम बढ़ाने पर जोर दिया। दलील दी गई कि बढ़ती महंगाई की वजह से पशुओं का चारा भी बहुत महंगा हो गया है। यातायात शुल्क में भी बढ़ोतरी हो गई है जिसका असर पशुओं की कीमत पर भी पड़ रहा है। बैठक में कहा गया कि एक अच्छी भैंस खरीदने के लिए 1 से 1.5 लाख रुपयों तक की जरूरत होती है जिसकी वजह से पशुपालन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। बैठक के बाद ऐसी संभावना जताई जा रही है कि दूध की कीमत 12 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ सकती है। एक दुग्ध उत्पादक ने कहा कि पिछले साल कोरोनावायरस के कारण कीमतें नहीं बढ़ाई गईं. लेकिन अब पशु चारा काफी महंगा पड़ रहा है। दूध उत्पादकों ने साफ कर दिया है कि अगर दूध के दाम नहीं बढ़ाए गए तो दूध की आपूर्ति रोक देंगे।

# सेबी ने मान्यता प्राप्त निवेशक धारणा के प्रस्ताव पर राय मांगी



**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति बाजार में मान्यता प्राप्त निवेशक धारणा के प्रस्ताव पर संबंधित पक्षों से टिप्पणी मांगी। सेबी ने परामर्श पत्र में निर्धारित प्रारूप में 18 मार्च, 2021 तक टिप्पणी देने को कहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार मान्यता प्राप्त निवेशक या पात्र निवेशक अथवा पेशेवर निवेशक वे हैं, जिन्हें विभिन्न वित्तीय उत्पादों की समझ है और उससे जुड़े जोखिम तथा रिटर्न को समझते हैं। ऐसे निवेशक अपने निवेश के बारे में सोच-समझकर निर्णय करने में सक्षम होते हैं और कई प्रतिभूतियों तथा वित्तीय बाजार नियामक इसे मान्यता देते हैं। मान्यता प्राप्त निवेशक धारणा निवेशकों और वित्तीय उत्पाद या सेवा प्रदाताओं के लिए लाभदायक हो सकती है। मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए रूपरेखा का प्रस्ताव करते हुए सेबी ने भारतीय और प्रवासी भारतीय तथा विदेशी इकाइयों के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किया है। भारतीय व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार और परिवार ट्रस्ट के लिए सेबी ने 2 करोड़ रुपए या उससे अधिक सालाना आय या कम-से-कम 3.75 करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्ति के साथ 7.5 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक नेटवर्थ रखा गया है। ऐसी इकाइयां जिनकी सालाना आय एक करोड़ रुपए या उससे अधिक हो तथा कम-से-कम 2.5 करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्तियों के साथ नेटवर्थ 5 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो, वे भी इसके लिए पात्र होंगी। इसी प्रकार ट्रस्ट और कंपनियों

# पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर

**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम दो दिन पहले 35-35 पैसे बढ़ गए थे। देश की राजधानी दिल्ली में 1 जनवरी से अब तक पेट्रोल 7.12 रुपए महंगा चुका है। ऐसे ही डीजल 7.45 रुपए महंगा हो चुका है। नए साल से अब तक 24 किस्तों में पेट्रोल और डीजल के दाम में इजाफा हुआ है। दिल्ली में 25 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 90.93 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव 81.32 रुपए प्रति लीटर पर है। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 97.34 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.44 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.12 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.20 रुपए प्रति लीटर हैं।

# सोना गिरावट के साथ खुला

## 46500 रुपए से नीचे आकर संभला



**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमत में गिरावट से स्थानीय बाजार में सोना गिरावट के साथ खुला और इसका भाव 46500 रुपए से नीचे आ गया, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें तेजी आई। एमसीएक्स पर अप्रैल डिलीवरी वाला सोना गुरुवार को 99 रुपए की गिरावट के साथ खुला। सुबह साढ़े 11 बजे यह 95 रुपये की तेजी के साथ 46617 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। सुबह के सत्र में इसने 46617 रुपए का उच्चतम और 46423 रुपए का न्यूनतम स्तर छू लिया। जून डिलीवरी वाला सोना भी 37 रुपए की तेजी के साथ 46714 रुपए पर चल रहा था। इसी तरह मार्च डिलीवरी वाली चांदी 982 रुपए की तेजी के साथ 70525 रुपए प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। वैश्विक बाजारों में बिकवाली और रुपए की विनिमय दर में सुधार के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 148 रुपए की गिरावट के साथ 46,307 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,455 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 886 रुपए घटकर 68,676 रुपए प्रति किलो रह गई जिसका पिछला बंद भाव 69,562 रुपए किलो था।

# बाउंस बैक स्क्रिप्टिंग में फाइनेंशियल प्लानिंग की भूमिका के बारे में बताता है एचडीएफसी लाइफ का लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन

» मदरलैंड संवाददाता



अंबाला। भारत के प्रमुख जीवन बीमाकताओं (लाइफ इंश्योरर्स) में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने हाल ही में अपना लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, बाउंस बैक लॉन्च किया है। किसी व्यक्ति के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए फाइनेंस महत्वपूर्ण योगदान देकर चीजों को आसान बनाता है और सफलता की ओर अग्रसर होता है। पिछला वर्ष महामारी और दुनियाभर में जीवन को प्रभावित करने वाला वर्ष था। हमें विभिन्न स्तरों पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, मानवीय विचारधारा भी मजबूती से सामने आई। भारी परिस्थितियों के बावजूद लोगों ने बदलती परिस्थितियों के अनुकूल दृढ़ संकल्प के माध्यम से इन चुनौतियों पर काबू पा लिया। इसका विज्ञापन एक दंपत्ति की कहानी पर केंद्रित है, जो सफलता के शिखर पर उनके विकास की यात्रा की याद दिलाता है, जब पति अपनी नौकरी खो देने के बाद एक नए रिटेल स्टोर ह्यफैशन हाउसह्न की शुरूआत करता है। उस समय परिवार अपने सबसे निचले स्तर पर रहता है, और उनका दृढ़ संकल्प और वित्तीय तैयारी उन्हें नई उड़ान भरने में मदद करती है। इस प्रकार, ब्रांड ने एक प्रासंगिक विषय को छुआ है। यह सभी लोगों को अपनी असफलताओं को सफलता में बदलने के लिए प्रेरित करता है और वित्तीय रूप से तैयार होने के लिए प्रोत्साहित करता है। लॉन्च पर बात करते हुए, एचडीएफसी लाइफ के सीनियर ईवीपी (सेल्स) और सीएमओ, पंकज गुप्ता कहते हैं, ह्लमहामारी ने हम सभी को कठोरता से परखा है, जिससे देश-दुनिया में अनिश्चितता का माहौल बना गया है। इसके चलते व्यक्तिगत आत्मविश्वास में कमी आई है और वित्तीय असुरक्षा की भावना में बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय असफलताओं से स्वयं का बचाव करने के लिए जीवन बीमा का महत्व मानव इतिहास की इस अवधि के दौरान प्रबल रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समय ने हमें सिखाया है कि परिवार का महत्व और हमारे परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने की कितनी आवश्यकता है। हमारा लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन मानवीय भावनाओं को उजागर करता है और वित्तीय तैयारी चुनौतियों को दूर करने में मदद करती है। इसके अलावा, दक्षिण एशिया लियो बर्नेट के सीईओ तथा चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, राजदीपक दास कहते हैं, ह्लपिछले साल ने सभी को एहसास कराया कि असफलताएं अप्रत्याशित रूप से कभी-भी आपके सामने आ सकती हैं। लेकिन ये कठिन समय, बेहतर भविष्य की धुरी का अवसर भी प्रस्तुत करते हैं। हालाँकि, इन परिवर्तनों को अपनाने का एकमात्र तरीका वित्तीय सुरक्षा और बेहतर नियोजन है। यह विचार हमारी फिल्म में मार्मिक रूप से सामने आया है, जो एक दंपत्ति की सफलता की कहानी को बयान करता है और हमें उस समय में ले जाता है, जब अप्रत्याशित बाधा ने उनके जीवन को घेर लिया और कैसे वे इससे किस तरह बाहर आए, यह बताता है। यह कैम्पेन, ब्रांड के ह्यबाउंस बैकह्न का उत्तम विस्तार है और यह भारतीय भावना की स्थिरता की ओर इशारा करता है।

# लिवाइज ने दीपिका पादुकोन को अपना ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर बनाया

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ : 85 सालों से ज्यादा समय से महिलाओं के लिए परफेक्ट जीन्स बनाना लिवाइज का जुनून है। इस ब्रांड ने 1873 में ओरिजनल ब्लू जीन का अविष्कार किया, फिर आईकोनिक 501 एवं 1934 में महिलाओं के लिए पहली ब्लू जीन बनाई। इसने महिलाओं के फैशन में सदैव नवक्रांति लाई और इसका यह सफर आज भी जारी है। आज भी यह ब्रांड पूरी दुनिया में उतना ही प्रासंगिक है और फैशन फिट्स की नई श्रृंखला प्रस्तुत करते हुए स्टाईल पर निरंतर अपना वर्चस्व बनाए हुए है। क्वालिटी एवं कम्फर्ट में ब्रांड के डीएन, के अनुरूप आधुनिक फैशन की नई श्रृंखला द्वारा नई पीढ़ी की महिलाओं को आकर्षित करने के लिए लिवाइज अपने सफर में अगला कदम बढ़ा रहा है। लिवाइज. को अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अभिनेत्री और ग्लोबल फैशन एवं यूथ आईकन, दीपिका पादुकोन के साथ अपनी सामरिक साझेदारी की घोषणा करने पर गर्व है। पादुकोन लिवाइज की ओर से फैशन फिट्स की संपूर्ण नई श्रृंखला के लिए नए अभियान का नेतृत्व करते दिखेंगी। इस सहयोग के विषय में दीपिका पादुकोन ने कहा कि ब्रांड ने विश्वसनीयता, ओरिजनलिटी एवं ईमानदारी के मूल्यों का विकास किया है और यही मूल्य मेरी भी पहचान हैं। लोगों को शायद नहीं पता होगा कि मैं हमेशा से जीन्स और टी-शर्ट वाली लडकी रही हूँ। जीन्स में न केवल मुझे आराम महसूस होता है, बल्कि मेरा आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। दुनिया के सबसे आईकोनिक ब्रांड, लिवाइज के साथ सहयोग करने की मुझे खुशी है। दीपिका पादुकोन को ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर बनाने के विषय में संजीव मोहंती, मैनेजिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया एवं मेना- लिवाइज ने कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं। दीपिका का व्यक्तित्व साहस, विश्वसनीयता, सच्चाई एवं अडिगता का बेहतरीन संतुलन है, जो हमारे ब्रांड के मूल्यों के अनुकूल है। वो न केवल स्टाईल की प्रतिमा हैं, बल्कि पूरी दुनिया के युवाओं और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं। हमारे साथ उन्हें लाकर हमें विश्वास है कि यह ब्रांड और ज्यादा मजबूत होगा, खासकर इस समय जब हम महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करने पर केंद्रित हो रहे हैं।

लिवाइज के लिए यह साल स्टेटमेंट-मेकिंग शेप, जैसे हाई-राईज, ऑन-ट्रेंड लूज फिट्स एवं रनवे रिटर्निंग वाईड-लेग बॉटम्स का है। लिवाइज के फैंस को फैशन की नई हाई लूज रेंज के साथ इस समय में फैशन फिट्स की नई मूमेंट रेंज खरीदने को मिलेगी और साथ ही वो अपने चहेते बूटकट एवं माईल-हाई फिट्स भी खरीद सकेंगे।हमारी वाटरलेस टेक्नॉलॉजी, जो फिनिशिंग की प्रक्रिया में 20 अलग-अलग मैनुफैक्चरिंग तकनीकों द्वारा 96 प्रतिशत तक पानी बचाती है, अब तक 3 बिलियन लीटर से ज्यादा पानी बचा चुकी है और 5 बिलियन लीटर पानी रिसाईकल कर चुकी है।

इस श्रृंखला में टेंसेल की भी शुरूआत हो रही है।


टेंसेल एक अत्यधिक सतत एवं बहुत मुलायम फैब्रिक है, जो रिसाईकल की गई लकड़ी की गूदी और यूकेलिप्टस एवं स्प्रूस के जंगलों से सतत रूप से प्राप्त की गई लकड़ी से बनाया गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# 2 दिन में इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया

**अहमदाबाद।** दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 2 दिन में ही 10 विकेट से शिकस्त दी। 144 साल के इतिहास में 22वीं बार कोई टेस्ट 2 दिन में खत्म हुआ है। भारत का यह दूसरा टेस्ट है, जो दो दिन में खत्म हुआ है। इससे पहले भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को बेंगलुरु टेस्ट में 2 दिन में हराया था। वहीं, इंग्लैंड के 12 टेस्ट दो दिन में खत्म हुए हैं। नए बने अहमदाबाद के इस स्टेडियम में यह पहला इंटरनेशनल मैच खेला गया। इसकी पिच को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ था। टीम इंडिया मैच में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर और इंग्लैंड 3 स्पेशलिस्ट पेसर के साथ उतरी थी। हालांकि, इंग्लिश टीम का यह फैसला गलत ही साबित हुआ। मैच में कुल 30 विकेट गिरे, जिसमें से स्पिनर्स ने 28 विकेट लिए। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था। यहां भारत की 3 स्पिनर्स वाली रणनीति कामयाब रही और उसने इंग्लैंड को 112 रन पर समेट दिया। स्पिनर अक्षर पटेल ने 6 और रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिए। पहली पारी में भारत ने शुरूआत तो सधी हुई की, लेकिन टीम बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं रही। इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के साथ खेलने वाली रणनीति कामयाब नहीं रही। स्पेशलिस्ट स्पिनर जैक लीच ने 4 और पार्ट टाइम स्पिनर कप्तान जो रूट ने 5 विकेट लिए। इसके बदौलत भारतीय टीम 145 रन पर ऑलआउट हुई। टीम को 33 रन की बढ़त मिली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने पहले ही ओवर में बिना खाता खोले 2 विकेट




गंवा दिए थे। टीम 81 रन पर सिमट गई। यह भारत के खिलाफ उसका अब तक का सबसे छोटा स्कोर रहा। स्पिनर अक्षर ने 5 और अश्विन ने 4 विकेट लिए। उसने मैच जीतने के लिए भारत को 49 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में टीम इंडिया ने बिना विकेट गंवाए 49 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। अक्षर एक डे-नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा 11 विकेट लेने वाले बॉलर अक्षर पटेल एक डे-नाइट टेस्ट (दोनों पारी) में सबसे ज्यादा 11 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और वेस्टइंडीज के देवेंद्र बीशू 10-10 विकेट ले चुके हैं। अक्षर लगातार 3 पारियों में 5 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन सबसे तेज 400 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दूसरी पारी में अब तक 3 विकेट ले लिए हैं। उन्होंने 77वें टेस्ट में करियर के 400 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए। अश्विन सबसे तेज 400 विकेट लेने वाले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के बाद दूसरे गेंदबाज बन गए। मुरलीधरन ने 72वें टेस्ट में 400 विकेट पूरे किए थे। टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेजी से 400 विकेट तक पहुंचने का भारतीय रिकॉर्ड पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले के नाम था। कुंबले ने 85वें टेस्ट में 400 विकेट पूरे किए थे। अश्विन ने अपने 400 में से 222 विकेट कैच आउट के रूप में लिए हैं। उन्होंने 85 खिलाड़ियों को बोल्ड और 84 प्लेयर को छइह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का टीकाकरण मार्च से

नई दिल्ली। आगामी टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को कोविड-19 के लिए अगले माह मार्च के अंत से टीके लगने शुरू हो जाएंगे। खेल मंत्रालय ने इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय से क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों और उनके कोचों को प्राथमिकता सूची में रखने को कहा है। खेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार उन्होंने इसके लिए एक खाका तैयार कर लिया है तथा स्वास्थ्य मंत्रालय से मंजूरी मिलने पर उन्होंने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के टीकाकरण अगले महीने से शुरू करने की योजना बनायी है। एक अधिकारी ने कहा, ''खेल मंत्रालय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता सूची में रखने का आग्रह किया है। हमने खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के दो चरणों में होने वाले टीकाकरण के लिये पहले ही योजना तैयार कर ली है।'' उन्होंने कहा, ''अभी हम स्वास्थ्य मंत्रालय के जवाब का इंतजार कर रहे हैं। जब भी हमें उनकी तरफ से मंजूरी मिलेगी हम अपनी योजना पर अमल करना शुरू कर देंगे।अभी तक भारत के 74 खिलाड़ियों ने टोक्यो में 23 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई किया है।

### अगले माह दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ओमान के खिलाफ अगले माह 25 मार्च और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ 29 मार्च को एक दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि ये दोनो ही मैच दुबई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने नवंबर 2019 के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई मैच नहीं खेला है।उसने तब फीफा विश्व कप 2022 के क्वालीफायर्स में अफगानिस्तान और ओमान का सामना किया था। भारत ने अब तक क्वालीफायर्स में जो पांच मैच खेले हैं उनमें उसने तीन अंक ही मिले हैं। ओमान और यूएई के खिलाफ मार्च में होने वाले मैचों की तैयारियों के लिये राष्ट्रीय टीम 15 मार्च से शिविर में भाग लेगी। यह शिविर भी मुख्य कोच इगोर स्टिमाक की देखरेख में दुबई में ही आयोजित किया जाएगा जिससे खिलाड़ी हालातों से तालमेल बिठा सके

### टोक्यो ओलंपिक बैडमिंटन क्वालिफिकेशन क्वालिफिकेशन अवधि बढ़ी

कुआलालम्पुर। विश्व बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण हुए नुकसान को देखते हुए ही टोक्यो ओलंपिक बैडमिंटन क्वालिफिकेशन विंडो को 15 जून तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। वहीं क्वालिफिकेशन अवधि पहले 25 अप्रैल को समाप्त होनी थी। बीडब्ल्यूएफ के मुताबिक सिंगापुर ओपन इवेंट क्वालिफिकेशन के लिए अंतिम टूनार्मेंट होगा और इसे भी एक से छह जून की नई तारीखों के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा मलेशिया ओपन, जिसे शुरूआत में 31 मार्च से चार अप्रैल के लिए निर्धारित किया गया था, को वापस 25 से 30 मई तक कर दिया गया है जबकि अप्रैल में निर्धारित मलेशिया मास्टर्स को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। बीडब्ल्यूएफ ने अपने एक बयान में कहा कि मलेशिया ओपन और सिंगापुर ओपन के लिए नई तारीखें निर्धारित करने के साथ-साथ बीडब्ल्यूएफ ने इंडोनेशिया मास्टर्स 2021 और इंडोनेशिया ओपन 2021 के स्थगित होने की भी पुष्टि की है। नियत समय में इन टूनार्मेंटों के लिए प्रतिस्थापन तारीखों की घोषणा की जाएगी। बीडब्ल्यूएफ टोक्यो 2020 योग्यता प्रणाली को अपडेट करने के लिए अंतररष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ काम कर रहा है, जिसके तहत आईओसी द्वारा औपचारिक अनुमोदन के बाद अंतिम अद्यतन नियम साझा किए जाएंगे। ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट की तैयारी जारी रहेगी, क्योंकि योनेक्स स्विस ओपन 2021 (दो से सात मार्च) और योनेक्स ऑल इंग्लैंड ओपन 2021 (17 से 21 मार्च) के साथ अंतररष्ट्रीय बैडमिंटन फिर से शुरू होने के लिए तैयार है।

### बायो बबल पर अफरीदी ने सवाल उठाए

करांची। कोरोना महामारी के कारण अब सभी क्रिकेट मुकाबले बायो बबल (जैव सुरक्षा) के घेरे में हो रहे हैं। इस पर कई दिग्गज खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं। इसी कड़ी में अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी भी शामिल हो गये हैं। इस समय पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेल रहे अफरीदी ने आईसीसी के बायो बबल के नियमों पर अपनी आपत्ति जताई है। अफरीदी ने आईसीसी को बायो बबल नियम को लेकर ट्विटर पर सवाल भी किया है। अफरीदी ने ट्विटर पर आईसीसी को टैग करते हुए सवाल किया कि मैं हैरान हूं कि मैच में अंपायर्स को गेंदबाजों की कैप पकड़ने की इजाजत नहीं है जबकि दोनों ही एक बायो बबल में रहते हैं और मैच के बाद हाथ भी मिलाते हैं। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी को आईसीसी के इस नियम पर ऐतराज है कि जब खिलाड़ी और अंपायर दोनों ही एक ही बायो बबल सुरक्षा में रहते हैं तो मैच में अंपायर गेंदबाजों की कैप क्यों नहीं पकड़ सकता है। वहीं मैच के बाद खिलाड़ी अंपायर से हाथ मिला सकते हैं उस पर आईसीसी को कोई आपत्ति नहीं है, जो समझ में नहीं आ रहा। यही वजह है कि अफरीदी ने आईसीसी के इस नियम को लेकर सवाल उठाये हैं। पाक में टी20 लीग पीएसल के छठे सीजन का आयोजन हो रहा है। इस लीग के दौरान आईसीसी के बायो बबल नियम की पालना करना बहुत जरूरी है। पीएसएल की शुरूआत से पहले ही एक पाक खिलाड़ी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई थी। इसलिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बायो बबल नियम का सख्ती से पालन करने के आदेश दिये हैं।

## अश्विन का ध्यान भंग करने में विफल रह स्टोक्स

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में दिन-रात्रि के टेस्ट में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के बड़ी पारी खेलने की उम्मीदों पर भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और स्पिनर आर अश्विन ने पानी फेर दिया। ऑलराउंडर स्टोक्स ने बल्लेबाजी के दौरान अश्विन का ध्यान भंग करने का भी प्रयास किया। अश्विन जैसे ही आगे बढ़े, स्टोक्स ने उन्हें हाथ दिखाते हुए रोक दिया। स्टोक्स की कोशिश थी कि इससे अश्विन का ध्यान भंग किया जाए पर ऐसा हुआ नहीं। स्टोक्स ने जैसे ही अश्विन को रोका, स्लिप में खड़े विराट कोहली स्टोक्स के करीब आए और उन्हें समय बर्बाद नहीं करने को कहा। भारतीय कप्तान की यह बात स्टंप माइक में रिकॉर्ड हो गई. जिसमें वे स्टोक्स को कहते नजर आ रहे हैं कि आप समय बर्बाद न करें। इसके बाद स्टोक्स ज्यादा समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाये और 24 गेंदों पर ही 6 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें स्पिनर अक्षर पटेल ने पेवेलियन भेजा।

## स्टोक्स को गेंद पर लार लगाने के कारण अंपायर ने दी चेतावनी

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को यहां यहां भारतीय टीम के खिलाफ दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद पर लार लगाने के कारण अंपायर ने चेतावनी दी। कोरोना महामारी को देखते हुए आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगाई हुई है। इस नियम का उल्लंघन करने पर चेतावनी के साथ ही अंतिम विकल्प के तौर पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। स्टोक्स को मैच के दौरान गेंद पर लार लगाते हुए देखा गया



जिसके बाद गेंद को सैनिटाइज करना पड़ा। यह घटना 12वें ओवर के अंत में हुई जब स्टोक्स गेंद को चमकाने के लिये लार का इस्तेमाल करते दिखे जिससे अंपायर नितिन मेनन ने उन्हें फिर यह गलती न करने आगाह किया। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पिछले साल जून में कोविड-19 महामारी के चलते गेंद को चमकाने के लिये लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईसीसी के कोविड-19 दिशानिर्देशों के अंतर्गत एक टीम को प्रत्येक पारी में दो बार चेतावनी दी जा सकती है लेकिन गेंद पर बार बार लार लगाने की हालत में पांच रन की पेनल्टी लगेगी जो बल्लेबाजी कर रही टीम को मिलेंगे। इसके साथ ही गेंद को सैनिटाइज करने का भी नियम रखा गया है।

## अरूण कुमार ने अल्ट्रा-मैराथन रेस पूरी कर रिकार्ड बनाया

**मुंबई।** अरूण कुमार भारद्वाज ने मुंबई-नासिक-पुणे अल्ट्रा-मैराथन रेस पूरी कर एक नया रिकार्ड बनाया है। अरूण ने महाराष्ट्र के तीन बड़े शहरो में लगातार 166 घंटे दौड़ कर 560 किलोमीटर की रेस पूरी की। अरूण ने पिछले कई सालों में कई लंबी रेस की दौड़ों में भाग लिया है और कई खिताब हासि किये हैं। इस बार अरूण का दौड़ में भाग लेने का लक्ष्य लोगों के बीच में स्वस्थ्य जीवन को लेकर संदेश फैलाना था। अरूण ने कहा कि भारत में दौड़ को लेकर पिछले कुछ सालों से चलन शुरू हुआ है। लोगों में संदेश देने के साथ ही स्वास्थ्य और फिटनेस, अल्ट्रा-मैराथन रन हमारे भविष्य के एथलीटों की सहायता करेंगे जो ओलंपिक में जगह पाने के लिए वे तैयारी कर रहें हैं। मैं रनिंग इसलिए करता हूं ताकि लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रेरित कर सकूं। बतौर एक अल्ट्रा मैराथॉन रनर होने मैंने दिन-ब-दिन कई सौ किलोमीटर तक दौड़ चुका हूं। उनका सबसे बढ़िया शौक लेह के रास्ते कारगिल से कन्याकुमारी तक 4100 किलोमीटर की दौड़ है जिसे पूरा करने में उन्हें दो महीने लगे। अरूण भारद्वाज ने लंबी दूरी की दौड़ के कई खिताब जीते हैं।

## टीवी अंपायर के फैसले पर फिर उठा विवाद

**अहमदाबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच यहां मोटेरा स्टेडियम में खेले जा रहे दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट मैच में एक बार फिर टीवी अंपायर के फैसले पर विवाद हुआ है। वहीं इससे पहले चेन्नई में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी टीवी अंपायर के कई फैसलों पर विवाद हुआ था। भारतीय पारी के दूसरे ही ओवर में मैदानी अंपायर अनिल चौधरी ने शुभमन गिल को आउट दिया पर टीवी अंपायर ने




रिप्ले देखने के बाद फील्ड अंपायर के फैसले को पलट दिया। टीवी अंपायर सी शम्सुद्दीन ने एक ही फ्रेम को देखकर अपना निर्णय दे लिया हालांकि सॉफ्ट सिग्नल के नियम के अनुसार फील्ड अंपायर के निर्णय को पलटने के लिए ठोस सबूत होने चाहिए। टीवी अंपायर के फैसले के बाद इंग्लैंड टीम के कप्तान जो रूट सहित सभी खिलाड़ियों ने नाराजगी व्यक्त जाहिर की। भारतीय पारी के दूसरे ओवर में ब्रॉड की चौथी गेंद पर शुभमन का कैच स्लिप में स्टोक्स ने पकड़ा। अंपायर ने इसे आउट दिया क्योंकि वे पूरी तरस से तय नहीं थे कि स्टोक्स ने गेंद को सही से पकड़ा है या नहीं। इसके बाद फील्ड अंपायर ने अंतिम निर्णय के लिए टीवी अंपायर का सहारा लिया।टीवी रिप्ले में साफ दिखा रहा था कि स्टोक्स ने जब गेंद पकड़ी थी जब उनके हाथ गेंद के नीचे नहीं थे पर नियम के अनुसार टीवी अंपायर को अलग-अलग एंगल से इसे देखना चाहिए था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने टीवी अंपायर के जल्द फैसले पर सवाल उठाए।

## अक्षर और अश्विन की फिरकी चली-तीसरा टेस्ट: इंग्लैंड को 112 रनों पर समेटा


**अहमदाबाद।** अक्षर पटेल ओर अश्विन की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यहां दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट में मेहमान इंग्लैंड को पहली पारी में 112 रनों पर ही समेट दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 99 रन बना लिए है। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 57 और अजिंक्य रहाणे एक रन बनाकर क्रीज पर है। भारत को भी शुरूआत में गेंदबाजों का सामना करने में कठिनाई हुई। जोफरा आर्चर ने शुभमन गिल (11) को कैच आउट कराया। इसके बाद चेतेश्वर पुजारा को जैक लीच ने पगबाधा आउट कर खाता भी नहीं खोलने दिया। कप्तान विराट कोहली भी कोई कमाल नहीं दिखा पाए। लीच ने उन्हें अपना दूसरा शिकार बनाया। कोहली ने 58 गेंदों का सामना करते हुए 3 चौकों की मदद से 27 रन बनाए। एक छोर पर रोहित ने अपना अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने शुरूआत में धीमा खेल दिखाया। लेकिन, बाद में तेजी से अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी 57 रनों की नाबाद पारी में 82 गेंदों का सामना करते हुए 9 बार गेंद को सीमारेखा के बाहर भेजा। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड टीम भारतीय स्पिनरों के सामने टिक नहीं पायी। घरेलू मैदान पर अक्षर ने 6 विकेट लिए। वहीं, अश्विन ने 3 और इशांत ने एक विकेट अपने नाम किया। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली के अर्धशतक (53) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। अश्विन इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को 17 रन पर आउट कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जॉनी बेयरस्टो भी शून्य पर आउट हो गए। बेयरस्टो को अक्षर ने अपना शिकार बनाया। भारतीय टीम को चौथी सफलता अक्षर पटेल ने दिलाई। अक्षर ने 53 रन बनाकर खेल रहे क्राउली को पगबाधा आउट किया। इंग्लैंड के 100 रन भी नहीं बने थे कि अश्विन ने मेहमान टीम को 8वां झटका देते हुए जैक लीच को पुजारा के हाथों कैच आउट करवा दिया। अश्विन की गेंद पर लीच स्लिप पर खड़े पुजारा के हाथों कैच हुए। अक्षर ने स्टुअर्ट ब्रॉड को आउट कर इंग्लैंड को 9वां झटका दिया। ब्रॉड का विकेट लेते ही अक्षर ने अपने नाम 5 विकेट भी कर लिए हैं और वह गुलाबी गेंद से यह उपलब्धि करने वाले पहले भारतीय स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। अक्षर ने बेन फोक्स को 12 रन पर आउट कर इंग्लैंड को 112 रनों पर समेट दिया।

## भारत में होगा घुड़सवारी विश्व कप क्वालीफायर

**नई दिल्ली।** 11 से 14 मार्च के बीच भारत में घुड़सवारी विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले होंगे। इसका आयोजन ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। इस टूनार्मेंट का आयोजन भारतीय घुड़सवारी महासंघ और इक्विविंग्स स्पोर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। भारत सहित सात अन्य देशों के प्रतियोगी भाग लेंगे जिसमें रूस, अमेरिका, बेलारूस, पाकिस्तान, सूडान और बहरीन शामिल हैं। इन 7 टीमों में से शीर्ष दो टीमें साल 2023 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालीफाई करेंगी। विश्व कप क्वालीफायर में तीन से 14 मार्च तक ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाला 'नोएडा होर्स शो' भी शामिल है।

## बायो-बबल तोड़कर विराट के करीब पहुंचने वाला प्रशंसक पकड़ाया


**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के साथ जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के करीब पहुंचने का प्रयास कर रहे एक प्रशंसक को पुलिस ने पकड़ा है। यह युवा सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास जाने का प्रयास कर रहा था। वहीं विराट इस प्रशंसक से बचते नजर आए। कोरोना महामारी को देखते हुए विराट ने उस युवक को दूर रहने के लिए कहा इसप वह जैसे ही वापस स्टैंड की तरफ भागने लगा, उसे सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। बाद में उसे दूसरे रास्ते से दूर कर दिया गया, जो रिलायंस एंड स्टैंड के पास था। कुछ और प्रशंसक बाद में उस ओर खड़े भी हो गए और देखने लगे कि सुरक्षाकर्मी उसके खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। स्टेडियम में तैनात एक सुरक्षाकर्मी ने कहा कि उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है। पकड़े गये क्रिकेट प्रशंसक की पहचान 21 साल के अजय ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 188 के तहत केस दर्ज कर लिया है। यह युवा बायो-सुरक्षा घेरा तोड़ने में सफल नहीं रहा।



यूईएफए यूरोपीय लीग मुकाबलों में टोटेनहम और वोल्फबर्जर के बीच मैच में गोल करने का प्रयास करते हुए अमेरिका के एलेक्स मोर्गन।

## विजय हजारे ट्रॉफी : कुमार देवव्रत के शतक से झारखंड की लगातार तीसरी जीत

**इन्दौर।** विजय हजारे ट्रॉफी वन-डे क्रिकेट टूनार्मेंट (एलिट ग्रुप-बी) के लीग मुकाबले कुमार देवब्रत (100) के शतकीय प्रहार से झारखंड ने विदर्भ को 3 विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में मेजबान मध्य प्रदेश ने तमिलनाडु को 14 रनों तथा पंजाब ने अपने तीसरे मुकाबले आंध्र को 7 विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। एसएस क्रिकेट कम्यून मैदान पर झारखंड ने कुमार देवव्रत (100) के शतकीय प्रहार के दम पर विदर्भ को 3 विकेट से शकिस्त दी। टॉस हारकर पहले खेलते विदर्भ ने संजय रघुनाथ रामास्वामी (82) व अक्षय वाडकर (76) की उम्दा अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 288 रनों का स्कोर किया। यश राठौड व आदित्य सरवटे ने 37-37 रनों का योगदान दिया। विकास सिंह ने सर्वाधकि 4 विकेट लिए, जबकि राहुल शुक्ला व बालकृष्णा को 2-2 सफलता मिली। जवाब में झारखंड ने कुमार देवब्रत (100) के शतकीय प्रहार, उत्कर्ष सिंह (49), विराट सिंह (38) व राजनदीप (48 रन नाबाद) की उम्दा पारियों के दम पर 49.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 294 रनों के साथ विजयी



लक्ष्य हांसिल कर लिया। कुमार देवव्रत ने 103 गेंदों में खेली अपनी शतकीय पारी में 12 चौके व 4 छक्के भी जड़े। राजनदीप के साथ बालकृष्णा 21 रन बनाकर नाबाद रहे। सौरभ दुबे ने 3 विकेट लिए। :: मध्य प्रदेश को नसीब हुई पहली जीत :: शुरूआती दो मुकाबले हारने के बाद मेजबान मध्य प्रदेश को बुधवार को होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे मुकाबले में जीत नसीब हुई, इस मुकाबले उसने तमिलनाडु को 14 रनों से शकिस्त दी। टॉस हारकर पहले खेलते हुए मध्य प्रदेश ने अपने घरेलू मैदान पर 48.2 ओवर में 225 रनों का स्कोर किया, कप्तान पार्थ सहानी व आदत्यि श्रीवास्तव ने 46-46 रनों का योगदान दिया, जबकि शुभम शर्मा 33, वैंकटेश अय्यर 22 व मो. अरशद खान 20 रन बनाकर आउट हुए। तमिलनाडु के लिए एम. मोहम्मद ने सर्वाधकि 3 विकेट लिए। जवाब में शाहरूख खान (67* रन) की नाबाद पारी के बावजूद तमिलनाडु की टीम विजयी लक्ष्य हांसिल नहीं कर सकी और 49 ओवर में 211 रनों पर धराशाही हो गई। म.प्र. ने यह मुकाबला 14 रनों से जीत लिया। कप्तान दिनेश कार्तिक ने 37 व इन्द्रजीत ने 32 रनों का योगदान दिया। शाहरूख खान ने 67 रनों की नाबाद पारी खेली। :: पंजाब ने आंध्र को 7 विकेट से हराया :: एमरल्ड हाइट्स के मैदान खेले गए एक अन्य मुकाबले में पंजाब ने आंध्र प्रदेश को 7 विकेट से शकिस्त दी। टॉस हारकर पहले खेलते हुए आंध्र प्रदेश की टीम 48.1 ओवर में 175 रनों पर सिमट गई, निथशि कुमार रेड्डी ने सर्वाधकि 30 रन बनाए, जबकि क्रांति कुमार 25, रिकी भुई 21 व करण शर्दि 27 रन बनाकर आउट हुए। आंध्र को समेटने में सिद्धार्थ कौल (4 विकेट) व बरिंदर सिंह सरन (3 विकेट) ने अहम भूमिका निभाई। मयंक को 2 व हरप्रीत को 1 विकेट मिला। जवाब में पंजाब ने कप्तान मंदीप सिंह (64*) के नाबाद अर्द्धशतक की बदौलत मात्र 36 ओवर में 3 विकेट खोकर 176 रनों के साथ जीत दर्ज की।

# 4 जून को रिलीज होगी फिल्म '83'

## रणवीर सिंह और दीपिका की है यह फिल्म



**मुंबई।** बालीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म '83' की रिलीज डेट सामने आ गई है। आगामी 4 जून को सिनेमाघरों में यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इसमें बालीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने साथ काम किया है। रणवीर सिंह ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। यह फिल्म हिंदी सहित कुल पांच भाषाओं में रिलीज होगी। जिनमें तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाएं शामिल हैं।

इस फिल्म की रिलीज डेट के ऐलान के बाद अब अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' के रिलीज होने के लिए अप्रैल में दरवाजे खुल गए हैं। रणवीर सिंह की फिल्म 83 का उन फिल्मों में से एक है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार था। रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन के जरिए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया है। ये खुशखबरी देते हुए उन्होंने कहा- '4 जून 2021। हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में। मिलते हैं सिनेमाहॉल में।' 83 की रिलीज डेट के ऐलान के बाद सुपरस्टार अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और अजय देवगन स्टारर फिल्म सूर्यवंशी की रिलीज डेट से जल्द पर्दा उठ सकता हैं।

बीते दिनों फिल्म से जुड़ी एक जानकारी सामने आई थी, जिसमें बताया गया कि 2 अप्रैल को ये फिल्म रिलीज की जा सकती है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस मेगा मूवी में अक्षय कुमार स्पोर्ट बाइक चलाने से लेकर हैलीकॉप्टर पर लटकने तक वो सारे खतरनाक एक्शन सीन्स करेंगे जिनके लिए वो जाने जाते हैं। आपको बता दें कि फिल्म सूर्यवंशी की रिलीज उस वक्त पोस्टपोन कर दी गई थी, जब देश में कोरोना का कहर काफी तेजी से बढ़ रहा था। फिल्म का ट्रेलर तभी रिलीज कर दिया गया था। लेकिन कोविड के चलते मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट रोक दी थी।

# तापसी-प्रतीक गांधी करेंगे एक साथ काम



अभिनेत्री तापसी पन्नू और अभिनेता प्रतीक गांधी नई फिल्म 'वो लड़की है कहां' में एक साथ नजर आने वाले हैं। यह पहली बार होगा जब दोनों को साथ में स्क्रीन स्पेस पर देखा जाएगा। इस फिल्म को अरशद सैयद द्वारा निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर द्वारा निर्मित किया जाएगा। इस खबर की पुष्टि करते हुए ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'तापसी और प्रतीक गांधी की नई फिल्म की घोषणा। दोनों एक साथ वो लड़की है कहां में नजर आएंगे, जो 2021 के आखिरी में शुरू होगा। इसको अरशद सैयद डायरेक्ट करेंगे और सिद्धार्थ रॉय कपूर प्रोड्यूस करेंगे।' वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय तपसी पन्नू के पास रश्मि रॉकेट, लूप लैपेटा, हसीन दिलरुबा, दोबारा और शाबाश मिठू जैसी अच्छी प्रोजेक्ट्स हैं। वहीं, प्रतीक 'स्केम 1932' में नजर आए थे।

# श्रीराम राघवन की अपकमिंग थ्रिलर फिल्म में दिखेगी कैटरीना कैफ-विजय सेतुपति की जोड़ी!

फिल्म अभिनेत्री कैटरीना कैफ के फैंस के लिए एक गुड न्यूज आई है। खबर है कि कैटरीना जल्द ही फिल्म ह्यअंधाधुनह्व के डायरेक्टर श्रीराम राघवन की अपकमिंग फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है फिल्म कैटरीना के संग साउथ के सुपरस्टार विजय सेतुपति उनके अपोजिट नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का क्या नाम है यह जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग अप्रैल से शुरू होगी। ये पहला मौका होगा जब बॉलीवुड की क्वीन कैटरीना कैफ और साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति की जोड़ी बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का नाम मैरी क्रिसमस होगा। ये फिल्म एक शॉर्ट फिल्म से प्रेरित है जिसकी कहानी पुणे की है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि श्रीराम 90 मिनट की फिल्म प्लान कर रहे हैं। यह स्टोरी ऐसे लिखी गई है कि इसमें इंटरवल की जरूरत भी नहीं होगी। फिल्म पुणे और कुछ हिस्सा मुंबई में शूट होगी और इसे 30 दिन से कम समय में पूरा कर लिया जाएगा।

आपको बता दें कि कैटरीना कैफ बॉलीवुड में अपनी एक खास जगह बना ली है। आज बॉलीवुड की सुपरस्टार में कैटरीना का नाम लिया जाता है। एक्ट्रेस ने एक से एक बेहतरीन फिल्म में एक्टिंग करके अपनी गहरी छाप छोड़ी है। बता दें कि कैटरीना कैफ को बॉलीवुड इंडस्ट्री में लगभग 15 साल हो चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। कैटरीना ने बॉलीवुड के तकरीबन सभी बड़े सितारों के साथ काम किये हैं। अभिनेत्री अपनी एक्टिंग के साथ साथ डांस को लेकर भी सराही जाती है।

कैटरीना कैफ की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'सूर्यवंशी' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ मुख्य भूमिका अदा करती दिखाई देंगी। इसके अलावा कैटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'फोन भूत' में भी नजर आने वाली हैं। 'फोन भूत' इस फिल्म का फर्स्टलुक जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में उनके अलावा सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टरके साथ नजर आएंगे।



एक शॉर्ट फिल्म से प्रेरित है जिसकी कहानी पुणे की है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि श्रीराम 90 मिनट की फिल्म प्लान कर रहे हैं। यह स्टोरी ऐसे लिखी गई है कि इसमें इंटरवल की जरूरत भी नहीं होगी। फिल्म पुणे और कुछ हिस्सा मुंबई में शूट होगी और इसे 30 दिन से कम समय में पूरा कर लिया जाएगा।

# रितेश के गाना 'घंटी' ने बजाई दिलों की घंटी

## गाने को महज 4 घंटे में मिले लाखों व्यूज

मुंबई। भोजपुरी सुपरस्टार रितेश पांडे का नया धमाकेदार गाना 'घंटी' आज रिलीज हुआ। रिलीज होते ही इस गाने ने लोगों के दिलों की घंटी बजाना शुरू कर दिया। यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। गाने के रिलीज होते ही रितेश के फैंस ने उनके इस गाने को सुपरहिट बना दिया है। गाने को महज 4 घंटे में 1,64,430 व्यूज मिल चुके हैं।

घंटी गाने की बात करें तो इसमें रितेश ने 'पत्नी की कथा और व्यथा' को अपने खास अंदाज में बताया है। इस गाने में नीलम गिरी फीचर कर रही हैं। आज सुबह 6 बजे गाने को रिलीज करते ही रितेश के फैंस ने इस गाने पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उनके फैंस को बहुत गाना बहुत पसंद आ रहा है। ये पहली बार नहीं है कि रितेश का गाना रिलीज होते ही वायरल हो गया। कल जो फाइनल पोस्टर जारी हुआ उसमें रितेश पांडे और नीलम गिरी देहाती पति-पत्नी के रूप में दिखाई दे रहे थे। गाने में रितेश पंडित की वेशभूषा में नजर आ रहे हैं और नदी के किनारे पूजा करते दिख रहे हैं। नीलम गिरी पीली साड़ी में बेहद सुंदर दिख रही है। वहीं रितेश पांडे लाल कुर्ता, पीताम्बर गमछा, पीली धोती पहने दिखाई दे रहे हैं। घंटी नामक इस गाने को रितेश पांडे और अंतरा सिंह प्रियंका ने गाया है जबकि इसको लिखा है जेडी बहादुर ने। इसका संगीत छोटू रावत ने तैयार किया है। परिकल्पना छोटन पांडे ने की है, डायरेक्टर रवि पंडित हैं।




कोरियोग्राफर राहुल रितिक, एडिटर दीपक रावत हैं। गौरतलब है कि इस गाने को प्रोमोट काफी यूनिक वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स द्वारा किया गया है। कुछ दिन पहले इस गाने का बिना नाम लिखा पोस्टर जारी किया गया था, उसके बाद टीजर जारी किया गया, जिसमें रितेश पांडे गंगा नदी में नाव पर खड़े दिखाई दिये। चेहरे पर दाढ़ी और माथे पर तिलक ने उनके लुक को एकदम डिफरेंट बना दिया है। धोती कुर्ता पहने और शॉल ओढ़े हुए रितेश पांडे एकदम गंभीर मुद्रा में प्रभावी दिख रहे थे। कल ये फाइनल पोस्टर जारी किया गया, जिसमें नाम लिखा है 'घंटी'।

# मनीष मल्होत्रा के साथ नजर आई रवीना

## याद किए उनके साथ बिताए पुराने दिन




**मुंबई।** फिल्म 'मोहरा' की एक्ट्रेस रवीना टंडन भी फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ कई प्रोजेक्ट्स में काम चुकी हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी स्टनिंग सेल्फी, थ्रोबैक फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। उन्होंने हाल में अपनी एक खास तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की है। वह इस फोटो में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के साथ नजर आ रही हैं। रवीना इस फोटो के कैप्शन में लिखती हैं, 'इतने सालों की एक खूबसूरत दोस्ती। आपके लिए सिर्फ प्यार।

'रवीना ने फिर से कई प्रोजेक्ट्स में काम करना शुरू कर दिया है। फिल्मों की शूटिंग की अनुमति मिलने के तुरंत बाद उन्होंने काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें कैमरे का जल्द ही सामना करना पड़ा। एक्ट्रेस ने लॉकडाउन के बाद सबसे पहले एक विज्ञापन फिल्म के लिए शूटिंग की, जिसके लिए उन्होंने खुद अपने बाल संवारे और मेकअप किया। इसके तुरंत बाद वह एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए पहाड़ों पर चली गईं और लंबे समय तक वहां रहीं और यहां तक कि वहीं त्योहार भी मनाए। काफी व्यस्तता के बावजूद उन्होंने परिवार के साथ समय बिताया। एक्ट्रेस जानवरों से बहुत प्यार करती हैं। हाल में उन्होंने लगभग 10 पपीज की जान बचाई थी। बता दें कि हाल ही में रवीना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने पिता के साथ भी एक पुरानी फोटो शेयर की थी। उन्होंने यह खास फोटो अपने पिता के जन्मदिन के मौके पर शेयर की थी। इस ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में रवीना काफी छोटी हैं और अपने पिता रवि टंडन के साथ दिख रही हैं। उन्होंने यह तस्वीर को शेयर करते हुए अपने पापा को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा, 'मेरा पहला प्यार, मेरे हीरो, मेरे इंस्पिरेशन, हैप्पी बर्थडे पापा, बहुत से शानदार साल जिंदगी के।

मालूम हो कि बॉलीवुड में अपने लंबे, सफल करियर के दौरान रवीना टंडन ने कुछ लोगों के साथ एक करीबी रिश्ता बनाया है, जो फिल्मों से उनके ब्रेक लेने के बाद भी बना रहा है। उनमें से एक हैं, उनके दोस्त और फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्र। बॉलीवुड के सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर फिल्म 'रंगीला' से अपने फैशन स्टाइल के लिए चर्चित हुए थे, जिसमें उन्होंने उर्मिला मातोंडकर के लिए ड्रेस तैयार की थी। इसके बाद उन्हें पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं हुई और वह रवीना के साथ-साथ बी-टाउन की शीर्ष एक्ट्रेस के साथ काम करने लग गए।

# फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' से बालीवुड में डेब्यू करेंगी इसाबेला कैफ

मुंबई। बॉलीवुड की सफल एक्ट्रेस कैटरीना कैफ की बहन इसाबेला कैफ ने अब फिल्मी दुनिया की ओर रुख किया है। वह फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर पुलकित सम्राट लीड रोल में हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन धीरज कुमार ने किया है। हाल ही में पूरी हुई इस फिल्म की शूटिंग की अक्सर तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रहती थी। इसाबेला कैफ खुद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी नई-नई फोटो और वीडियो करती रहती हैं। इसाबेल की फैन फॉलोइंग भी काफी है। इसाबेला कैफ भी अपनी बहन कटरीना की तरह काफी ग्लैमरस और खूबसूरत है। इसाबेला अक्सर अपनी बहन और बॉलीवुड स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ के साथ नजर आती है। सूत्रों के मुताबिक, इसाबेला फिल्म के सेट पर काफी उत्साहित रहती हैं। इसाबेल ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी दी। इसाबेल ने पुलकित सम्राट के साथ एक फोटो शेयर किया है। इसाबेला के को एक्टर पुलकित सम्राट भी उनकी तारीफ करते हैं। पुलकित ने कहा कि 'इसाबेला कैफ बहुत ज्यादा मेहनत करती थी और उनके साथ काम करके मजा आया'। फिल्म 'सुस्वागतम खुशामदीद' एक सामाजिक सरोकार के साथ दर्शकों का मनोरंजन भी करेगी। इस फिल्म में पुलकित दिल्ली के लड़के अमन की भूमिका में हैं तो इसाबेल आगरा की नूर की भूमिका में हैं। बता दें कि इस फिल्म के अलावा इसाबेला कैफ फिल्म 'टाइम टू डांस' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन स्टैंनली डिकोस्टा ने किया है। इस फिल्म में सूरज पंचोली की अहम भूमिका है।



# जैकी भगनानी को मिला दादासाहेब फाल्के अवार्ड



जैकी भगनानी को देश के नाम अपने गीत 'मुस्कुराएगा इंडिया' के लिए मनोरंजन के सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जैकी राष्ट्र के सबसे कम उम्र के निमार्ता हैं और उन्होंने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतकर हमें गौरवान्वित कर दियाहै। जैकी ने लॉकडाउन के दौरान जनता को उम्मीद की रोशनी और मुस्कुराहट देते हुए अपना ट्रैक 'मुस्कुराएगा इंडिया' रिलीज किया था। इस गाने को देश भर से बहुत सराहना मिली थी, क्योंकि भारत के कई पसंदीदा अभिनेताओं ने सामाजिक दूरी के सभी मानदंडों का पालन करते हुए अपने हिस्से को शूट किया था, जो इस महामारी के दौरान देश के लोगों के लिए आशा और प्रेरणा का एंथम बन गया है। इसका प्रभाव यह था कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राष्ट्र की भावना पैदा करने वाली इस पहल की सराहना की और इसे री-ट्वीट करते हुए साझा किया था।











